* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 मई, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 192

आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

इस माह के अंत तक 25 हजार शिक्षक होंगे नियुक्त : हेमंत

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड के इतिहास में पहली बार शिक्षा क्रांति में जुड़ा नया आयाम

80 उत्कृष्ट विद्यालय

प्रवेश प्रारंभ

का हुआ शुभारंभ

325 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालय | 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय

- अत्याधुनिक आधारभूत संरचना
- डिजिटल स्मार्ट क्लास
- CBSE मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम स्कूल
- सूचना प्रौद्योगिकी का मजबूत ढांचा
- विज्ञान एवं भाषा लैब्स
- राष्ट्रीय स्तर का खेल प्रशिक्षण

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 296374 (IPRD) 23-24

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,800 रु./10 ग्राम
चांदी 79,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 03 मई, 2023
www.azadsipahi.in
02

योगी के राज में अब एहसास हो रहा है कि यूपी में का बा

■ देश के सबसे बड़े राज्य में माफिया राज मृत्युशैया पर लेटा पड़ा है

■ इधर अतीक अहमद का अंत उधर मुख्तार असांरी के खेमे में भूकंप

आजाद सिपाही विशेष

उत्तर प्रदेश में मफिया राज अब खत्म होने की कगार पर है। वह आखिरी सांसें गिन रहा है। मृत्युशैया पर लेटा पड़ा है। हाल ही में माफिया अतीक के साथ-साथ उसके साम्राज्य का भी अंत हो गया। उसका गिरोह तितर-बितर हुआ पड़ा है। उसके कई शूटर फरार हैं, लेकिन पुलिसिया रडार पर हैं। जैसे ही अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की सरेआम हत्या हुई, ठीक उसी समय जेल में बंद मुख्तार अंसारी की सांसें थम सी गयी होंगी। उसके अंदर इतना भय कायम हो गया होगा कि उसे लगने लगा होगा कि कहीं अगला नंबर उसका तो नहीं। वैसे योगी सरकार ने माफियाओं की एक सूची भी जारी कर रखी है। उसमें मुख्तार का नाम पहले स्थान पर है। एक वक्त था जब पूर्वी उत्तर प्रदेश में माफिया मुख्तार अंसारी और उसके भाई अफजाल की तूती बोलती थी, क्योंकि उस दौर में सरकार के लोग ही इनके संरक्षक थे। डीएम-एसपी तो इनकी सुबह-शाम सलामी बजाने का काम करते थे। इनके कहर का आलम यह था कि खुल्लमखुल्ला खुली जीप पर बैठ लाउडस्पीकर लगवाकर मुख्तार अंसारी दंगा करवाता था। ये लोग गैंगवार करते थे। लोगों की जिंदगियों से खेलना इनका शौक हुआ करता था। मोहम्मदाबाद सीट से तत्कालीन भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या को कौन भूल सकता है। उसी मामले में मुख्तार अंसारी और उसके भाई अफजाल अंसारी को सजा हो गयी है। गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी की सांसदी भी चली गयी है। 60 वर्ष के माफिया मुख्तार अंसारी के खिलाफ गाजीपुर, वाराणसी, मऊ और आजमगढ़ के अलग-अलग थानों में 61 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से आठ मुकदमे ऐसे हैं, जो जेल में रहने के दौरान दर्ज हुए। समझने वाली बात यह है कि दो दशकों तक मुख्तार के खिलाफ किसी भी सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया था। लेकिन समय का चक्र घूमा और योगी बन गये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री। उसके बाद मुख्तार के गुनाहों की कब्र खुदनी शुरू हो गयी। आज योगी राज में उत्तर प्रदेश की जनता खुश है। वह बेखौफ है। लोगों को पता है कि कोई भी अपराधी अगर गड़बड़ी करेगा, उसके लिए बाबा हैं। तो जो लोग पूछ रहे थे कि यूपी में का बा, तो वे लोग जान लें कि यूपी में बाबा बा। बुलडोजर वाले बाबा। आज यूपी का बच्चा-बच्चा बुलडोजर बाबा की जय कहते थकता नहीं। वह गर्व महसूस करता है। वह भी उसी पूर्वांचल में, जहां एक वक्त मुख्तार का नाम भी लोग दबी जुबान से लेते थे। कैसे अतीक के बाद मुख्तार का नाम फिर से चर्चा का केंद्र बना हुआ है, क्या है मुख्तार की क्राइम कुंडली, खंगाल रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

साल था 2005। उत्तरप्रदेश का मऊ दंगे की आग में झुलस रहा था। सड़कों पर कहीं सन्नाटा पसरा था, तो कहीं उपद्रवियों की भीड़। पुलिस की गाड़ियों का सायरन मऊ की सन्नाटों को चिर रहा था। लेकिन ये सायरन लोगों में दहशत भी पैदा कर रहे थे। इसी बीच मऊ की सड़कों पर खुली जीप में बैठ हथियार लहराते और मूछों पर ताव देते एक शख्स को देखा गया। उसमें न प्रशासन का खौफ था, न कानून की चिंता थी। ऐसा लग रहा था कि वह खुद ही सरकार है। वह शख्स कोई और नहीं मुख्तार अंसारी था। उसकी तस्वीर आज भी वायरल है। उस तस्वीर मात्र से समझा जा सकता है कि उस वक्त की सरकार में मुख्तार का क्या रसूख था। नहीं तो अगर आज यह योगी राज में होता, अव्वल तो होता नहीं, अगर होता, तो वहीं जीप पलटी हुई जरूर मिलती। खैर बात तस्वीर की हो रही थी। प्रदेश में खौफ का पर्याय बनी यह तस्वीर खिंचवाने के कुछ महीनों बाद मुख्तार अंसारी जेल चल गया। लेकिन यहां सवाल यह उठ रहा था कि क्या जिले की दीवारों ने मुख्तार के अपराध की रफ्तार रोक ली? इसका जवाब पिछले महीने इलाहाबाद हाइकोर्ट की एक टिप्पणी देती है। हाइकोर्ट ने कहा, मुख्तार अंसारी गिरोह देश का सबसे खूंखार आपराधिक गिरोह है। पिछले 18 साल से सलाखों के पीछे बंद मुख्तार की सत्ता की सरपरस्ती में अपराध की मुख्तारी इतनी मजबूत हुई कि आठ राज्यों में उसने अपने अपराध के साम्राज्य का विस्तार कर डाला।

2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उत्तर प्रदेश की सत्ता में काबिज होने के लक्ष्य से और सपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लक्ष्य से खूब पसीना बहा रही थी। जिस मऊ में मुख्तार के आतंक और सियासी रसूख का जलवा था, वहीं पीएम नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली हुई। मोदी ने मंच से कहा, यूपी में कोई बाहुबली जेल जाता है, तो मुस्कुराता हुआ जाता है, ऐसा क्यों है भाई? ऐसा इसलिए, क्योंकि यहां की जेलें अपराधियों के लिए महल में बदल दी गयी हैं। सारे सुख वैभव उन्हें वहीं मिलते हैं। देखते हैं, 11 मार्च के बाद जेलों में कैसे रंगीनियत रहती है। जेल को जेल ही बनाकर रख देंगे। जाहिर है निशाने पर मुख्तार का ही रसूख था। 11 मार्च के बाद यूपी में सरकार बदल गयी और मुख्तार की उलटी गिनती शुरू हो गयी।

मुख्तार की आपराधिक कुंडली

गाजीपुर के मोहम्मदाबाद में एक राजनीतिक परिवार में जन्मे मुख्तार अंसारी पर हत्या का पहला मुकदमा 1988 में मंडी परिषद में ठेकेदारी को लेकर दर्ज हुआ। इसके बाद मुख्तार अंसारी के अपराधों की फेहरिस्त और लंबी होती गयी। 90 के दशक में मुख्तार को जेल जाना पड़ा था और उसका नया ठिकाना बनी थी गाजीपुर जेल की सलाखें। उन दिनों जेल में माफियाओं का जलवा हुआ करता था। जेल की सलाखों के पीछे जो रसूख मुख्तार का रहा, उसके आगे अतीक अहमद तो क्या, किसी भी माफिया का जलवा फीका ही रहा है। गाजीपुर जेल में 90 के दौर में तैनात रहे एक अधिकारी बताते हैं कि उस समय मोबाइल फोन का चलन शुरू नहीं हुआ था। बात करने का जरिया लैंडलाइन फोन हुआ करता था। मुख्तार के गाजीपुर जेल पहुंचने के बाद वहां के फोन के बिल का ग्राफ भी मुख्तार के अपराध की तरह बढ़ने लगा। बाद में पता चला कि यह बिल जेल अधिकारियों के चलते नहीं बढ़ा था, बल्कि जेल का यह फोन बिल मुख्तार के चलते बढ़ा था। इस टेलीफोन के जरिये जेल में रहते हुए वह अपना अपराध का साम्राज्य चला रहा था और उसे रोकने का दम किसी में नहीं था।

1996 में मऊ सदर सीट से पहली बार विधायक बना मुख्तार

1996 में मऊ सदर सीट से पहली बार विधायक बना मुख्तार अंसारी जेल आता-जाता रहा। 25 अक्टूबर 2005 को वह अपनी जमानत रद्द कराकर जेल चला गया। इसके बाद गाजीपुर से भाजपा विधायक और उसके प्रतिद्वंद्वी कृष्णानंद राय को गोलियों से भून दिया गया। इस हत्याकांड में सौ राउंड से अधिक गोलियां चलीं थीं। घटना के कुछ दिनों बाद मुख्तार अंसारी का एक ऑडियो वायरल हुआ। इसमें वह कृष्णानंद राय की हत्या और उनकी चुटिया काटे जाने के बारे में बता रहा था। मामले की जांच सीबीआइ को दी गयी, लेकिन वह मुख्तार और बाकी आरोपितों को कोर्ट में दोषी नहीं साबित कर पायी।

अपनी पसंदीदा मछली खाने के लिए जेल के अंदर ही तालाब खुदवा दिया

2005 से ही जेल मुख्तार का असली ठिकाना हो गया। समझ लीजिये उसका घर। इसलिए उसने अपने लिए वहां भरपूर इंतजाम करवाया। गाजीपुर जेल में मुख्तार ने अपनी पसंदीदा मछली खाने के लिए जेल के अंदर ही तालाब खुदवा दिया। उसके बैडमिंटन खेलने के लिए बाकायदा कोर्ट बनवाया गया, जहां वह अफसरों के साथ बैडमिंटन खेलता था। मुख्तार की जिससे मर्जी होती थी, वही उससे जेल में मिलता था। हर सुख-सुविधा का साधन मुहैया होता था। उससे मुलाकात के लिए आने वाले लोगों की जेल में कहीं चेकिंग तक नहीं होती थी। इसकी सबसे बड़ी वजह यह थी कि जेल में मुख्तार की मर्जी के खिलाफ जो भी चला, या तो उसे जान से हाथ धोना पड़ा या फिर घुटनों के बल आना पड़ा। लखनऊ जेल में तैनात रहे जेल अधीक्षक को

राजभवन के सामने गोलियों से भून दिया गया था। इस हत्याकांड में मुख्तार और उसके गुर्गों का नाम सामने आया था। आरोप है कि उनकी सख्ती से मुख्तार नाराज था। हालांकि इस मामले में भी पुलिस कुछ खास साबित नहीं कर पायी। जेल अधीक्षक और जेल अधिकारियों को धमकाने के कई मुकदमे दर्ज हुए।

आठ राज्यों में फैलाया नेटवर्क

पुलिसिया जांच के अनुसार मुख्तार अंसारी का गैंग आठ राज्यों में फैला है। फिर चाहे वह मुंबई हो या गुजरात या फिर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, बिहार, दिल्ली और मध्य प्रदेश। गुजरात में मुख्तार ने कुख्यात एजाज लकड़वाला और फरजू रहमान के जरिये सिंडिकेट तैयार किया। यहां दहशत के बल पर उसने अपने करीबियों के जरिये कोयला सप्लाई पर अपना कब्जा जमा लिया। महाराष्ट्र में खासतौर से मुंबई में तेल के प्राइवेट रिजर्वायर में अपने करीबी शूटर मुन्ना बजरंगी के बल पर अपना एकाधिकार बनाया। उस दौरान मुन्ना बजरंगी मुंबई में मनोज जायसवाल के नाम से धंधा संभालता था।

गैंगस्टर जसविंदर सिंह राकी के जरिये पंजाब, हरियाण और राजस्थान में मजबूत किया गैंग

1994 से वर्ष 2016 तक पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में आतंक का पर्याय बने पंजाब के गैंगस्टर जसविंदर सिंह राकी से माफिया मुख्तार अंसारी की नजदीकियां जगजाहिर थीं। रॉकी

की मदद से मुख्तार ने पंजाब, हरियाण और राजस्थान के गिरोहों में अपनी पकड़ मजबूत की। वाराणसी के नंद किशोर रुंगटा अपहरण और हत्याकांड में मुख्तार के साथ रॉकी सह अभियुक्त था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जब तक रॉकी जिंदा रहा, तब तक पंजाब के शूटरों का यूपी में और यूपी के शूटरों का पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में जमकर इस्तेमाल हुआ। 2016 में जब रॉकी को हिमाचल प्रदेश के परवाणु में गोलियों से भून दिया गया, तो उसकी हत्या कराने में पांच संदिग्धों के नाम सामने आये। ये सभी एक-एक करके अप्राकृतिक मौत के शिकार हुए। किसी की भी मौत में हत्या की बात सामने नहीं आयी, लेकिन किसी की भी मौत प्राकृतिक भी नहीं थी। इन पांचों की मौत के पीछे मुख्तार अंसारी गैंग का जिक्र हुआ। हालांकि ये साबित नहीं हो पाया।

मुख्तार के परिवार से अखिलेश के रिश्ते

मुख्तार अंसारी अपराध के साथ ही सियासत में भी अपने पांव जमाता गया। जेल से उम्मीदवारी कर और चिट्ठियां जारी कर मऊ सीट से वह विधानसभा पहुंचता रहा। मुख्तार की सियासी पहुंच का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कभी वह बसपा तो कभी सपा में अपने और अपने परिवार का सियासी भविष्य सुरक्षित करते हुए गाजीपुर, मऊ, बनारस जैसे जिलों का राजनीति का रंग तय करता रहा। 2009 में भाजपा के गढ़ माने जाने वाले बनारस से भाजपा के कद्दावर नेता मुरली मनोहर जोशी मुख्तार से हारते-हारते बचे और महज 18 हजार वोटों से जीत दर्ज कर पाये। मुख्तार के परिवार की पार्टी कौमी एकता दल के सपा से गठबंधन को लेकर अखिलेश और शिवपाल के बीच जंग छिड़ गयी थी। अखिलेश ने यह कहकर गठबंधन तोड़ दिया कि उनकी पार्टी में माफियाओं के लिए जगह नहीं है। इसके बाद अखिलेश-शिवपाल के रास्ते अलग हो गये थे और मुख्तार परिवार ने बसपा का दामन थाम लिया। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव के पहले मुख्तार के भतीजे मन्नू अंसारी को अखिलेश ने खुद पार्टी में शामिल कराया और विधानसभा का टिकट दिया। वहीं मुख्तार के बेटे अब्बास को मऊ सदर सीट से सपा के सहयोगी दल सुभासपा ने अपना उम्मीदवार बनाया था।

डर के कारण पंजाब जेल से नहीं आना चाहता था मुख्तार

जेल से समानांतर सत्ता चला रहे मुख्तार को सलाखों के पीछे पहली बार डर तब लगा, जब 10 जुलाई 2018 को उसके करीबी माफिया मुन्ना बजरंगी की बागपत जेल में हत्या हो गयी। इससे दहले मुख्तार ने खुद को यूपी से बाहर निकालने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया। उसे कामयाबी तब मिली, जब पंजाब पुलिस वहां एक दर्ज मुकदमे के सिलसिले में यूपी से ले गयी। उसके बाद वह पंजाब की जेल में ही जम गया। यूपी की योगी सरकार और पंजाब की तत्कालीन कांग्रेस सरकार में मुख्तार को रखने और लाने को लेकर ठन गयी। यूपी पुलिस ने 26 बार प्रोडक्शन वारंट लगाया, लेकिन मुख्तार को वापस लाने में सफलता नहीं मिल पा रही थी। आखिरकार यूपी सरकार को सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा। दो साल तीन महीने के बाद यूपी पुलिस मुख्तार की घर वापसी करा पायी। पंजाब के जेल मुख्तार के लिए कैसे ऐशगाह थी, इसका खुलासा कुछ महीने पंजाब के ही जेल मंत्री हरजोत बैस ने वहां की विधानसभा में किया। बैस का कहना है कि मुख्तार को फर्जी मुकदमा दर्ज करके पंजाब जेल में रखा गया। उसने इस दौरान जमानत कराने की भी कोशिश नहीं की। जेल मंत्री ने यह भी दावा किया कि 25 बंदियों वाले बैरक में मुख्तार अकेले या फिर अपनी पत्नी के साथ रहता था।

मुख्तार का जेल में जलवा होने लगा कम

छह अप्रैल 2021 से मुख्तार अंसारी बांदा जेल में बंद है। मुख्तार के बांदा जेल लौटने के एक माह आठ दिन बाद ही चित्रकूट जेल में बंद मुख्तार के एक और करीबी मेराज को जेल के अंदर गोलियों से भून दिया गया। उसे गोली मारने वाले अंशू दीक्षित ने जेल में बंद एक और कैदी मुकीम काला को भी मारा था। बाद में अंशू पुलिस मुठभेड़ में खुद भी मारा गया। फिलहाल मुख्तार का अब जेल में ऐश का तिलिस्म काफी हद तक टूट चुका है। उस पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाती है। मनमाफिक मुलाकातों, मनचाहा खाना और मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक सी लग गयी है। जून 2022 में एक डिप्टी जेलर वीरेश्वर प्रताप सिंह ने जेल के अंदर मुख्तार पर नरमी बरतने और उसे विशेष सुविधाएं देने की कोशिश की, लेकिन उसे निलंबित कर दिया गया। हाल में मुख्तार के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को चित्रकूट जेल में विशेष सुविधा देने पर आठ जेल अधिकारी और कर्मी निलंबित हुए हैं। उनमें से चार को जेल भी भेजा गया। अब्बास की पत्नी निखत करीब 60 दिनों तक उससे जेल में मिलने आती रही। वह अब्बास के साथ ही जेल अधिकारियों के कमरे में रहती। डीएम-एसपी की छापेमारी में इस खेल का खुलासा हुआ। इस मामले में अब्बास की पत्नी को भी जेल हुई।

माफिया का परिवार है 97 मुकदमों का आरोपी

माफिया मुख्तार अंसारी और अफजाल अंसारी और उसके परिवार के लोगों के खिलाफ 97 मुकदमे दर्ज हैं। अफजाल अंसारी पर सात और सिबगतुल्लाह अंसारी पर तीन, मुख्तार की पत्नी आफ्शां अंसारी पर 11, मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी पर आठ, उमर अंसारी पर छह और अब्बास की पत्नी निखत बानो पर एक आपराधिक मुकदमा दर्ज है। आफ्शां अंसारी और उमर अंसारी मौजूदा समय में फरार घोषित हैं।

मुख्तार गैंग की 573 करोड़ की संपत्ति जब्त

करीब चार दशक तक कानून के शिकंजे से दूर मुख्तार की सजा का पहला सबब भी जेल ही बनी। 23 अप्रैल 2003 की सुबह लखनऊ जिला कारागार के जेलर एसके अवस्थी को मुख्तार ने जान से मारने की धमकी दी थी। वर्ष 2020 में एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस मामले में मुख्तार को बरी कर दिया था। लेकिन अभियोजन विभाग की पैरवी के बाद इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ पीठ ने निचली अदालत का फैसला पलट दिया और उसे सात साल की सजा सुनायी है। पिछले छह सालों में मुख्तार गैंग की 573 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गयी है। वहीं दो सौ करोड़ रुपये से अधिक का अवैध कारोबार ध्वस्त किया गया है। खतरे में मुख्तार की सियासत भी है। इस बार उसने मऊ की अपनी सियासी विरासत बेटे अब्बास को सौंपी थी। विधायक बनने के बाद वह भी जेल में है।

फिलहाल गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में माफिया मुख्तार अंसारी को 10 साल जेल की सजा सुनायी है। साथ ही पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मुख्तार के भाई और सांसद अफजाल अंसारी को चार साल जेल की सजा मिली है। अब उसकी लोकसभा सदस्यता भी चली गयी है। भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के मामले में दर्ज केस के आधार पर अफजाल अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर का केस दर्ज हुआ था। वहीं मुख्तार अंसारी के खिलाफ भाजपा विधायक कृष्णानंद राय और नंदकिशोर गुप्ता रुंगटा की हत्या के मामले में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज है। अंसारी ब्रदर्स के खिलाफ मुहम्मदाबाद थाने में 2007 में क्राइम नंबर 1051 और 1052 दर्ज हुआ था। ये वही अंसारी ब्रदर्स हैं, जिन्होंने मुसलमानों से वोट तो खूब लिये, लेकिन उनके लिए किया कुछ भी नहीं। हां, कई युवाओं को बंदूके जरूर थमा दी। समझा जा सकता है जिस क्षेत्र से मुख्तार और अफजाल आते हैं, वहां कोई दूसरा मुस्लिम नेता क्यों नहीं उभर पाया, क्योंकि ये लोग चाहते नहीं थे कि कोई उनके सामने खड़ा हो, कोई उस इलाके से उभरे। उत्तर प्रदेश ने अतीक अहमद के आतंक को भी देखा, मुख्तार के आतंक को भी देखा। आज अतीक की हत्या हो चुकी है, उसका एक बेटा पुलिस एनकाउंटर में मारा गया, उसका भाई मारा गया, पत्नी फरार है, दो बेटे जेल में हैं, दो सुधारगृह में हैं, मतलब पूरा परिवार बर्बाद होने की कगार पर है। मरने से पहले उसने वह सब कुछ देखा, जो वह अपने आतंक के जरिये करते आया था। वही हाल मुख्तार अंसारी का है। मुख्तार जेल में है, उसके भाई अफजाल को भी सजा हो गयी है। मुख्तार की पत्नी, उसका छोटा बेटा उमर अंसारी और उसकी पत्नी फरार है। पुलिस ढूंढ रही है। मुख्तार का बड़ा बेटा जेल में है। उसकी पत्नी भी जेल में है। यह उन कर्मों का फल है, जिसका पेड़ इन माफियाओं ने लगाया था। अभी तो यह शुरुआत मात्र है। भला हो योगी सरकार का, जिसके आने से उत्तर प्रदेश की जनता चैन की सांस ले रही है। आज उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त है, अपराध मुक्त है। आज उत्तर प्रदेश के लोग कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में जब तक बाबा हैं, कोई भी अपराधी उनका बाल भी बांका नहीं कर सकता। यूपी में का बा, त यूपी में बाबा बाड़न, जो सबके टाइट करले बाड़न।

www.epaper.azadsipahi.in

03 मई, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 192

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

दिवालिया होने की कगार पर गो फर्स्ट दो दिनों के लिए रोकी फ्लाइट बुकिंग

मुख्यमंत्री 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शुभारंभ समारोह में हुए शामिल

इस महीने के अंत तक 25 हजार शिक्षक होंगे नियुक्त : हेमंत सोरेन

- शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम जोड़ने की हो रही है कोशिश
- पढ़ाई में पैसा बाधा नहीं बने, इस निमित्त कई योजनाएं संचालित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि इस माह के अंत तक 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। वैसे तो राज्य में हजारों की संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति किया जाना प्रस्तावित है, परंतु इस महीने के अंत तक 25 हजार नवनियुक्त शिक्षक राज्य के विभिन्न स्कूलों में पठन-पाठन के कार्य को सुदृढ़ करेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का राज्यस्तरीय शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के दिन शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आज 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का राज्यस्तरीय शुभारंभ हुआ है। आने वाले समय में झारखंड में और 5 हजार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। सभी उत्कृष्ट विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों को राज्य सरकार द्वारा आइआइएम से सीबीएसइ कोर्स के अनुरूप प्रशिक्षण दिलाया गया है।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्राथमिकता : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के आदिवासी, दलित, पिछड़े, मजदूर एवं किसान सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। हमारी सरकार निरंतर राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हम राज्य के गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े और मजदूर के बच्चों को कैसे बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा सकें। राज्य में वर्षों से चली आ रही पिछड़ेपन की समस्या को कैसे खत्म करें, इस निमित्त लगातार मंथन करते आ रहे हैं।

शिक्षा से हर चीज हासिल की जा सकती है : हेमंत सोरेन ने कहा कि आज विशेष रूप से शिक्षा की दिशा में सरकार ने महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है। यह कदम सरकार की पंचायत तक जाएगी। इसमें सबसे अहम भूमिका शिक्षा विभाग और शिक्षकों की होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा शस्त्र है, जिसके माध्यम से हर चीज हासिल की जा सकती है। झारखंड में शिक्षा की बेहतरी के लिए ऐसे कार्य सबसे पहले प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए था, जो बहुत विलंब से शुरू हो रहा है। आज हम मात्र 4 से 5 हजार स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय में तब्दील करने की बात करते हैं, जबकि झारखंड में 35 हजार से अधिक स्कूल हैं। इन स्कूलों में जिस तरह से वर्षों से पढ़ाई की स्थिति बनी रही, अब उसे बदलने का कार्य हो रहा है।

स्कूल प्रबंधन समिति की भूमिका अहम : हेमंत सोरेन ने कहा कि स्कूल के अंदर एक प्रबंधन समिति है। उन सभी से आग्रह होगा कि वे भी उत्कृष्ट विद्यालयों में बेहतर शिक्षा के लिए अहम भूमिका निभाएं, ताकि स्कूलों का संचालन बेहतर ढंग से किया जा सके। सरकार आधारभूत संरचना, शिक्षक, किताबें, कपड़े, व्यवस्थाएं दे सकती है। प्रबंधन समिति सुनिश्चित करें कि इन सभी संसाधनों के साथ बेहतर शिक्षा स्कूलों मिले। जो स्कूल बेहतर प्रदर्शन करेगा। समय-समय पर उसका आकलन कर उस विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा।

बच्चों के पढ़ाई में कोई बाधा उत्पन्न न हो : हेमंत सोरेन ने कहा कि आज 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसइ की तर्ज पर पठन-पाठन कार्य शुरू हो रहा है, लेकिन अभी कई मंजिल पार करनी है। हम गरीबों को बेहतर शिक्षा देने की बात करते हैं। आदिवासी, दलित, पिछड़ों को अच्छी शिक्षा देने की बात करते हैं। लेकिन जो दो कमरों में शिक्षा देने की व्यवस्था पूर्व से चली आ रही है। वह कहीं न कहीं मजाक उड़ाने जैसा है। आज उससे अलग हटकर सरकार ने बेहतर शिक्षा के लिए उत्कृष्ट विद्यालयों को निजी स्कूलों के तर्ज पर विकसित किया है। बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दिया जा रहा है। बच्चे ड्रॉपआउट न हों, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का संचालन किया जा रहा है, इसके साथ-साथ एकलव्य प्रशिक्षण योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन शिक्षा योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर हमारी सरकार आयी है। बच्चों को पैसे को लेकर शिक्षा में दिक्कत ना पहुंचे, इसलिए यह योजनाएं सरकार लेकर आयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल से निकलने के बाद इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, जज बनने की इच्छा रखने वाले बच्चों का सरकार सभी खर्च उठाएगी। राज्य के बच्चे-बच्चियों को प्रतियोगिता-परीक्षा की तैयारी हेतु कोचिंग के लिए भी सहायता राशि हमारी सरकार देगी।

मुख्यमंत्री ने नये भवन का किया उद्घाटन : इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन तथा वेबसाइट का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाइन उद्घाटन एवं नामांकन की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह ने कहा कि मैं सबसे पहले स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं कि उन्होंने मुख्यमंत्री के सपने को साकार करने का काम कर रहे हैं। उत्कृष्ट विद्यालय की परिकल्पना कोरोना संक्रमण दौर के समय की गयी थी। राज्य राज्य सरकार बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस मौके पर विकास आयुक्त अरुण सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, जैक अध्यक्ष डॉ अनिल महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सचिव के.रवि कुमार, निदेशक माध्यमिक शिक्षा सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम जोड़ने की कोशिश

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम जोड़ने की कोशिश की है। हमारी सरकार ने वर्षों से लंबित पारा शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया है। शिक्षा व्यवस्थाओं में सुधार समय की मांग है। आज प्रतियोगिता का दौर है। प्रतियोगिता के इस दौर में राज्य के स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को बेहतर शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम अपने तत्कालीन शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो जी, जो अब हमारे बीच नहीं हैं। उनका भी शिक्षा की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास रहा है। हम उन्हें नमन करते हैं।

लैंड स्कैम : इडी झारखंड से लेकर बंगाल तक जुटा रही सबूत

कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस से की गयी पूछताछ

- इडी ने त्रिदीप मिश्रा को भेजा था 2 मई को आने के लिए समन
- कोलकाता में तैयार होते थे फर्जी कागजात

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची में सेना की जमीन के फर्जीवाड़े में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) झारखंड से बंगाल तक सबूत जुटाने में लगी है। जमीन का फर्जी कागजात तैयार करने में बंगाल से लिंक जुड़ने के बाद इडी ने कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार ऑफ इंश्योरेंस त्रिदीप मिश्रा को तलब किया था। मिश्रा मंगलवार को रांची स्थित इडी कार्यालय पहुंचे उनसे अधिकारियों ने लंबी पूछताछ की।

अफसर से पूछताछ में हुआ था खुलासा : सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार किये गये अफसर अली और अन्य लोगों के बयान और छापेमारी में प्राप्त कागजात के बाद कई बड़े चेहरे इडी के रडार पर आये हैं। इडी को यह भी तथ्य मिल चुका है कि रांची में जमीन का फर्जीवाड़ा करने के लिए कागजात कोलकाता में तैयार होते थे। अफसर अली ने ही इस मामले में कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मियों की भूमिका की जानकारी दी थी। यही वजह है कि इडी ने मिश्रा को पूछताछ के लिए बुलाया। सूत्रों के मुताबिक त्रिदीप मिश्रा से अफसर के बयानों के आधार पर कई सवाल पूछे गये। साथ इडी के छापेमारी के दौरान मिले कागजात को लेकर भी उनसे सवाल पूछा। कोलकाता में रांची के जमीन के कागजात किस तरह से तैयार किये गये इससे भी संबंधित सवाल किये गये। उनके कुछ जवाबों से अधिकारी असंतुष्ट हुए। जबकि कुछ जवाब इस मामले को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होंगे।

दिलीप घोष समेत चार को भेजा समन

जमीन फर्जीवाड़ा मामले में इडी ने कोलकाता के जगत बंधु टी स्टेट के दिलीप घोष समेत चार लोगों को समन जारी किया है। जिन लोगों को समन जारी किया गया है, उनमें जमीन दलाल भी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 मई को राजेश राय, भरत प्रसाद और लखन सिंह को इडी कार्यालय बुलाया गया है। वहीं, दिलीप घोष को 10 मई को बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक राजेश राय ने सबसे पहले विवादित चेशायर होम वाली जमीन की रजिस्ट्री करवाई थी। वहीं लखन प्रसाद और भरत प्रसाद दोनों ही रांची में जमीन कारोबार से जुड़े हैं। चेशायर होम जमीन की दलाली के एवज में इन्हें अच्छी रकम मिली थी।

वैभवणि त्रिपाठी से पूछताछ हुई

गौरतलब है कि इसी मामले में सोमवार को रांची के सब रजिस्ट्रार वैभवमणि त्रिपाठी रांची स्थित इडी कार्यालय में हाजिर हुए थे। जहां अधिकारियों ने घंटो पूछताछ की। इडी ने वैभवमणि से रांची स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में रखे गये दस्तावेज के सिलसिले में पूछताछ की। इससे पहले रांची के तत्कालीन आयुक्त और वर्तमान में कल्याण विभाग के निदेशक छवि रंजन से इडी पूछताछ कर चुकी है।

पूरे हफ्ते कई लोगों से होगी पूछताछ

इडी ने पूरे सप्ताह कई लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया है। आएएस छवि रंजन को 4 मई को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। वहीं, विष्णु अग्रवाल समेत अन्य चार लोगों को 8 मई को और दिलीप घोष को 10 मई को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। गौरतलब है कि इडी ने 13 अप्रैल को सेना की 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में झारखंड, बिहार और बंगाल में 22 जगहों पर एक साथ छापेमारी की थी। इसमें आइएएस छवि रंजन सहित बड़गाई अंचलकर्मी भानु प्रताप और अन्य जमीन दलाल शामिल थे। भानू प्रताप के घर से बक्से भर कर जमीन से जुड़े कागजात मिले। इसके बाद इडी ने भानु प्रताप, रिम्स का कर्मचारी अफसर अली खान, कोलकाता का प्रदीप बागची, इम्तियाज खान, तलहा खान, अयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया। उनसे पूछताछ और जब्त दस्तावेज में इडी को कई अहम सबूत मिले। इसमें केवल सेना की ही जमीन नहीं, रांची के चेशायर होम स्थित जमीन समेत कई भू खंडों के फर्जीवाड़े के सबूत मिले हैं। इडी की जैसे-जैसे जांच बढ़ रही एक के बाद एक संबंधित व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है।

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बजरंग दल को बैन करने का ऐलान किया

प्रधानमंत्री बोले : पहले श्रीराम को ताले में बंद किया, अब बजरंगबली की बारी है

आजाद सिपाही संवाददाता

बेंगलुरु। कांग्रेस ने मंगलवार को कर्नाटक विधानसभा के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया। इसमें कांग्रेस ने सरकार बनने पर बजरंग दल जैसे संगठनों को बैन करने का वादा किया है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवाब देते हुए कहा कि ये वही कांग्रेस है जिसने पहले श्रीराम को ताले में बंद किया, अब बजरंगबली को बंद करने की बात कह रहे।

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में हर वर्ग को रिझाने की कोशिश की है। कांग्रेस ने हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, परिवार की प्रत्येक महिला मुखिया को हर महीने 2 हजार रुपए देने की घोषणा की है। पार्टी ने यूथ वोटर्स को साधने के लिए भी घोषणाएं की हैं। इसके तहत बेरोजगार ग्रेजुएट को दो साल के लिए 3 हजार रुपये और डिप्लोमा होल्डर्स को 1,500 रुपये प्रति माह देने का ऐलान किया है। इसके अलावा राज्य सरकार की बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा का भी वादा किया है। वहीं, कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी करते हुए बजरंग दल और पीएफआइ का जिक्र करते हुए कहा कि धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वालों पर एक्शन लेंगे।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को कर्नाटक के विजय नगर की रैली में पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि आज हनुमान जी की इस पवित्र भूमि को नमन करना मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है और दुर्भाग्य देखिए, मैं आज जब यहां हनुमान जी को नमन करने आया हूं उसी समय कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बजरंग दल को बैन करने का ऐलान कर दिया।

शरद पवार ने एनसीपी अध्यक्ष का पद छोड़ा

मुंबई (आजाद सिपाही)। शरद पवार ने एनसीपी का अध्यक्ष पद छोड़ने का ऐलान कर दिया है। पवार ने कहा कि वो इस्तीफा देने जा रहे हैं। उन्होंने इसकी वजह नहीं बताई है। चार दिन पहले दिन पहले गुरुवार को शरद पवार ने कहा था कि रोटी पलटने का वक्त आ गया है। किसी ने मुझसे कहा कि रोटी सही समय पर पलटनी है। न पलटे तो कड़वी हो जाती है। इस बयान पर अजीत पवार ने कहा कि नये चेहरों को आगे लाना एनसीपी की परंपरा रही है। एनसीपी महाराष्ट्र के महा विकास अघाड़ी गठबंधन में सहयोगी है। पवार ने 1999 में कांग्रेस से अलग होकर एनसीपी बनायी थी। उसके बाद से ही वे पार्टी के अध्यक्ष थे। पवार के ऐलान के बाद पार्टी कार्यकर्ता रोने लगे और उनसे फैसला वापस लेने की मांग करने लगे।



विधानसभा में नमाज कक्ष का आवंटन किस आधार पर: हाइकोर्ट

- शराब ब्रिकी टेंडर पर भी हुई हाइकोर्ट में सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हाइकोर्ट में मंगलवार को झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक कमरे को नोटिफाइड करने और शराब ब्रिकी टेंडर गड़बड़ी मामले में दायर याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूछा कि नमाज कक्ष का आवंटन किस आधार पर किया गया है। वहीं, शराब बिक्री टेंडर मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने विधायक अनूप सिंह द्वारा केस उठाने के लिए धमकी देने की बात कही।

नवाज कक्ष पर अगली सुनवाई 18 मई को : झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किये जाने को चुनौती देने वाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मौखिक रूप से पूछा है कि यह व्यवस्था किस आधार पर की गयी। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि देश के अलग-अलग राज्यों के विधानसभा से नमाज कक्ष को लेकर एक रिपोर्ट मंगायी गयी है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर कानूनी पक्ष को देखते

हुए इस संबंध में बनी कमेटी अपना रिपोर्ट देगी। यह देखा जा रहा है कि देश के किन-किन राज्यों के विधानसभा में नमाज कक्ष की व्यवस्था है। हाइकोर्ट ने मामले में झारखंड विधानसभा को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 18 मई निर्धारित की है।

याचिकाकर्ता दो सप्ताह में पूरक शपथ पत्र दे : झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को शराब ब्रिकी टेंडर गड़बड़ी मामले में दायर उमेश कुमार की जनहित याचिका भी पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि इस केस को उठाने के लिए याचिकाकर्ता उमेश कुमार को विधायक अनूप सिंह ने धमकी दी है। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता को यह जानकारी कोर्ट के रिकॉर्ड पर दो सप्ताह में पूरक शपथ के माध्यम से लाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विकल्प गुप्ता के खिलाफ कितने केस दर्ज हैं। प्रतिवादी राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल हाइकोर्ट से ऑनलाइन जुड़े। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को धमकाने और उसके भाई को पुलिस द्वारा उठाने के मामले की वस्तुस्थिति कोर्ट को अवगत कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा था कि याचिकाकर्ता को क्यों धमकाया गया एवं प्रार्थी के अधिवक्ता विकल्प गुप्ता जो इस केस में सहयोग कर रहे हैं उसके भाई को क्यों 43 घंटा तक हाजत में रखा गया।

विवाद में मारपीट, युवक गंभीर रूप से घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत पुरनाडीह में मिट्टी उठाने के विवाद में दो लोगों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक युवक के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया गया है। युवक विकास कुमार (उम्र 19, पिता मनोज यादव) ने बताया कि उनके द्वारा कुछ दिनों पहले अपने घर के बगल में सहदेव यादव के जमीन पर मिट्टी गिराया गया था जिसको वह उठा रहे थे। इस दौरान सहदेव यादव ने मिट्टी पर दावा पेश करते हुए कहा कि मिट्टी जब मेरी जमीन पर गिरी है तो मिट्टी मेरी है। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान सहदेव यादव अपने पुत्र अजय यादव समेत अन्य लोगों के साथ मिलकर उनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उन्हें सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट लगी है। उसका इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।

टायर फटने से युवक गंभीर रूप से घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के चंदवारा थाना अन्तर्गत कृष्णा सूर्या कोल्ड स्टोरेज के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक 22 वर्षीय युवक घायल हो गय। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के करौंजिया निवासी सूरज कुमार पांडेय उम्र 22 वर्ष पिता वीरेंद्र पांडेय उरवां मोड़ के समीप यज्ञ से लौट रहे थे। इसी दौरान कोल्ड स्टोरेज के समीप सामने से आ रही कार संख्या जेएच 09 एएन 5862 का अगला टायर फट गया और कार अनियंत्रित हो गयी। इससे बाइक संख्या जेएच 12 जी 3805 पर सवार सूरज सूरज कुमार पांडेय कार की चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान उनके पैर में गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

डीवीसी कामगार यूनियन ने मनाया मजदूर दिवस

कोडरमा (**आजाद सिपाही**)। डीवीसी कामगार यूनियन केटीपीएस इकाई बांझेडीह ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस बांझेडीह पावर प्लांट के मुख्य द्वार पर मनाया। इस अवसर पर सभा की अध्यक्षता एटक के जिला अध्यक्ष विनोद पासवान ने की। संचालन मजदूर नेता दशरथ पासवान ने किया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य और जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि वर्षों से लाखों मजदूरों ने लंबे संघर्षों के जरिए मजदूरों के हित में 8 घंटा काम 8 घंटा आराम 8 घंटा मनोरंजन का कानून बनाया है। भाजपा शासित राज्यों में 8 घंटा के जगह में 12 घंटा काम करने का फैसला ले लिया गया है जो मजदूरों का दमन है। डीवीसी प्लांट में अगर कोई मजदूर घायल हो जाता है तो डीवीसी प्रबंधन कोई सुविधा नहीं देती है जबकि जख्मी होने पर आधा वेतन देने का नियम है। सभा को सीपीआई जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव ने भी संबोधित किया। सभा में सुरेश साह, उदय भारती, सुरेंद्र पासवान, अमित रंजन, भरत कुमार, रामचंद्र पासवान, योगेश प्रसाद यादव, राजगीर पासवान, राजगीर पासवान, राजेंद्र कुमार, मंटू यादव, कन्हैया कुमार, लड्डू यादव, राधेश्याम कुमार ठाकुर, बसंत कुमार यादव, धनंजय गुप्ता, भीम कुमार पासवान, छोटू यादव, अशोक राव, श्यामसुंदर राम, विजय राणा, दिनेश पासवान, रंजीत यादव, रतन कुमार, सकलदेव पासवान, संजय यादव, जय चंद्र दास, विक्की यादव, सुरेंद्र पासवान मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव ने किया।

डीजे वाहन अनियंत्रित होकर पलटा, महिला की मौत

कोडरमा (**आजाद सिपाही**)। जिले के जयनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम घाघडीह के पास एक डीजे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। डीजे वाहन पलटने और इसकी चपेट में आने से महिला (58 वर्ष, पति स्वर्गीय लाखो दास) की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस ने पहुंचकर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही डीजे वाहन चालक पवन कुमार वर्णवाल (उम्र 27 वर्ष, ग्राम सूदन, अलगडीहा थाना चलकुशा) को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और डीजे वाहन को जप्त कर लिया गया।

वीर कुंवर सिंह पार्क में मजदूर दिवस मना

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। सीटू के नेतृत्व में मजदूर कर्मचारी संगठनों ने वीर कुंवर सिंह पार्क में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया और सभा का आयोजन किया। वरिष्ठ कर्मचारी नेता फेकुलाल विद्यार्थी ने मजदूरों के संघर्ष का प्रतीक लाल झंडा फहराया। शिकागो के शहीदों को लाल सलाम, दुनिया के मजदूरों एक हो, मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लो के नारों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सभा को आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, कर्मचारी महासंघ के संयुक्त सचिव दिनेश रविदास, बीएसएसआर यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, डीवीसी श्रमिक यूनियन के अजय कुमार, सहिया संघ के प्रकाश चन्द्र राय, जय प्रकाश यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महावीर यादव, आंगनबाड़ी यूनियन की जिला सचिव वर्षा रानी, बीएसएसआर यूनियन के सचिव दिलीप कुमार सिन्हा, निर्माण मजदूर यूनियन के शम्भु पासवान, प्राइवेट मेडिकल वर्कर्स यूनियन के श्रीकांत सिहं, नगरपालिका लोकल बॉडीज इम्पलाइज यूनियन के संतोष राम, चरणजीत सिहं, धीरज यादव, बालेश्वर राम, शिवनंदन भूइयां, मीना एक्का, रीना देवी, तानेश्वर राम, इंदु देवी, संजू देवी, सुनैना देवी, तानेश्वर राम, राजेंद्र पासवान, सहदेव दास, आशिष कुमार, संटू वर्णवाल, अरविंद कुमार, छोटी राम सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

युवती के लापता होने का मामला दर्ज

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चोपनाडीह निवासी विमला देवी पति रामेश्वर पंडित ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर अपनी बहन की बेटी पूनम कुमारी की गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराई है। दिये गये आवेदन में कहा गया है कि हमारी बहन बेटी पूनम कुमारी उम्र 20 वर्ष पिता सुरेश पंडित ग्राम कवड़िया टोला, पोस्ट थाना सरिया जिला गिरिडीह की है, जो विगत तीन महीनो से हमारे यहां रह रही थी। गत 27 अप्रैल को हम सब परिवार खाना खा कर सो गये थे। 28 अप्रैल की सुबह उठे तो पूनम कुमारी अपने कमरे में नही थी। काफी खोजबीन किया परंतु कही पता नहीं चल पाया।

सवारी गाड़ी से गिरकर बालक घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनैया मे गाड़ी के ऊपर से गिरकर बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सिमरिया निवासी सहदेव यादव का 11 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार यादव मंगलवार की सुबह 9 बजे बाराती की गाड़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वह गाड़ी के छत पर बैठा हुआ था। संतुलन बिगड़ने पर वह गाड़ी से नीचे गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। थाना प्रभारी मरकच्चो लव कुमार ने मरकच्चो थाना क्षेत्र के मरकच्चो गोरहंद मुख्य मार्ग के श्रीनगर से अवैध रूप से बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। दोनों ट्रैक्टर बराकर नदी व दशारो स्थित केशो नदी से बालू लेकर गोरहंद की ओर जा रहा था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान थानाप्रभारी लव कुमार की नजर बालू लदे दोनो ट्रैक्टर पर पड़ी। थाना प्रभारी कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आये। थाना प्रभारी ने बताया कि जब्त ट्रैक्टरों के संबंध में आगे की कार्रवाई के लिए जिला खनन विभाग को सूचना दे दी गयी है।

विधायक सरयू राय ने हजारीबाग परिसदन में किया प्रेस कांफ्रेंस

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मामले में सरकार और प्रशासन ढुलमूल रवैया अपना रही हैं: सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय मंगलवार को हजारीबाग आये। स्थानीय परिसदन में पत्रकारों से मुखातिब हुए। पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रतिबंधित पिस्तौल रखने और उनके द्वारा अश्लील विडियो चैटिंग करने के मामले में जमशेदपुर जिला प्रशासन और झारखंड सरकार ढुलमुल रवैया अपना रही है। इसके विरोध में मैने बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर चर्चा किया। साथ ही अनुरोध किया कि मुख्यमंत्री को निर्देश दे कि वे स्वास्थ्य मंत्री को अविलंब बर्खास्त करे। आगे कहा की मैंने विस्तार से उन्हें बताया कि किस प्रकार एक मंत्री के गलत कार्यों को संरक्षण झारखंड की सरकार कांग्रेस पार्टी के दबाव में दे रही है। राजनीतिक दबाव के कारण सारे प्रमाण रहने के बाद भी अभियुक्त के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो रही है, कारण कि वे झारखंड सरकार में मंत्री है। इससे स्पष्ट है कि राज्य में कानून का शासन नहीं रह गया है और यदि नियम-कानून का उल्लंघन करने वाला सरकार में मंत्री है और एक राष्ट्रीय पार्टी से जुड़ा हुआ है तो उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होगी। राज्य की सरकार राज्य में कानून का मजाक उड़ा रही है। मैंने मंत्री द्वारा अवैध हथियार रखने के बारे में गत 28 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को सूचना दिया था कि मंत्री के पास न केवल प्रतिबंधित हथियार है बल्कि वे इसका प्रदर्शन भी सार्वजनिक स्थानों पर कर रहे हैं। मैंने राज्यपाल को भारत सरकार के गृह मंत्रालय का वह पत्र भी दिखाया, जिसमें साफ कहा गया है कि यदि ग्लॉक पिस्तौल किसी के पास भी हो तो प्रशासन उसे जब्त कर मालखाना में रख दे। आर्म्स एक्ट की धारा-25 को उद्धत करते हुए कहा कि यदि पुलिस ने केस दर्ज किया और कार्रवाई किया तो स्वास्थ्य मंत्री को कम से कम सात साल की जेल की सजा होगी। राज्यपाल ने आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इस बारे में सरकार से एक प्रतिवेदन मांगेंगे और उन्हें जो सूचना मिली है उससे भारत सरकार के गृह मंत्रालय को भी अवगत करायेंगे। इसी तरह मैंने स्वास्थ्य मंत्री ने की गयी अश्लील विडियो चैटिंग के बारे में जानकारी दिया और बताया कि सरकार इस प्रकरण को दबाने में लगी हुई है। कांग्रेस पार्टी के नेता इस मुद्दे को उठानेवालों पर ही प्रहार कर रहे हैं। आश्चर्य है कि यह विडियो स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय से जारी किया गया है और बताया जा रहा है कि वह महिला फर्जी है। आगे कहा की भाजपा मुख्य विपक्षी दल है फिर भी अभी तक इस मामले पर कुछ नही बोल रही है। उन्होंने नाम नही लेते हुए कहा की भाजपा जमशेदपुर में ही भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी है मगर पूरे प्रकरण पर चुप्पी साधे हैं।

आगे अवैध उत्खनन मामले पर कहा की जहां जहां जा रहा हूं हर जगह अवैध उत्खनन बड़े पैमाने पर जारी है, मगर अवैध उत्खनन पर कोई बोलने वाला नहीं। सरकारी और प्रशासनिक संरक्षण में अवैध उत्खनन की जा रही है। हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद हर जगह अवैध उत्खनन की जा रही है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

माटी के लालों ने बरही चौक से जनसंवाद यात्रा की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता

बरही। बरही चौक पर नुक्कड़ सभा के बाद माटी के लालों ने मजदूर दिवस के दिन जनसंवाद यात्रा की शुरूआत की। यह जनसंवाद यात्रा स्थानीय हक अधिकारों और झारखंडी भावनाओं को समर्पित है। यात्रा की शुरूआत समाजसेवी संजय मेहता व भुनेश्वर यादव ने स्थानीय लोगो की मौजूदगी में किया। मौके पर संजय मेहता ने कहा की यात्रा का मुख्य उद्देश्य झारखंड के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में बाहरी तत्वों के हस्तक्षेप के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। इस यात्रा के माध्यम से 600 नुक्कड़ सभा का आयोजन अगले तीन माह में आयोजित किया जायेगा। यह यात्रा हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, चतरा जिले तक जायेगी। इस चालाकी को समझना होगा। जिससे झारखंड के लोगों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व का हक छिना जा रहा है। यात्रा के माध्यम से उत्तरी छोटानागपुर के चतरा और हजारीबाग लोकसभा, बरही विधानसभा समेत झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रो और 81 विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय प्रत्याशियों की मांग तेज की जायेगी। भुवनेश्वर यादव ने कहा कि माटी के लोग जब नेतृत्व करते हैं तो उनमें एक भावनात्मक लगाव होता है। मौके पर रसोइया धमना टोल प्लाजा कर्मचारी संघ ने जनसंवाद यात्रा में अपनी मांगों को रखा। जनसंवाद यात्रा के इस प्रारंभ कार्यक्रम में धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद, वासुदेव यादव, परमेश्वर गोप, परमेश्वर यादव, अशोक यादव, रामचंद्र साहु, पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव, प्रभु राणा, सहदेव प्रसाद यादव, विकास सिंह, आदित्य कुमार, मंगलम कुमार सिंह, सुनील यादव, मोहम्मद मासूम, सतीश कुमार, चंदन रजक, मोहम्मद शारूफ, आर्यकांत मेहता, चंद्रदेव ठाकुर, विजय राम, आनंद सागर, तौहीद अंसारी, भागवत कुमार, वीरेंद्र कुमार, कंचन कुमार, अभिषेक कुमार, साकिब हुसैन, मोहम्मद इशाक, राजीव रंजन, पंकज रजक, सूरज कुमार, बबलू कुमार, मनोज दास आदि समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

आजादी के 76 साल बीतने के बाद भी बभनी टोला लुकूइया गांव में नहीं पहुंची बिजली

मुखिया ने कहा टेंडर होने के बाद भी कार्य अब तक नहीं हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

इचाक। डाढा पंचायत के बभनी टोला लुकूइया गांव आजादी के 76 साल बीत जाने के बाद भी बिजली में महरूम है। डाढा पंचायत के लुकूइया गांव जो आदिवासी गांव हैं। इस गांव में न तो बिजली पहुंची है और न ही पीने के लिए साफ पानी की सुविधा है। आजादी के 76 साल बीत जाने के बाद भी अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। मुखिया सुनीता देवी ने बताया की हमने कई बार लिखित आवेदन देकर बिजली विभाग, और उपायुक्त हजारीबाग को आदिवासी गांव के सर्वांगीण विकास को लेकर ध्यान आकृष्ट करवाने की कोशिश की, लेकिन अभी तक गांव में न तो बिजली और ना ही पीने योग्य पानी का साधन हो पाया है। दर्जनों बार आवेदन देने के बाद बिजली को लेकर बिजली विभाग से बिजली देने मे सहमति बनी। आगे बताया की जानकारी मिल रही है की टेंडर भी पास हो गया, लेकिन अभी तक काम शुरूआत नहीं की गयी। आज भी यहां के लोग इसी मुसीबत में जीने को विवश है। लुकूइया गांव के चारों तरफ घना जंगल है। जंगली हाथियों का हमेशा डर भय बना रहता है। जानवरों से लोगों को जान का भय हमेशा बना रहता है, लेकिन इन लोगों की सुविधा के लिए सरकार और पदाधिकारियों मे कोई रुचि नहीं। बिजली नहीं रहने के वजह से कई लोगों ने अपना जान भी गंवाया है। कब और कौन सा जंगली जानवर रात के अंधेरे में किसकी जान ले ले ये किसी को नही पता। इस वजह से लोगों को जान का खतरा बना रहता है। मुखिया सुनीता देवी ने बताया कि गांव में पीने के लिए पानी तक उपलब्ध नहीं है। आज भी लोग दो महीना चूवां से पानी पीने को विवश है। सरकार की योजना जल नल योजना के लिए अधिकारी आधार कार्ड लेकर तो चले गए लेकिन कार्य की शुरूआत नहीं किया गया। पदाधिकारी लोग जल नल योजना के लिए आधार कार्ड मांगने के पहले बोला था कि आधार कार्ड दीजिए कल से काम शुरू हो जायेगा, लेकिन लोग आधार कार्ड भी दे दिया और कार्य महीनों बीत जाने के बाद भी शुरूआत नहीं किया गया। मुखिया ने यह भी कहा की पदाधिकारी लोग गरीबों को सिर्फ दोहन शोषण करते हैं। सिर्फ आश्वासन देते हैं इसलिए अब आदिवासी लोगो को दिलासा देकर मुकर जाने से लोगो को अब उम्मीद टूट चुका है। इन लोगो का मांग है कि बिजली और पानी की सुविधा जल्द से जल्द करवा दिया जाय नहीं तो बाध्य हो कर आंदोलन का रुख अपनायेंगे। अब देखना ये है की कब तक इन आदिवासियों की समस्या का समाधान किया जाता है।

नाबालिग से शादी रचाने हरियाणा से पहुंचे थे मरकच्चो

दूल्हा, पंडितजी, 5 महिलाओं और वर वधू के पिता को भेजा जेल

संजीव/ जावेद

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। आये थे शादी रचाने और पहुंच गये जेल। ऐसा मामला मरकच्चो के जामू में हुआ जहां 15 वर्षीय नाबालिग लड़की से शादी रचाने के मामले में दूल्हा, पंडितजी, 5 महिलाओं और वर वधू के पिता को मंगलवार को जेल भेज दिया गया। मरकच्चो पुलिस ने सोमवार को दुल्हा राजू यादव समेत शादी कराने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया था। इनमें दूल्हा पक्ष से सात लोगों को तथा वधू पक्ष के पिता दिलीप साव व शादी कराने आये पंडित विक्रम पांडेय को मंगलवार को कोडरमा जेल भेज दिया। बताया गया कि दूल्हा राजू यादव (उम्र 39 वर्ष) पिता सियाराम यादव, साकिन पालम बिहार गुडगांव, हरियाणा का निवासी है। इनके साथ शादी रचाने बिचौलिए के रुप में हरियाणा गुडगांव निवासी रेखा देवी, रूबी कुमारी, सुमित साव, बिनीता कुमारी, अजय साव सभी साकीन चौमा थाना पालम बिहार जिला गुड़गांव हरियाणा निवासी आये थे। इनलोगो से पूछताछ के दौरान पता चला कि सभी सेवली देवी (पति कैलाश साव, जामू थाना मरकच्चो) के कहने पर 15 वर्षीय नाबालिग का विवाह करा कर अपने साथ हरियाणा ले जाने के लिए आये थे। इनकी 2 मई को शादी होनी थी लेकिन 1 मई को ही 1098 पर फोन गया कि मरकच्चो के ग्राम जामू में बाल व्यापार के उद्देश्य से एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की की शादी रचायी जा रही है। वहां पहुंचे जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, चाइल्ड लाइन टीम से आरजेएसएस सचिव मनोज कुमार, उमेश कुमार, सुनिता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रज्जक, थाना प्रभारी लव कुमार पुलिस बल के साथ सूचना के सत्यापन हेतु ग्राम जामू पहुंचे तो इसे सत्य पाया। टीम के साथ जब दिलीप साव के घर प्रवेश किया गया तो सभी इधर उधर भागने लगे। लेकिन मौके पर ही मरकच्चो पुलिस टीम के द्वारा बाहर से आये सभी लोगो को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। आवश्यक कार्यवायी के बाद मंगलवार को सभी को कोडरमा जेल भेज दिया गया। वही ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी कोडरमा नरेंद्र कुमार सिंह ने मरकच्चो थाना में इनलोगो के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

वाहन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)। दारू थाना क्षेत्र के हरली में एनएच 522 पर एक व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृत व्यक्ति विजय महतो पिता भुनेश्वर महतो काली झरना मोहलनिया झरपो का निवासी था, और पेटो निवासी खेदू महतो का दामाद था। वह पेटो के एक होटल में खाना बनाने का मिस्त्री का काम करता था और पिछले दो दिनों से हरली में एक विवाह समारोह में खाना बना रहा था। रविवार को रात्रि 9 बजे वह पेटो से खाना खाकर हरली की तरफ जा रहा था तभी इंडियन लर्निंग स्कूल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह घायल हो गया है। एक राहगीर ने उसे घायल अवस्था मे सड़क पर पड़े देखा वह तुरंत पेटो चौक जाकर कुछ लोगों को सूचना देने गया तभी सड़क में पड़े घायल पर तेज गति से आ रहा दूसरा वाहन ने फिर से उसे बुरी तरह से कुचल दिया जिस कारण उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद दारू थाना पुलिस आसपास के लोगों की सहायता मुर्दा कल्याण समिति के एम्बुलेंस से पोस्टमोर्टेम के लिए शव को हजारीबाग भेज दिया।

झरपो में 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के झरपो में नवनिर्मित हनुमान मंदिर परिसर में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जिप सदस्य रामप्रसाद, प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल के साथ गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष पहुंचकर कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा में शामिल लोगों ने कारीझरना से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल उठाया। पुनः यज्ञ स्थल वापस लौटकर कलश को स्थापित किया। यज्ञाचार्य धनंजय पांडेय, विक्की पांडेय, रितेश पांडेय, छक्कन पांडेय, रामलखन पांडेय, सुरेश मिश्रा, अजय पांडेय ने बताया कि कलश यात्रा में शामिल सभी महिला-पुरुषों ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ कलश में लाकर यज्ञ परिसर में स्थापित किया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष काली महतो, उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, सचिव रवि कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, सदस्य सुरेश प्रसाद, सुरेंद्र राणा, दयाल प्रसाद, रामविलास शर्मा, चंदर रवि, कैला महतो, रघुनंदन प्रसाद, चिंतामणि प्रसाद, दिलीप शर्मा व अन्य ने बताया कि 1 मई से 3 मई तक प्रवचन, 4 मई को भक्ति जागरण और 5 मई को महाभंडारा का आयोजन किया गया है। पुजारी में मिथिलेश कुमार, सरिता देवी, बिनोद कुमार, चमटू महतो, कौशिल्या देवी शामिल हैं। कलश यात्रा में मिथलेश कुमार पाठक उमेश प्रसाद, डीएन सिंह, कैलाशपति सिंह, उपेंद्र पांडेय, महेश अग्रवाल, बद्री भुइयां, संतोष कुमार, ज्योतिष पंडा, छोटन शर्मा, संतोष कुमार, सुनील कुमार, सुरेश प्रसाद। सुरेंद्र राणा विजय कुमार, मुकेश कुमार समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पुलिस ने अवैध कोयला ले जा रहे ट्रक को पकड़ा

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। मिली गुप्त सूचना के आधार पर अवैध कोयला तस्करी के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि बोकारो जिला अंतर्गत बोकारो थर्मल थाना के गोविंदपुर के प्रतिबंधित खनन क्षेत्र से ट्रक में लोडकर अवैध कोयला का परिवहन किया जाना है जो हजारीबाग जिला के क्षेत्र से गुजरकर बिहार के मंडियों में खापाया जाना है। इस आशय पर त्वरित कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़ अनुज उराव के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित दल के द्वारा गोमिया विष्णुगढ़ मुख्य मार्ग स्थित गरहमुर्गी के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक निबंधन संख्या जेएच- 02 एटी -8840 के चालक जांच स्थल से पहले ही अपनी गाड़ी रोककर भागने का प्रयास किया परंतु उपस्थित बल की सहायता से उसे पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति से ट्रक पर लदे कोयले से संबंधित कागजात मांगे जाने पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया तथा उसके द्वारा बताया गया कि ट्रक पर लदा कोयला गोविंदपुर से अवैध रूप से लोडकर लाया जा रहा था। इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 113 -23 दिनांक 30 .04, . 2023 धारा 379/411/ 420/ 467/ 34/ भादवि 4/54 के अंतर्गत प्राथमिकी के 5 नामजद अभियुक्तों की सुनील कुमार महतो पिता स्व. किशोरी महतो चितरामो टोला उदयपुर थाना विष्णुगढ़ के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी अभियान में विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, प्रवीण कुमार सेतलाल वारला, नसीम अंसारी, अजीत कुमार, गोपाल प्रसाद और थाना की रिजर्व गार्ड शामिल थे।

मजदूर दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन

केरेडारी (आजाद सिपाही)। मजदुर दिवस के अवसर पर केरेडारी के बेंगवरी पंचायत में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मजदूर के हित और अधिकार को लेकर चर्चा हुई। परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों मजदूरों ने किया इस कार्यक्रम में शिरकत और एक साथ निम्न प्रस्ताव पारित किया गया जिसमे मजदूरों को 8 घंटे से ज्यादा काम नहीं करवाया जाय, मजदूरों को सुरक्षा मानकों के आधार पर काम करवाएं। झारखंड सरकार द्वारा दिये गए छुट्टी के आधार पर छुट्टी घोषित करें कंपनियां। मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी मिले साथ ही लेबर एक्ट के आधार पर सभी तरह का लाभ दिया जाये। आज केरेडारी में इंटक की एक शाखा का उद्घाटन प्रदेश के सचिव चंद्रशेखर मिश्रा जी के द्वारा किया गया। इनके साथ बीस सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम जी, रविंद्र कुमार पांडे, परमेश्वर कुमार, लोकेश कुमार, राम कुमार दुबे, अजय कुमार, रवि कुमार, सुनील कुमार, अर्जुन कुमार, पवन कुमार, टुनटुन कुमार, सुबोध कुमार, विकास कुमार, संतोष कुमार, जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, सिकंदर कुमार, सीताराम पासवान, विनोद कुमार, अर्जुन कुमार, अशोक कुमार, बसंत कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

बड़कागांव में मजदूर दिवस धूमधाम से मना

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। मार्कस्वादी समन्वय समिति मासस व बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के सयुंक्त तत्वावधान में चमगड़ा बड़कागांव मे मजदूर दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम शहीद बेदी पर पुष्पांजलि आपूर्ति कर एक मिनट का मौन गया। तत्पश्चात झंडातोलन कामरेड हसन ने किया। वही मौके पर उपस्थित मासस और बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रिय सचिव धनेश्व तुरी ने कहा की 1886 मे अमेरिका के मजदूरों के संघर्ष और शहादत के कारण दुनिया के मजदूरों को आठ घंटा कार्य अवधी का स्वीकृति मिला। मजदूरों के हक और अधिकार के लिए कानून बना। लेकिन आज देश में 44 कानून को समाप्त करके चार कोड बना दिया गया है यह 04 कोड मजदूरों का गुलामी का दस्तावेज है। कल्याणकारी योजनाएं ध्वस्त हो रहा है गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी, विस्थापन बढ़ रहा है। दूसरे तरफ दो-नंबरी लोग गुलछरे उड़ा रहा है और आम आवाम बेहाल है। इसलिए मजदूर दिवस की प्रांसगिकता पहले की अपेक्षा बढ़ रहा है। मौके पर मुख्य रूप से मो. हसन, का. विशेश्वठाकुर, का. शहीद अंसारी, का. प्रमोद रजक, प्रदीप कुमार, महेंद्र तुरी, धर्मेंद्र, कुंवर लाल, अशोक उराव, आरजू खान, अब्दुल मनान, अख्तर हुसैन, धनंजय सिंह, रोहित पटेल, दिनेश पासी आदि उपिस्तिथ थे।

विष्णुगढ़ में युवा वैज्ञानिक गोपाल का स्वागत

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। भागलपुर के रहने वाले देश के सबसे कम उम्र के वैज्ञानिक जिसे बनाना बॉय के नाम से देश व विदेश मे जाना जाता है, का आगमन विष्णुगढ़ के मित्र पवन प्रताप के आवास में हुआ। इन्होंने केले के पौधे पर शोध कर वह सफलता प्राप्त किया है, जिस युक्ति को पाने के लिए चीन और नासा ने कई बार ऑफर किया पर इसने अपने देश के लिए काम करने को निश्चय किया है। इस प्रोजेक्ट के भविष्य को देख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑफर किया और जरूरत की सभी सुविधा मुहैया कराया है, जिसपर भागलपुर में काम कर रहा है।

अपराधियों ने रेलवे लाइन निर्माण स्थल पर फायरिंग कर दहशत फैलाया

- फायरिंग के बाद जेसीबी ऑपरेटर व अन्य मजदूर भागे
- पुलिस ने नौ एमएम पिस्टल का एक खोखा बरामद किया

आजाद सिपाही संवाददाता

पतरातू। पतरातू थाना अंतर्गत जय नगर स्थित मिडिल स्कूल के समीप चल रहे रेलवे लाइन निर्माण स्थल के पास हथियार बंद अज्ञात अपराधियों ने दस्तक दी है। मंगलवार को दोपहर करीब 1:15 बजे रेलवे लाइन निर्माण स्थल पर हवाई फायरिंग करते हुए अपराधी भाग निकले। ज्ञात हो कि पीवीयूनएल एनटीपीसी के लिए जयनगर गांव से होते हुए पीवीयूएनएल के निमार्णाधीन प्लांट तक रेलवे लाइन बिछाने का कार्य हरदेव कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी के द्वारा की जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ माह पूर्व भी कंपनी के साइडिंग पर अज्ञात अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत फैलाया था। जिसके बाद कंपनी निर्माण स्थल पर यह दूसरी हवाई फायरिंग की घटना है। मंगलवार के दोपहर हुई फायरिंग की घटना के बाद पतरातू पुलिस को सूचना मिलते ही एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी और थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। फायरिंग की घटना के बाद कार्य कर रहे जेसीबी चालक फरार पाया गया। जबकि अन्य मजदूर भी वहां पर नहीं मिले। पुलिस के द्वारा छानबीन के बाद निर्माण स्थल से एक नौ एमएम पिस्टल का एक खोखा बरामद किया है। जबकि पुलिस जेसीबी चालक और हृदय कंस्ट्रक्शन मैनेजर से लगातार बातचीत करने का प्रयास कर रही थी। इधर घटना के संबंध में एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि फायरिंग की घटना लेवी को लेकर हो सकता है पुलिस जांच में जुटी हुई है। वहीं थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने बताया कि फायरिंग की घटना हुई है एक खोखा बरामद हुआ है। सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। घटना के पीछे क्या मकसद है जांच की जा रही है।

E-mail-mdjscb@gmail.com / mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111

JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI

1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001 Website:- jscb.gov.in

अति आवश्यक सूचना

आज दिनांक 29.04.2023 को **श्रीमती विभा सिंह,** माननीय, अध्यक्ष महोदया, झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के नेतृत्त्व में निदेशक पर्षद के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2018 एवं वर्ष 2019 हेतु बैंक के द्वारा बीमित लाभुक कृषकों, जिनकी क्षतिपूर्ति राशि उनके खातों में हस्तांतरित होने में कठिनाई आ रही है, वे अपना आवेदन झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक के सम्बंधित शाखा में समर्पित करेंगे।

उक्त के आलोक में बैंक के सभी सम्मानित ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि वे अपना आवेदन सम्बंधित नजदीकी शाखा में यथाशीघ्र समर्पित करें। सम्बंधित शाखा आवेदन प्राप्त कर निर्दिष्ट कमियों (IFSC Code, Account Number, Land Survey Number, Sub-division Number आदि) में सुधार करते हुए, इन्हें सम्बंधित बीमा कंपनियों को बैंक मुख्यालय को सूचित करते हुए प्रेषित करेंगे, जिससे कि बीमा कंपनियों के द्वारा क्षतिपूर्ति राशि बैंक के सभी सम्मानित ग्राहकों / कृषकों के खाते में तत्काल हस्तांतरित की जा सके।

(डॉ मनोज कुमार)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि.

कॉलेज के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रिभर साईड स्थित जुबिली कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 के स्वयंसेवकों ने मजदूर दिवसर के अवसर सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाया। डॉ. महेंद्र पांडेय एवं कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में फैली गंदगी व कुडे-कचरे की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। मोके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने स्वयंसेवकों द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए सबों से महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने में सहयोग करने की अपील की। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में निशा, नीलम, ईशा, शिवानी, स्नेहा, अजय, सुजल आदि का विशेष योगदान रहा।

राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन ने मनाया अंतरर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सेंट्रल सौन्दा हाथीदाड़ी क्षेत्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन के तत्वावधान में सोमवार को मजदूर दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता जगरनाथ पासवान व संचालन सुरेश प्रसाद सिन्हा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के केन्द्रीय सचिव मनोज गुप्ता ने झंडोत्तोलन कर किया। मौके पर मनोज गुप्ता ने कहा कि मजदूर दिवस के दिन ही अमेरिका के सिकागो शहर में मजदूरों के उपर बम विस्फोट किया गया था। जिसमें सौ से अधिक मजदूर घायल हो गये थे। उस समय मजदूरों से 16-17 घंटा काम लिया जाता था। मालिकों से मजदूरों का कहना था कि सिर्फ 8 घंटा ही काम लिया जाये। जिसे लेकर मालिकों द्वारा बम विस्फोट किया गया। इसमें कई लोग मारे गये जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। मजदूरों के खून से पूरा शहर लाल हो गया। इसके पूर्व शहीद मजदूरों के प्रति दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही दुनिया के मजदूर एक हो का नारा भी बुलंद किया गया। मौके पर मनोज गुप्ता, आजाद भुंइया, सुनील पासवान, दीपू महतो, सुरेश महतो, कुंदन कुमार, पुतुल साव सहित कई लोग मौजूद थे।

क्षेत्रीय कमेटी की बैठक संपन्न

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के क्षेत्रीय कमेटी की बैठक सोमवार को बरका सयाल कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता इंद्रदेव राम व संचालन संजय मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के केन्द्रीय महासचिव सतीश सिन्हा, केन्द्रीय उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास्तव उपस्थित थें। इसके पूर्व 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित करते हुए वीर शहीद मजदूर को याद किया गया। मौके पर सतीश सिन्हा ने कहा कि हम सब मजदूरों को शपथ लेना चाहिए की जो हक और अधिकार मिला है उसे किसी भी हाल में छीनने नही देंगे। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मजदूरों के समस्याओं के समाधान व उनके हक-अधिकार के लिए हमसबों को लड़ाई और तेज करनी होगी। निर्णय हुआ की 26 मई को बरका-सयाल क्षेत्र के मजदूरों के विभिन्न समस्या को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष महाधरना दी जायेगी। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों मजदूर भाग लेंगे। मौके पर संजय मिश्रा, इंद्रदेव राम, गुरुदयाल ठाकुर, बिनोद कुमार सिंह, रणधीर साव, बिनोद कुमार, शिवनंदन दास, कमल सिंह, अनजान दास, अनिल राम, सुदेश्वर दुसाद, डोमा, संजीव कुमार, संजय कुमार, मनोज करमाली, जितेंद्र करमाली, सनी कुमार आदि मौजूद थें।

श्रमिक दिवस में बरका सयाल एरिया को मिला पुरस्कार

उरीमारी (आजाद सिपाही)। दरभंगा हाउस सीसीएल रांची में सोमवार को श्रमिक दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सीसीएल के अध्यक्ष प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद निर्देशक तकनीकी रामबाबू प्रसाद और चीफ विजिलेंस ऑफिसर पंकज मिश्रा जेबीसीसीआई सदस्य रमेंद्र कुमार और सेफ्टी बोर्ड सदस्य वेलफेयर बोर्ड सदस्य जेसीसी सदस्य सभी विभाग के विभागाध्यक्ष और सभी एरिया के महाप्रबंधक के साथ-साथ सभी परियोजना के परियोजना पदाधिकारी, खान प्रबंधक उपस्थित थे। बरका सयाल एरिया से पुरस्कार लेने के लिए महा प्रबंधक अजय कुमार सिंह, के नेतृत्व में बिरसा पिओ डी शिवादास, भुरकुंडा पी ओ मनोज पाठक, अमला अधिकारी अमरेंद्र कुमार, अमला अधिकारी राजेश कुमार, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, खान प्रबंधक यू एन प्रसाद, बिरसा मैनेजर रामेश्वर मुंडा, संजय सिंह, अमला अधिकारी खनन अजय मेहता, विजय कुमार सिंह, जयंत कुमार, गौतम कुमार, प्रवीण सहारे, दीपदास गुप्ता, केदार राम, जयप्रकाश, गुरजीत सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

डीडीसी ने आयुष्मान भारत के जिला स्तरीय समिति में दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में अस्पताल प्रबंधन और आयुष्मान भारत की जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम डीडीसी ने नये सदर अस्पताल का एनक्यूएएस अवार्ड के लिए चयन होने पर सभी को बधाई दी। साथ ही उन्होंने एनक्यूएएस मानक को पूरा करने के लिए अस्पताल की मरम्मती का कार्य एवं आवश्यक सामग्री को पूरा करने का निर्देश सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार को दिया। उन्होंने अस्पताल में मानव संसाधन (फार्मासिस्ट, रेडियोग्राफर, सफाई कर्मी, सुरक्षाकर्मी) को रखने का भी निर्देश दिया।

ऑक्सीजन पाइप लाइन का कार्य यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने सदर अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लाइन का कार्य यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अस्पताल में बाहरी मरीजों के परिजनों हेतु मूलभूत सुविधाएं पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था आदि उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। वहीं उन्होंने ट्रॉमा सेंटर एवं नए सदर अस्पताल में दैनिक कार्य करने हेतु डेली वेजेस पर कर्मियों की नियुक्ति करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान आयुष्मान भारत योजना के चर्चा के दौरान श्री सिन्हा ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों के निबंधन से उनके जांच, दवाएं सहित डिस्चार्ज होने तक उन्हें निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में ये थे उपस्थित बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक लता तिर्की, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, डीआरसीएचओ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल आनंद कुमार सिंह, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ उदय श्रीवास्तव, अस्पताल प्रबंधक अतिंद्र उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित थे।

फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने पुणे में फहराया विशाल राष्ट्रीय ध्वज

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया गर्व व सम्मान के साथ प्रतिदिन राष्ट्रीय ध्वज फहराने व देश भक्ति जगाने के लिए नागरिकों को जागरूक करने का निरंतर अभियान चला रहा है। इसी मिशन के तहत पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी) के प्लेटिनम जुबली समारोह में फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन जिन्दल ने 108 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहरा राष्ट्र को समर्पित किया। ज्ञात हो कि एएफएमसी चिकित्सा व नर्सिंग छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण देता है। मौके पर नवीन जिंदल ने कहा कि एएफएमसी की राष्ट्र की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज देश के नागरिकों के बीच एकता व समानता का प्रतीक है। मौके पर राज्यसभा सांसद सह एएफएमसी के पूर्व निदेशक सेवानिवृत लेफ्टीनेंट जनरल डॉ. वीपी वत्स ने कहा कि स्कूलों के पाठ्यक्रमों में भी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के बारे में एक चैप्टर हो। ताकि आने वाली पीढ़ियां तिरंगा के महत्व को समझ सकें। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल के लंबी कानूनी लड़ाई के बाद प्रतिदिन राष्ट्रीय ध्वज का सम्मानपूर्वक प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार बन गया है। समारोह में लेफ्टीनेंट जनरल दलजीत सिंह, मेजर जनरल असीम कोहली सहित कई लोग मौजूद थें।

शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 1055 दिनांक 26.03.2023 के अनुसार मैं, नविन कुमार पांडेय, पिता-रमेश पांडेय, निवासी ग्राम-गोसांग, पोस्ट - कुशहा, थाना- कांडी, जिला - गढ़वा, झारखंड शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान देता हूं किः-

1. यह कि मैं उपरोक्त पत्ते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि अंजली पांडेय (ANJALI PANDEY) मेरी पुत्री है।
3. यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड संख्या 3639 2591 6449 में नाम (JANU PANDEY) एवं जन्म तिथि 2008 दर्ज है जो गलत है।
4. यह कि मेरी पुत्री का स्कूल नामांकन पंजी में नाम अंजली पांडेय (ANJALI PANDEY) एवं जन्म तिथि 20/03/2009 ई. है जो सही है।
5. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अंजली पांडेय (ANJALI PANDE) एवं वास्तविक जन्म तिथि 20/03/2009 है।
6. यह कि यह शपथ पत्र में मेरी पुत्री का आधार कार्ड में दर्ज गलत नाम एवं जन्म तिथि सुधार कर वास्तविक नाम एवं जन्म तिथि दर्ज कराने के निमित्त निष्पादित कर रहा हूं।
7. यह कि उपरोक्त सभी ब्यान मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।

हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर महिला ने शुरू किया आंदोलन

एसपी ऑफिस के दरवाजे के सामने बच्चों के साथ धरना पर बैठी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। पति के हत्यारे की गिरफ्तारी का मांग को लेकर पत्नी ने अपने बच्चों के साथ अनिश्चितीकालीन एसपी कार्यालय के मुख्य द्वार के निकट धरने पर बैठ गई है। वे अपने बच्चों के साथ पिछले पांच दिनों से धरने पर बैठी है। लेकिन अबतक जिले के एक भी पदाधिकारी या कोई नेता हाल पूछने नहीं आए। पांचवें दिन अपने पिता के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर अपनी मां संग बैठी 9 वर्षीय बच्ची लक्ष्मी कुमारी की तबियत बिगड़ गई। बच्ची को तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी तबियत स्थिर है।

पीड़िता से मिले पूर्व विधायक।

इधर पांचवें दिन धरने पर बैठे पीड़ित परिवार से मिलने पूर्व विधायक शंकर चौधरी पहुंचे। पीड़ित परिवार से उनका हाल जाना। वहीं रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने भी पीड़ित परिवार का बताया कि पुलिस अपना काम कर रही है। इसलिए आप लोग धरने से उठ अपने घर चले जाये। इंसाफ के हर दरबाजे पर दस्तक दे रहा है पीड़ित परिवार बताया जाता है कि सीआरपी पद पर कार्यरत गयाराम महथा की हत्या का मामला 30 जनवरी को गोला थाना में दर्ज कराया गया था। इस मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से भी मिलकर न्याय की गुहार लगा चुके है। लेकिन उन्हें अबतक न्याय नहीं मिला है।

परवरिश एजुकेयर स्कूल में मना मजदूर दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। परवरिश एजुकेयर स्कूल, कुजू प्रांगण में मजदूर दिवस पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। वही, समाज में एक आवश्यक भूमिका निभाने वाले मेहनती व समर्पित कार्यकताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशेष सभा का आयोजन की। साथ ही, छात्रों और शिक्षकों ने भाषणों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के माध्यम से श्रमिकों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी ने विद्यालय के कर्मचारियों को माल्यार्पण कर उन्होंने समाज में श्रमिकों के महत्व व देश के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों से सभी श्रमिकों का सम्मान करने और उनकी सेवाओं के लिए आभारी होने का आग्रह किया। तत्पश्चात छात्रों ने गीत, नृत्य और स्किट सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की। जिसमें श्रमिकों के दैनिक जीवन और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को दशार्या गया। वही, निदेशक शैलेंद्र सिंह, प्रबंध निदेशक विकास सिंह एवं छात्रों ने कार्यकताओं को उपहार देकर सम्मानित किया और उनकी मेहनत और लगन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

हंटरगंज के विशाल और अनिरुद्ध ने मेंस परीक्षा में पायी सफलता

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। जिला प्रशासन के पहल के बाद देश के उत्कृष्ट इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेजों में दाखिला के साथ सिविल सर्विस के तैयारी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इंटीग्रेटेड कोचिंग प्रोग्राम चलाया जा रहा है। इस कोचिंग में जिले के छात्राओं को निःशुल्क तैयारी करायी जाती है। अब सफलता दिखने लगा हैं। इसी कड़ी में जिले के हंटरगंज प्रखंड के केदली खुर्द के अनिरुद्ध कुमार, और प्रखंड के पाण्डेयपुरा के विशाल कुमार ने जी जॉइन इनट्रेन्स परीक्षा में सफलता हाथ लगी है।

उक्त दोनो छात्र जिला प्रशासन चतरा द्वारा संचालित इंटीग्रेटेड कोचिंग में सत्र 2023 -24 के छात्र है। दोनों छात्र जी मेंस परीक्षा में उतीर्ण हुआ है।

अब जी एडवांस्ड परीक्षा में शामिल होने हेतु चयनित हुए है। उपायुक्त ने दोनों सफल व भविष्य की उज्वल कामना करते है।

पूर्व तट रेलवे

पार्सल स्थान लीज पर देने के लिए ई-नीलामी

58 SLRs एवं 10 VPs की नीलामी

क्र. सं.	ट्रेन नं. एवं CC टन में	स्टेशन से - तक	SLR आगे/पीछे	आवृत्ति	लॉट प्रारंभ समय	लॉट बंद समय
1	18463-64 (24 T)	भुवनेश्वर-बेंगलूरु सिटी	VP	7 दिन	1130 बजे	1200 बजे
2	22866-65 (24 T)	पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस	VP	1 दिन	1130 बजे	1210 बजे
3	12898-97 (24 T)	भुवनेश्वर-पुडुचेरी	VP	1 दिन	1130 बजे	1220 बजे
4	12880-79 (24 T)	भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस	VP	2 दिन	1130 बजे	1230 बजे
5	12843-44 (24 T)	पुरी-अहमदाबाद जंक्शन	VP	4 दिन	1130 बजे	1240 बजे
6	12146-45 (24 T)	पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस	VP	1 दिन	1130 बजे	1250 बजे
7	18477-78 (23 T)	पुरी-योग नगरी ऋषिकेश	VP	7 दिन	1130 बजे	1300 बजे
8	12830-29 (24 T)	भुवनेश्वर-एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल	VP	1 दिन	1130 बजे	1310 बजे
9	22805-06 (24 T)	भुवनेश्वर-आनंद विहार टर्मिनल	VP	1 दिन	1130 बजे	1320 बजे
10	12815-16 (24 T)	पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल	VP	2 दिन	1130 बजे	1330 बजे
11	20861 & (3.9T)	पुरी-अहमदाबाद जंक्शन	R-1	1 दिन	1030 बजे	1100 बजे
12	12880 & (3.9T)	भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस	R-1	2 दिन	1030 बजे	1110 बजे
13	22974 & (3.9T)	पुरी-गांधीधाम जंक्शन	R-1	1 दिन	1030 बजे	1120 बजे
14	12822 & (3.9T)	पुरी-शालीमार	R-1	7 दिन	1030 बजे	1130 बजे
15	22836 & (3.9 T)	पुरी-शालीमार	F-1	1 दिन	1030 बजे	1140 बजे
16	22879 & (3.9T)	भुवनेश्वर-तिरुपति	F-1	1 दिन	1030 बजे	1150 बजे
17	20918 & (3.9T)	पुरी-इन्दौर जंक्शन	F-1	1 दिन	1030 बजे	1200 बजे
18	22910 & (3.9T)	पुरी-बलसाड	R-1	1 दिन	1030 बजे	1210 बजे
19	12845 & (3.9T)	भुवनेश्वर-बेंगलूरु कैंट	R-1	2 दिन	1030 बजे	1220 बजे
20	22833 & (3.9T)	भुवनेश्वर-कृष्णराजपुरम	R-1	1 दिन	1030 बजे	1230 बजे
21	18417 & (4 T)	पुरी-गुणुपुर	F-1	7 दिन	1030 बजे	1240 बजे
22	12888 & (3.9T)	पुरी-शालीमार	R-1	7 दिन	1030 बजे	1250 बजे
23	12994 & (3.9T)	पुरी-गांधीधाम जंक्शन	F-1	1 दिन	1030 बजे	1300 बजे
24	17479 & (4 T)	पुरी-तिरुपति	F-1	5 दिन	1030 बजे	1310 बजे
25	12281 & (3.9T)	भुवनेश्वर-नई दिल्ली	F-1	1 दिन	1030 बजे	1320 बजे
26	22871 & (3.9T)	भुवनेश्वर-तिरुपति	R-1	1 दिन	1030 बजे	1330 बजे
27	18417 & (4 T)	पुरी-गुणुपुर	R-1	7 दिन	1030 बजे	1340 बजे
28	18447 & (3.9T)	भुवनेश्वर-जगदलपुर	F-1	7 दिन	1030 बजे	1350 बजे
29	20472 & (3.9 T)	पुरी-बिकानेर जंक्शन	F-1	1 दिन	1030 बजे	1400 बजे
30	20896 & (3.9T)	भुवनेश्वर-रामेश्वरम	R-1	1 दिन	1030 बजे	1410 बजे
31	18419 & (3.9T)	पुरी-जयनगर	R-1	7 दिन	1030 बजे	1420 बजे
32	22840 & (3.9T)	भुवनेश्वर-राउरकेला	F-1	7 दिन	1030 बजे	1430 बजे
33	20817 & (3.9T)	भुवनेश्वर-नई दिल्ली	F-1	1 दिन	1030 बजे	1440 बजे
34	22882 & (3.9T)	भुवनेश्वर-पुणे	R-1	2 दिन	1030 बजे	1450 बजे
35	22827 & (3.9T)	पुरी-सूरत	R-1	1 दिन	1030 बजे	1500 बजे
36	12898 & (3.9T)	भुवनेश्वर-पुडुचेरी	F-1	1 दिन	1030 बजे	1510 बजे
37	17479 & (4 T)	पुरी-तिरुपति	F-1	5 दिन	1030 बजे	1520 बजे
38	18449 & (3.9T)	पुरी-पटना जंक्शन	R-1	1 दिन	1030 बजे	1530 बजे
39	20819 & (3.9T)	पुरी-ओखा	R-1	1 दिन	1030 बजे	1540 बजे
40	12146 & (3.9T)	पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस	R-1	1 दिन	1030 बजे	1550 बजे
41	22805 & (3.9T)	भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल	R-1	1 दिन	1030 बजे	1100 बजे
42	12801 & (3.9T)	पुरी-नई दिल्ली	F-1	7 दिन	1030 बजे	1110 बजे
43	20837 & (4 T)	भुवनेश्वर-जूनागढ़ रोड	F-1	7 दिन	1030 बजे	1120 बजे
44	22819 & (4 T)	भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम	F-1	7 दिन	1030 बजे	1130 बजे
45	18304 & (4T)	पुरी - सम्बलपुर	F-1	7 दिन	1030 बजे	1140 बजे
46	20857 & (3.9T)	पुरी - साईनगर शिर्डी	F-1	1 दिन	1030 बजे	1150 बजे
47	22823 & (3.9T)	भुवनेश्वर-नई दिल्ली	F-1	4 दिन	1030 बजे	1200 बजे
48	12843 & (3.9T)	पुरी-अहमदाबाद जंक्शन	F-1	4 दिन	1030 बजे	1210 बजे
49	18126 & (4 T)	पुरी-राउरकेला	F-1	7 दिन	1030 बजे	1220 बजे
50	18477 & (4 T)	पुरी-योग नगरी ऋषिकेश	R-1	7 दिन	1030 बजे	1230 बजे
51	20823 & (3.9T)	पुरी-अजमेर जंक्शन	F-1	2 दिन	1030 बजे	1240 बजे
52	12074 & (3.9T)	भुवनेश्वर-हावड़ा जंक्शन	F-1	7 दिन	1030 बजे	1250 बजे
53	20837 & (4 T)	भुवनेश्वर-जूनागढ़ रोड	R-1	7 दिन	1030 बजे	1300 बजे
54	18126 & (4 T)	पुरी-राउरकेला	R-1	7 दिन	1030 बजे	1310 बजे
55	12896 & (3.9T)	पुरी-शालीमार	R-1	7 दिन	1030 बजे	1320 बजे
56	22890 & (3.9T)	पुरी - दीघा	R-1	1 दिन	1030 बजे	1330 बजे
57	12811 & (3.9T)	पुरी-नई दिल्ली	R-1	7 दिन	1030 बजे	1340 बजे
58	18410 & (4 T)	पुरी-शालीमार	F-1	7 दिन	1030 बजे	1350 बजे
59	12819 & (3.9T)	भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल	F-1	2 दिन	1030 बजे	1400 बजे
60	12875 & (3.9T)	पुरी-आनंद विहार टर्मिनल	F-1	3 दिन	1030 बजे	1410 बजे
61	12875 & (3.9T)	पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल	R-1	3 दिन	1030 बजे	1420 बजे
62	22202 & (3.9T)	पुरी-सियालदह	F-1	4 दिन	1030 बजे	1430 बजे
63	18452 & (3.9T)	पुरी-हटिया	F-1	7 दिन	1030 बजे	1440 बजे
64	18410 & (4 T)	पुरी-शालीमार	R-1	7 दिन	1030 बजे	1450 बजे
65	18477 & (4 T)	पुरी-योग नगरी ऋषिकेश	F-1	7 दिन	1030 बजे	1500 बजे
66	22819 & (4 T)	भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम	R-1	7 दिन	1030 बजे	1510 बजे
67	18022 & (4 T)	खोरधा रोड - खड़गपुर ज.	F-1	7 दिन	1030 बजे	1520 बजे
68	22819 & (4 T)	भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम	F-2	7 दिन	1030 बजे	1530 बजे

लॉट प्रारंभ होने की तिथि : 10.05.2023 (क्र.सं. 01 से 10 के लिए), **11.05.2023** (क्र.सं. 11 से 40 के लिए), **12.05.2023** (क्र.सं. 41 से 68 के लिए), **लॉट बंद होने की तिथि : 10.05.2023** (क्र.सं. 01 से 10 के लिए), **11.05.2023** (क्र.सं. 11 से 40 के लिए), **12.05.2023** (क्र.सं. 41 से 68 के लिए), **न्यूनतम वृद्धि** : 0.20% (राशि के लिए)। क्र.सं. 1 से 10 नीलामी सूची सं. **VP-KUR-MAY-01**, क्र.सं. 11 से 40 नीलामी सूची सं. **SLR-MAY-2022-01**, क्र.सं. 41 से 68 नीलामी सूची सं. **SLR-MAY-2022-02**

उपरोक्त ई-नीलामी सूचना का संपूर्ण विवरण वेबसाइट : **https://www.ireps.gov.in** में उपलब्ध है।

PR-111/O/23-24 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / खोरधा रोड

डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं, जल्द निष्पादन का निर्देश

रामगढ़ (आजाद सिपाही संवाददाता)। डीसी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से डीसी को अवगत कराया। जिसके उपरांत डीसी ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

कुटुंब न्यायालय की स्थापना से लंबित मामलों में जल्द मिलेगा न्याय

रामगढ़ में कुटुंब न्यायालय की हुई स्थापना, लोलार्क दुबे करेंगे न्याय

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा रामगढ़ में कुटुंब न्यायालय की स्थापना की गयी। जिसके न्यायाधीश लोलार्क दुबे को कुटुंब न्यायालय का प्रधान जज नियुक्त करते हुये व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में बुधवार को कुटुंब न्यायालय का न्यायिक कार्य प्रारंभ हो गया है। अब पारिवारिक विवाद संबंधित सभी मामलों की सुनवाई कुटुंब न्यायालय के तहत ही होगी। मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि जिला में व्यवहार न्यायालय के स्थापना के समय से ही कुटुंब न्यायालय की स्थापना की मांग की जा रही थी और पिछले दो-तीन वर्षों में इसके लिए बराबर जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ की ओर से माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और जोनल न्यायाधीश से पत्राचार कर मांग की जा रही थी, जो आज पूरी हुयी। कुटुंब न्यायालय का न्यायिक कार्य प्रारंभ होने से पारिवारिक विवादों के निपटारों में तेजी आएगी, साथ ही शीघ्र पक्षकार को न्याय मिलेगा। व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में कुटुंब न्यायालय स्थापित होने से अधिवक्ताओं में हर्ष है।

अन्य लंबित मामलों में त्वरित होगी कार्रवाई

जिला के सरकारी अधिवक्ता संजीव अंबास्था ने कहा कि व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में कुटुंब न्यायालय की स्थापना से लंबित मामलों में त्वरित कार्यवाही होते हुए पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिलेगा और प्रधान जिला न्यायाधीश के यहां लंबित पारिवारिक मामलों का बोझ कम होगा, जिससे अब अन्य लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई होगी।

अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल कुटुंब न्यायाधीश से की मुलाकात

जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश लोलार्क दुबे से संघ की वार्षिक डायरी देकर स्वागत करते हुए शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि वह सभी के सहयोग से और न्यायिक प्रणाली के तहत कुटुंब न्यायालय के न्यायिक कार्यों का शीघ्रता से निष्पादन करेंगे। इस दौरान संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने न्यायाधीश को यह भरोसा दिलाया कि जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के सभी अधिवक्ता उनको न्यायिक कार्य में पूर्ण सहयोग करेंगे एवं पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय मिल सके, इसमें उनका पूरा सहयोग रहेगा।

इन अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के उपाध्यक्ष झलकदेव महतो, महासचिव सीताराम, कोषाध्यक्ष हरकनाथ महतो, लाइब्रेरियन शंभू तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य सुबोध पांडे, सतीश पाठक, योगेश पांडे, राजेंद्र महतो, सरकारी अधिवक्ता संजीव संजीव अंबास्थ, वरीय अधिवक्ता दीपक रंजन, दिनेश कुमार, महेंद्र महतो, नौशाद अहमद, डी एन सिंह, अभिषेक दराद आदि उपस्थित थे।

कितने मुश्किल हैं सरहद के सवाल

देश के नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने एक कार्यक्रम के दौरान हिंद महासागर क्षेत्र में चल रही चीनी गतिविधियों पर रोशनी डालते हुए जो कुछ बताया, उससे साफ है कि चीन की आक्रामकता में कोई कमी नहीं आयी है। नेवी चीफ के मुताबिक चीनी हरकतों के चलते उस समुद्र क्षेत्र में रोज ही किसी न किसी रूप में संघर्ष होता है। ऐसे में उनका यह आकलन ठीक ही है कि अभी भले बात छोटे-मोटे टकरावों तक सीमित हो, युद्ध छिड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। लिहाजा उसके लिए खुद को तैयार तो रखना ही होगा। हमारी सेनाएं अपने स्तर पर इसके लिए हमेशा तैयार रहती भी हैं। जहां तक दोनों देशों के रिश्तों का सवाल है, तो चीन के रुख का अंतर्विरोध ही संबंधों में सुधार की राह में सबसे बड़ा अड़ंगा बना हुआ है। वह बातें तो मीठी-मीठी करता है, लेकिन व्यवहार में आक्रामकता बनाये रखता है। अभी पिछले सप्ताह ही चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में शिरकत करने भारत आए थे। यह गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद से किसी चीनी रक्षा मंत्री की पहली भारत यात्रा थी और इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ उनकी द्विपक्षीय बातचीत भी हुई। कहने की जरूरत नहीं कि यह भी दोनों पक्षों के बीच तनाव में एक हद तक कमी आने और एक तरह की समझ बनने से ही संभव हुआ। एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह ने चीन को खरी-खरी सुनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। चीन का जोर इस बात पर था कि सीमा पर जो मतभेद हैं, उन्हें एक तरफ करके रिश्तों को सुधारने पर ध्यान दिया जाये। लेकिन भारत ने स्पष्ट किया कि रिश्तों में सुधार की बात तब तक नहीं की जा सकती, जब तक सीमा पर गलवान भिड़ंत से पहले की स्थिति बहाल करते हुए तनाव समाप्त न कर लिया जाये। चीन ने जिस तरह से अब तक के तमाम समझौतों का उल्लंघन करते हुए सीमा पर एकतरफा ढंग से यथास्थिति बदलने का प्रयास किया, उससे उस विश्वास को चोट पहुंची जो आपसी रिश्ते का आधार था। ऐसे में सीमा पर बने हालात को नजरअंदाज करके रिश्तों को सुधारने का सुझाव नहीं स्वीकार किया जा सकता। लेकिन किसी भी तरह का गतिरोध बातचीत से ही टूटता है। इसीलिए भारत ने अपना पक्ष मजबूती से रखते हुए भी संवाद में कोई बाधा नहीं डाली। एससीओ की बैठक के सिलसिले में अभी चीनी नेताओं का आना जारी रहेगा। जुलाई में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी आने वाले हैं। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए बातचीत के जरिए सीमा विवाद की जटिलता कुछ कम की जा सके तो यह दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा।

चीन ने जिस तरह से अब तक के तमाम समझौतों का उल्लंघन करते हुए सीमा पर एकतरफा ढंग से यथास्थिति बदलने का प्रयास किया, उससे उस विश्वास को चोट पहुंची जो आपसी रिश्ते का आधार था।

अभिमत
आजाद सिपाही

हलाल-हिजाब जैसे मुद्दे या यहां तक कि टीपू सुल्तान की विरासत के इर्द-गिर्द होने वाली बहसें कर्नाटक चुनाव में उतनी प्रभावशाली नहीं लगतीं, जितनी एक साल पहले राज्य की राजनीति में थीं। यह कहना नहीं है कि हिंदुत्व बिल्कुल भी नहीं है। सबसे खास बात यह है कि अगर भाजपा मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत नौकरियों का कोटा खत्म करना चाहती है तो यह एक मुद्दा है। फिर भी तटीय कर्नाटक में, जिसे हिंदुत्व की राजनीति का गढ़ माना जाता है, भाजपा अपनी हिंदुत्व विचारधारा को आगे बढ़ाती दिख रही है।

हलाल-हिजाब के मुद्दे कर्नाटक में बेअसर

शिवम विज

अच्छे कारणों से हमें अक्सर बताया जाता है कि भारत की सत्तारूढ़ भाजपा चुनाव जीतने के लिए हिन्दू राष्ट्रवाद की अपनी विचारधारा का उपयोग करती है। वैचारिक दावे ने मतदाताओं को ध्रुवीकरण करने में मदद की और भाजपा जीत गयी तो फिर हम कैसे समझते हैं कि भाजपा वास्तव में कर्नाटक विधानसभा चुनावों में हिन्दुत्व को कमतर आंक रही है?

हलाल-हिजाब जैसे मुद्दे या यहां तक कि टीपू सुल्तान की विरासत के इर्द-गिर्द होने वाली बहसें कर्नाटक चुनाव में उतनी प्रभावशाली नहीं लगतीं, जितनी एक साल पहले राज्य की राजनीति में थीं। यह कहना नहीं है कि हिंदुत्व बिल्कुल भी नहीं है। सबसे खास बात यह है कि अगर भाजपा मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत नौकरियों का कोटा खत्म करना चाहती है तो यह एक मुद्दा है। फिर भी तटीय कर्नाटक में, जिसे हिंदुत्व की राजनीति का गढ़ माना जाता है, भाजपा अपनी हिंदुत्व विचारधारा को आगे बढ़ाती दिख रही है। सच तो यह है कि यह कोई अनोखी घटना नहीं है।

हम 2022 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले उस घटना को याद कर सकते हैं, जब भाजपा आलोचकों की इस आशंका पर खरी नहीं उतरी थी क्योंकि वह हिंदुत्व के मुद्दे को उठायेगी।

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विवादास्पद मुद्दे को पूरी तरह से भुला दिया गया है।

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विवादास्पद मुद्दे को पूरी तरह से भुला दिया गया है। यह एक ऐसा मुद्दा था जिसे कई लोगों ने महसूस किया था कि इसे मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल में राजनीतिक लाभ लेने के लिए उठाया गया था। वास्तव में यह

पिछले 2 आम चुनावों की ही बात कर लें। 2014 में मोदी अभियान विकास और आर्थिक प्रगति के वायदे के इर्द-गिर्द केंद्रित था, जबकि 2019 का अभियान राष्ट्रीय सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के इर्द-गिर्द था। चाहे वह उत्तर प्रदेश का चुनाव हो या गुजरात का हमने पिछले साल देखा कि किस तरह चुनाव से पहले हिंदुत्व की कट्टरता का वायदा किया गया था। जब हिंदुत्व अपनी आवाज बुलंद करता है, तो चुनाव आम तौर पर कम से कम एक वर्ष दूर होता है।

अधिकांश चुनावों के बारे में सकते हैं और भाजपा हिंदुत्व की कुछ सुर्खियां बटोरने वाले बयान देगी, लेकिन चुनाव के समय चुनाव का समय होने पर ध्रुवीकरण कहीं अधिक होता है।

पिछले 2 आम चुनावों की ही बात कर लें। 2014 में मोदी अभियान विकास और आर्थिक प्रगति के वायदे के इर्द-गिर्द केंद्रित था, जबकि 2019 का अभियान राष्ट्रीय सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के इर्द-गिर्द था। चाहे वह उत्तर प्रदेश का चुनाव हो या गुजरात का हमने पिछले साल देखा कि किस तरह चुनाव से पहले हिंदुत्व की कट्टरता का वायदा किया गया था। जब हिंदुत्व अपनी आवाज बुलंद करता है, तो चुनाव आम तौर पर कम से कम एक वर्ष दूर होता है।

उदारवादी और कट्टर हिंदुत्व : उदारवादी और कट्टर हिन्दुत्व के बीच तनाव पुराना है। 1980 के दशक में राम मंदिर के मुद्दे पर कितना पढ़ा जाना चाहिए, इस पर भाजपा के अनिर्णय के पीछे यही तनाव था। जब उन्होंने ऐसा किया, तो इसने भरपूर लाभांश प्राप्त किया। लेकिन इसने भाजपा को अपने दम पर सत्ता में नहीं आने दिया। गठबंधन सहयोगियों का विश्वास हासिल करने के लिए उन्हें नरम रुख अपनाना पड़ा और कठोर मुद्दों को ठंडे बस्ते में डालना पड़ा। भाजपा को उदारवादी मुखौटा या अटल बिहारी वाजपेयी के रूप में मुखौटा पेश करना पड़ा। फिर भाजपा लाल कृष्ण अडवानी तथा नरेंद्र मोदी के साथ कठिन रेखा पर आ गयी। जिन्होंने फिर से विकास पर बड़ा होने के लिए अपने दृष्टिकोण को नरम कर लिया। आप यहां जो देख रहे हैं वह एक पैटर्न है, एक टेढ़ा-मेढ़ा पैटर्न जो सीधा नहीं है। सवाल यह है कि चुनावी सफलता के रास्ते में आने वाले उतार चढ़ाव क्या तय करते हैं?

इसका उत्तर कोर और स्विंग मतदाताओं के बीच विरोधाभास में हित है। कोर मतदाता विचारधारा की सबसे अधिक परवाह करते हैं, जबकि स्विंग मतदाता दिन-प्रतिदिन के मुद्दों की अधिक परवाह करते हैं। कोर मतदाता चीका केक हैं, जबकि स्विंग मतदाता टोपिंग है। यह टोपिंग है जो चीज केक को अनूठा बनाती है। जब चुनाव का समय नहीं होता तब भाजपा मूल वोट आधार को चार्ज करने का कार्य करती है। यह तनाव हमेशा हल करना आसान नहीं होता और समय-समय पर राजनीतिक परियोजना 2 मेजों के बीच धराशायी हो सकती है। राम मंदिर आंदोलन के ठीक बाद या वाजपेयी युग के बाद भाजपा के साथ यही हुआ, जब कोर मतदाताओं को लगा कि उन्हें हल्के में लिया गया है। अपने कोर मतदाताओं को खुश रखना उतना ही जरूरी है, जितना स्विंग मतदाताओं को अपनी ओर खींचना। जब पार्टियां अपनी विचारधारा का दावा नहीं करतीं तो उनका पतन हो जाता है। बाकी समाज में आपके शब्द को फैलाने के लिए कोई प्रेरित आधार नहीं है। आम आदमी पार्टी का एक अच्छा उदाहरण है, जिसने 2011 में लोकपाल आंदोलन में अर्जित वैचारिक आधार को खत्म कर दिया। सिक्के का दूसरा पहलू तब होता है जब आप अपनी विचारधारा और अपने दायरे में इतने डूब जाते हैं कि स्विंग मतदाता वास्तव में आप को अलग-थलग पाते हैं। आप इसे कम्युनिस्ट पार्टियों और यहां तक कि मायावती के नेतृत्व वाली बसपा के बारे में कह सकते हैं जिसके स्विंग मतदाता को खींचने के प्रयोग 2007 में थोड़े समय के लिए सफल हुए थे।

राजनीति बनाम विचारधारा : यही कारण है कि जब भाजपा हिन्दुत्व को बढ़ा चढ़ाकर पेश करती है या जब वह इसे कमत्तर आंकती है तो यह वैचारिक प्रतिबद्धता का सवाल नहीं होता। यह पूरी तरह रणनीति का मामला है। कांग्रेस यह तर्क दे सकती है कि राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा उसके वैचारिक आधार को चार्ज करने की एक कवायद थी। और अब वह शासन और विकास के वायदों के माध्यम से कर्नाटक में स्विंग मतदाताओं को आकर्षित करने में अपना ध्यान केंद्रीय कर रही है। भारत छोड़ो यात्रा के उदाहरण को छोड़ कर हम देखते हैं कि विपक्षी दल अक्सर विचारधारा और रणनीति को लेकर भ्रमित रहते हैं। वह भाजपा से सीख सकते हैं जो चुनाव जीतने के बाद वैचारिक सिद्धांत को आगे बढ़ाती है।

जमशेदपुर की खबरें

बन्ना गुप्ता की शिकायत लेकर राजभवन पहुंचे विधायक सरयू

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय मंगलवार को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की कई शिकायतें लेकर राजभवन पहुंचे। राज्यपाल से मुलाकात कर उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को बन्ना गुप्ता के कथित अश्लील वीडियो चैट वायरल हुआ था। इसके अलावा मंत्री पर आर्म्स एक्ट का उल्लंघन कर अवैध पिस्टल रखने का भी आरोप लगा है। इन दोनों मामलों को लेकर उन्होंने पुलिस-प्रशासन और सरकार से कई बार मंत्री पर कार्रवाई करने की अपील की। लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण बन्ना गुप्ता पर पुलिस-प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की. सरयू राय ने आरोप लगाया कि बन्ना गुप्ता को सरकार का संरक्षण प्राप्त है, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद सरयू राय ने बताया कि पूरी बात सुनने के बाद ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में सरकार से रिपोर्ट मांगेंगे।

सरयू ने बन्ना पर ये की शिकायतें : कथित अश्लील वीडियो प्रकरण के बाद से सरयू राय लगातार बन्ना गुप्ता पर हमलावर हैं। 23 मार्च को वीडियो वायरल होने के बाद उन्होंने कहा कि यह वीडियो सिर्फ ट्रेलर है। इसके कई और एपिसोड हो सकते हैं। इसके बाद 24 अप्रैल को उन्होंने दावा किया कि वीडियो में जो महिला दिख रही है, वो जमशेदपुर के एक फर्नीचर हाउस में काम करती है। उन्होंने जमशेदपुर एसएसपी को पत्र लिखकर मंत्री और महिला का मोबाइल जब्त करने और उनपर एफआइआर दर्ज करने की मांग की। इसके बाद 28 अप्रैल को सरयू राय ने दावा किया कि बन्ना गुप्ता के पास एक प्रतिबंधित पिस्टल है। कानूनी प्रक्रिया पूरी किए बिना इस पिस्टल को रखा गया है. 29 अप्रैल को इसी मामले को लेकर उन्होंने जमशेदपुर डीसी को पत्र लिखा और जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। उसी दिन फिर उन्होंने पिस्टल के साथ मंत्री की एक तस्वीर अपने ट्विटर अकाउंट से शेयर किया. कैप्शन था- यह है प्रतिबंधित जी-लॉक पिस्टल, जिस पर झारखंड के मंत्री जी हाथ आजमा रहे हैं।

आदित्यपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

3.20 लाख नगद और चार लाख के ब्राउन शुगर के साथ भाई-बहन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला खरसावां जिले में एसपी आनंद प्रकाश के निर्देश पर आदिपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के कारोबारी भाई बहन को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान आरोपियों के पास से लगभग चार लाख का ब्राउन शुगर के साथ 3.2 लाख नगत बरामद कर लिया। मंगलवार को आदित्यपुर थाना में एसपी आनंद प्रकाश ने इसकी जानकारी दी। एसपी श्री प्रकाश ने बताया पुलिस के गिरफ्त में आए ब्राउन शुगर तस्कर इमदाद खान उर्फ बाबू और उसकी बहन आसमा परवीन शामिल है। जबकि गिरोह के सरगना मोगला की तलाश जारी है। एसपी आनंद प्रकाश ने बताया मोगला पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद का रहने वाला बताया जा रहा है। उन्होंने बताया पकड़े गए अपराधी इमदाद खान उर्फ बाबू साबिर हत्याकांड का फरार अभियुक्त है। इमदाद खान गिरफ्तारी के डर से गोलमुरी में किराए के मकान में रहने लगा था। साबिर हत्याकांड मामले में सद्दाम के जेल जाने के बाद उसकी बहन आसमा परवीन जमशेदपुर के धातकीडीह में रहकर मुर्शिदाबाद के रहने वाले मोगला के साथ ब्राउन शुगर की तस्करी करती थी। एसपी आनंद प्रकाश ने बताया 1 मई को रात करीब 8:00 बजे सूचना प्राप्त हुई आदित्यपुर थाना कांड संख्या 277/ 22 साबिर हत्याकांड के अप्राथमिक फरार अभियुक्त इमदाद खान उर्फ बाबू पूर्वी सिंहभूम जिला के गोलमुरी थाना क्षेत्र में किराए के मकान में छिपकर रह रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन हेतु एक टीम का गठन किया गया। टीम ने गोलमुरी स्थित किराए मकान में छापामारी कर इमदाद खान उर्फ बाबू को गिरफ्तार कर लिया। आदित्यपुर थाना में पूछताछ के क्रम में उसने बताया सद्दाम खान के साथ मिलकर आदित्यपुर में वह ब्राउन शुगर बेचता था।साबिर हत्याकांड में सद्दाम के जेल जाने के बाद वह अपनी बहन के साथ मिलकर ब्राउन शुगर की तस्करी करने लगा। पुलिस द्वारा पूछतास में उसने बताया उसके आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती के मकान में ब्राउन शुगर एवं ब्राउन शुगर बेच कर रखे गए पैसे रखे गए हैं। जिसे विधिवत बरामद किया गया। वही करीब चार लाख रुपए के ब्राउन शुगर भी बरामद किया गया।

छापेमारी दल में थाना प्रभारी राजन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार, सुमन सौरभ, राजू राणा समा सुसारी लाकड़ा, हवलदार मोहन भेंगरा, आरक्षी अशोक कुमार यादव, महिला आरक्षी मोनिका गुड़िया, आरक्षी बालचंद्र कुमार चौधरी, चालक हरिश्चंद्र तिरिया एवं मंटू तिवारी शामिल रहे।

मानगो से झोपड़ीनुमा दुकान हटाने की सूचना पर दुकानदारों में मचा हड़कंप, किया विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। मानगो डिमना रोड से दुकान हटाने की जानकारी मिलते ही दुकानदारों में हड़कंप मंच गया। मंगलवार को नेशनल हाकर फेडरेशन के तत्वावधान में सैकड़ो डेली कमा कर खाने वाले जरूरतमंद लोगों ने पहले बसाओ बाद मे हटाओ का नारा लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। फुटपात में दुकान लगाने वाले महिला व पुरुष ने सरकार से जगह देने की मांग करते रहे। मौके पर नेशनल हाकर फेडरेशन के उत्तम चक्रवर्ती ने बताया मंगलवार को टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सवाल उठाया गया पूर्व में जब डिमना रोड डिवाइडर से अतिक्रमण हटाया गया था तो टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक पहले हुई थी। बैठक में यह जानकारी देने के बाद ही कार्रवाई करनी चाहिए। लेकिन अधिकारियों ने बिना बैठक किए ही दुकानदारों को उजाड़ दिया। उन्होंने कहा अगर अब फिर उनकी दुकानें तोड़ी गईं तो उनकी रोजी-रोटी बंद हो जाएगी। उत्तम चक्रवर्ती ने बताया इस मामले को लेकर वह हाईकोर्ट गए हैं। हाईकोर्ट के फैसला होने तक प्रशासन कोई कार्रवाई न करे, ताकि गरीब जरूरतमंद रोजाना कमा खाने वाले लोग अपने परिवार का भरण पोषण कर सके।

पूर्व पार्षद ने मजदूर दिवस पर केक काट कर सफाई कर्मियों का बढ़ाया मान

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 17 के पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने मजदूर दिवस पर एक अनोखे पहल की। पूर्व पार्षद ने मंगलवार को अहले सुबह प्रभात पार्क पहुंचकर सभी सफाई कर्मियों के बीच हर्ष उल्लास के साथ मजदूर दिवस मनाई। वही पूर्व पार्षद ने सफाई कर्मियों के बीच जाकर केक काटकर खुशियां मनाई। मौके पर मौजुत सभी सफाईकर्मियो को पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने गुलदस्ता व गिफ्ट देकर सम्मानित करते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दी। उन्होंने कहा कि जब पार्षद थी तो इन्होंने वार्ड को स्वच्छ रखने में एक अहम भूमिका निभाती थी। प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत का सपना में सफाई कर्मी का एक अहम योगदान होता है। सफाई कर्मी को प्रोत्साहन करने की जरूरत है। वही सम्मानित होने के बाद स्थाई कर्मियों ने खुशी जाहिर करते हुए पूर्व पार्षद के प्रति आभार जताई। उन्होंने कहा वार्ड 17 की पूर्व पार्षद ने हमेशा सुख -दुख में साथ दिया। पद नहीं रहने के बावजूद उन्होंने सफाई कर्मियों की सम्मान में कोई कमी नही किया।

पीड़ित परिवार से मिले पूर्व मंत्री, न्याय के लिए परिवार को दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बीते दिनों जुगसलाई पावर हाउस गेट के पास जुगसलाई राम टेकरी निवासी विकास प्रसाद के पुत्र ललित प्रसाद का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। वही विकास प्रसाद भी बुरी तरह घायल हो गये थे। मंगलवार को जानकारी मिलने पर पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस ने पीड़ित परिवार के आवास में परिवार से मुलाकात की। मौके पर आजसू पार्टी जिला समिति के प्रतिनिधि मंडल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पूर्व मंत्री ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

पूर्व मंत्री को देख परिवार के लोगो की आंखे भर गयी। उन्होंने दोषी चालक पर कारवाई करने की मांग करने लगे। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने क्षेत्र के सहायक पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर जल्द से जल्द पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा सड़क दुर्घटना में दोषी चालक पर सख्त से सख्त कारवाई की मांग आजसू पार्टी करेगी। साथ ही उक्त जगह पर आए दिन जाम लगने आवगमन में हो रही कठिनाई से निजात दिलाने की मांग की जायेगी।

इस मौके पर आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, अरूप मल्लिक, मो तनवीर, तसव्वुर खान, प्रवीन प्रसाद, सोनू भाटिया, दिनेश जायसवाल, अमर सिंह, प्रिंस सिंह, विक्की सोनकर, रनदीप भाटिया, सचिन प्रसाद, समीर खान, मोसिन खान सहित अन्य शामिल रहे।

महत्वपूर्ण न्यूज

रंका प्रखंड मुख्यालय में विधिक सेवा प्राधिकार सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड मुख्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय गढ़वा के रामबचन सिंह ने महिलाओं को सजग और जागरूक करते हुए सभी को अपने हक एवं अधिकार के लिए संघर्ष करने एवं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का भी लाभ ज्यादा से ज्यादा किशोरियों को दिलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर आपके साथ कहीं भी कुछ गलत होता है तो उसकी सूचना तत्काल अपने थाना प्रभारी एवं प्रखंड मुख्यालय से जुड़े लोगों को दें। शिविर में दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल देने के साथ-साथ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना से जुड़े लोगों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम में रंका बीडीओ देवानंद राम, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, पीएलबी कृष्णानंद दुबे, पीएलबी संगीता सिन्हा, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, सोनदाग पंचायत की मुखिया रीमा देवी, तमगेकला पंचायत की मुखिया रिंकी देवी, मानपुर पंचायत की मुखिया हाशिम अंसारी, खपरो पंचायत मुखिया प्रतिनिधि जफर अंसारी, चुटिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता, खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, दूधवल पंचायत के मुखिया इजहार अंसारी, सिरोई खुर्द पंचायत के मुखिया करमदयाल सिंह सहित प्रखंड के कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

रंका थाना प्रभारी के सौजन्य से पठन-पाठन सामग्री का किया गया वितरण

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा के सौजन्य से रंका थाना क्षेत्र के सोनदाग पंचायत अंतर्गत चौकड़ी आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों को स्लेट, पेंसिल, कटर, बिस्कुट, टौफी, रबर, किताब, कॉपी, चौक आदि पठन-पाठन सामग्री का वितरण सोनदाग पंचायत की मुखिया रीमा देवी के हाथों पूर्व बीडीसी नंदू राम, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार, चाईल्ड फंड इंडिया के पंकज ठाकुर की उपस्थिति में की गयी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया रीमा देवी ने रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा के संदेश को पढ़कर सुनाया। जिसमें कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों का विद्यालय से दूर रहना बहुत ही चिंता का विषय है। अतः इस समस्या को दूर करने के लिए बच्चों के माता-पिता, विद्यालय के शिक्षक, जनप्रतिनिधि और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सजग होना चाहिए एवं संगठित होकर शराब, नशा खोरी, अंधविश्वास, अपराध, बाल विवाह एवं छुआछूत जैसे सामाजिक बुराइयों का विरोध करना चाहिए। जबकि मुखिया रीमा देवी ने थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे पंचायत का चयन इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए थाना प्रभारी सर ने किया। थाना प्रभारी सर के माध्यम से बच्चों को पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इससे हमारे पंचायत के बच्चों को निश्चित रूप से लाभान्वित हुए जो बहुत खुशी की बात है। इस अवसर पर बच्चे एवं अभिभावक काफी संख्या में उपस्थित थे।

परसवार पंचायत के बरकोल कला गांव में कई ग्राम सभाओं का सम्मेलन आयोजित

बड़गड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत परसवार पंचायत के बरकोल कला गांव में मंगलवार को कई ग्राम सभाओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। मौके पर संदीप चचरा ने कहा कि आदिवासियों की आजीविका के लिए जमीन एकमात्र साधन है। अतः हमें उसकी रक्षा करनी चाहिए। सौरभ कुमार ने कहा कि हमें बड़गड़ प्रखंड में मनरेगा मजदूरों का यूनियन बनाना चाहिए ताकि हम मजदूरों के हक के लिए आवाज उठा सकें। विश्राम बखला ने कहा कि उन्होंने बोर्ड गड़ी करके अपने जंगल को बचाना शुरू कर दिया है। फिरोज लकड़ा ने राशन, पेंशन और नरेगा योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मनोज सिंह ने जमीन के डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सरकार को हाल सर्वे को छोड़ पुराना खतियान को ऑनलाइन करना चाहिए। सुनील मिंज ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा को असंख्य अधिकार मिले हैं। लेकिन दुख की बात यह है कि लोगों को अपने अधिकार की जानकारी नहीं है। मौके पर दयाकिशोर मिंज, कामेश्वर उरांव, राम सनत लोहरा, धरमू मिंज, आग्रेन केरकेट्टा, माणिकचंद कोरवा, सुकन कोरवा, प्रदीप, कैटरीना मिंज, बनार्डेट खेस, सुखनी खलखो, जुली खलखो, देवनीश खलखो, सुदर्शन मिंज, सीताराम लोहारा, संकेत खलखो, राम वृक्ष नागेसिया सहित अन्य उपस्थित थे।

प्रेस कांफ्रेंस : श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने दी जानकारी

मुख्यमंत्री आज बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लगभग 800 करोड़ की राशि की योजनाओं का करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास और उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव 2023 के आयोजन आयोजन के संदर्भ में आज उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा समाहरणालय गढ़वा के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से बात करते हुए उपायुक्त ने महोत्सव के आयोजन की तिथि 3 एवं 4 मई 2023 की जानकारी देते हुए आयोजन स्थल गोसाई बाग मैदान, श्री बंशीधर नगर बताया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने महोत्सव का शुभारंभ करने आ रहे बतौर मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के आने की सूचना दी। उन्होंने कहा कि 3 मई को दोपहर 2:30 के करीब मुख्यमंत्री का आगमन होगा, श्री बंशीधर नगर आगमन के पश्चात वह बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना व दर्शन करेंगे, जिसके पश्चात गोसाई बाग मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ होगा एवं लगभग 800 करोड़ की राशि का ऑनलाइन मुख्यमंत्री द्वारा योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास/उद्घाटन भी किया जाएगा।

कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने हेतु आ रहे मुख्य कलाकारों की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि 3 मई 2023 को हिंदी गाना के गायक विनोद राठौर, किस्सू राहुल, शगुन पाठक, हास्य कलाकार सुनील पाल, पाईका नृत्य कला दल अशोक कश्यप एवं दल, गोंडय नृत्य कमलेश सिंह एवं दल द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 4 मई 2023 को कार्यक्रम के दूसरे एवं अंतिम दिन छऊ नृत्य कला दल प्रभात कुमार महतो एवं अन्य, लोक गायिका मैथिली ठाकुर, कल्पना पटवारी, भोजपुरी गायक अरविंद कुमार अकेला उर्फ कल्लू, हास्य कलाकार विजय ईश्वरलाल पवार उर्फ वीआईपी, गायिका पूजा चटर्जी एवं गायिका सह एंकर सोनाली मिश्रा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से हेलीपैड श्री बंशीधर कार्यक्रम स्थल सहित नगर उंटारी में सभी जगह पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रचार प्रसार को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में होर्डिंग लगाकर तथा प्रेस मीडिया सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। नो एंट्री को लेकर उपायुक्त ने कहा कि 3 मई को सुबह 11:30 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक सभी भारी वाहनों का नगर उंटारी में नो एंट्री रहेगा। वहीं 4 मई को दोपहर 3:30 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक सभी भारी वाहनों का नगर उंटारी में नो एंट्री रहेगा। महोत्सव के लिए अतिथियों का आमंत्रण को लेकर उपायुक्त ने कहा कि राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का आमंत्रण कार्ड राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सभी माननीय विधायक, सचिवालय के सभी विभाग के प्रधान सचिव व सचिव, सभी जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं सभी पदाधिकारी, गढ़वा जिला के सभी न्यायिक पदाधिकारी, सभी पंचायत प्रतिनिधि, सभी समिति, चेंबर, प्रेस मीडिया के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य को आमंत्रित किया गया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपायुक्त के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त, राजेश कुमार राय, अपर समाहर्त्ता, पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमण्डल पदाधिकारी गढ़वा, राज महेश्वरम, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, साकेत कुमार पांडेय समेत प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे।

गढ़वा जिला के तीन उत्कृष्ट विद्यालयों का किया गया चयन

ऑनलाइन उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण का आयोजन राजकीयकृत रामा साहू प्लस टू उच्च विद्यालय में किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाइन उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण का आयोजन गढ़वा जिला स्थित राजकीयकृत रामा साहू प्लस टू उच्च विद्यालय में किया गया। 02 मई 2023 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी) का शुभारंभ ऑनलाइन उद्घाटन कर किया गया। ऑनलाइन उद्घाटन समारोह के लाइव प्रसारण आयोजन के मौके पर राजकीयकृत रामासाहू उच्च विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार, मिथिलेश कुमार ठाकुर उपस्थित हुए। मंत्री श्री ठाकुर समेत कार्यक्रम में उपस्थित उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय एवं उप शिक्षा सचिव द्वारा सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। साथ ही उपरोक्त सभी को अंगवस्त्र एवं फूल का पौधा देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति के द्वारा बताया गया कि गढ़वा जिला अंतर्गत कुल तीन उत्कृष्ट विद्यालयों का चयन किया गया है, जिसमें राजकीयकृत रामसाहू प्लस टू उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा सम्मिलित है। उक्त सभी स्कूलों को सीबीएसई की मान्यता दिलाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट विद्यालयों में 6ठी से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई कराई जाएगी। उत्कृष्ट विद्यालयों में हिंदी के साथ-साथ इंग्लिश मीडियम से पढ़ाई होगी। आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कर सुधार किया गया है। मौके पर उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

बोर्ड निगम में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नामों की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

गढवा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा बोर्ड निगम में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नामों की अनुशंसा के सूची बनाकर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र सौंपा एवं उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उन नामों पर कार्यकर्ताओं के बीच भारी आक्रोश है। क्योंकि इस अनुशंसा में 4 या 5 वर्ष पहले आरजेडी, आरएसएस, बीजेपी, जेवीएम और अन्य दलों के कांग्रेस में आए हुए नेताओं के नाम हैं और सबसे ज्यादा नाम एक ही जिले से हैं। ऐसे नामों की अनुशंसा करना सरासर गलत है। बिना बायोडाटा देखे या सूची बनाई गई है और हमें तो यह भी लगता है कि इस संबंध में आपसे भी कोई रायशुमारी नहीं की गई आपसे आग्रह है कि उन सभी बायोडाटा अपने पास मंगा कर जांच करा लें ताकि पता चल सके कि पुराने सूची में किनका किनका नाम है।

प्रेस कांफ्रेंस : राजकीय बंशीधर महोत्सव से सांसद वीडी राम सहित भाजपा नेताओं ने किया किनारा

मेरे ही प्रयास से महोत्सव की शुरुआत हुई और मुझे ही किया जा रहा है अपमानित : सांसद

जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पीड़ादायक, महोत्सव में राजनीति करना शर्मनाक

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। सांसद विष्णुदयाल राम सहित कई भाजपा नेताओं ने श्री बंशीधर नगर महोत्सव से अपने को किनारे कर लिया है। सांसद ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के माध्यम से उन्हें अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने वर्ष 2017 में इस आयोजन को शुरू कराया। जो लगातार दो वर्षों तक आयोजित किया गया। बंशीधर नगर में स्थित राधा-कृष्ण की 32 मन की सोने की मूर्ति आकर्षण का केंद्र है। इसे पर्यटन विभाग से विकसित करने के लिए मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मांग की है। मेरी ही पहल पर बंशीधर महोत्सव का राजकीय महोत्सव, अतिथि को रूकने के लिए बंशीधर नगर में गेस्ट हाउस का निर्माण और रेलवे सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों का नाम नगर उंटारी से बंशीधर नगर करने की पहल शुरू की गई है। सांसद ने उक्त बातें आरकेभीएस संस्था के बीएड कॉलेज परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि बंशीधर महोत्सव धार्मिक कार्य है। इसमें बंशीधर नगर के साथ-साथ पलामू ही नहीं बल्कि आसपास के राज्यों के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। इस महोत्सव में डीसी व जिला प्रशासन के कार्यप्रणाली से काफी आहत हूं। पीड़ादायक कार्य किया गया है। इससे क्षुब्ध होकर मैं महोत्सव से अपने आप को अलग कर रहा हूं। इससे पहले भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने भी महोत्सव से अलग होने की घोषणा पहले ही कर चुके हैं। सांसद ने कहा कि डीसी शेखर जमुआर ने निमंत्रण कार्ड लेकर पहुंचे थे। आमंत्रण कार्य में अंकित महोत्सव से संबंधित आयोजित कार्यक्रम के अनुसार मुझे सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शाम छह बजे बुलाया गया था। जबकि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम दिन के पौने तीन बजे से लेकर शाम पांच बजे तक निर्धारित होने की घोषणा डीसी ने अपने प्रेसवार्ता में की है। वहीं नगर उंटारी रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर बंशीधर नगर करने की पहल मैंने वर्ष 2018 से की है। लेकिन डीसी ने एक अप्रैल को बंशीधर नगर एसडीओ को मंतव्य के लिए लिखे गए पत्र में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का भी जिक्र किए हैं। इतना ही नहीं बंशीधर महोत्सव को लेकर बंशीधर नगर प्रखंड मुख्यालय में ताहिर अंसारी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव सहित झामुमो कार्यकर्ताओं का बैनर होडिंग लगाया गया है। मैंने आमंत्रण के लिए पोस्टर लगवाया था, जिसे हटा दिया गया है। बंशीधर नगर के बीडीओ ने सोशल मीडिया पर पत्र जारी कर भी बैनर पोस्टर नहीं लगाने का निर्देश दिया है। इस तरह की कार्यप्रणाली जिला प्रशासन का सही नहीं है। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में ऐसे अधिकारियों से हिसाब लिया जाएगा। उन्होंने बगैर नाम लिए कहा कि मंत्री बंशीधर नगर में महोत्सव को लेकर अधिकारियों और चैंबर के लोगों के साथ बैठक करते हैं, लेकिन स्थानीय सांसद और विधायक को सूचना तक नहीं दी जाती हैं। वहीं प्रशासनिक स्तर पर सांसद और विधायक से किसी भी तरह का कोई सुझाव या मशविरा नहीं किया गया। इतना प्रशासनिक उपेक्षा के बाद वह महोत्सव से खुद को अलग करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण और राधा सबके हैं। इस तरह के आयोजन में राजनीतिक करना शर्मनाक हैं।

प्रेसवार्ता में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह जिला प्रभारी अमित कुमार, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, भोला चंद्रवंशी, शारदा महेश प्रताप देव, जिला महामंत्री संतोष दुबे, विकास स्वदेशी, प्रमोद चौबे, अंजनी तिवारी, रामसरीख चंद्रा, चंदन जायसवाल, प्रवीण जायसवाल आदि मौजूद थे।

भाजपा सांसद व विधायक के निर्णय से सहमत : जिलाध्यक्ष

गढ़वा भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों सहित कार्यकर्ताओं की भावना का ख्याल रखा जाएगा। जब भवनाथपुर के विधायक व सांसद ने ही महोत्सव से अलग रहने की घोषणा की है तो ऐसे में हम सभी कार्यकर्ता उनके निर्णय के साथ हैं। भाजपा अनुशासन से चलने वाली पार्टी है। कार्यकर्ता भी अनुशासन का पालन करते हैं। उन्होंने कहा कि बंशीधर नगर महोत्सव की शुरुआत सांसद ने की शुरू की थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की घोषणा भी की थी।

बंशीधर महोत्सव की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे मंत्री मिथलेश

कहा- पूरी दुनिया में लोग जानें इसलिए आयोजित किया जाता है बंशीधर महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिले के बंशीधर नगर में दो दिवसीय राजकीय बंशीधर महोत्सव की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे पेयजल स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने पूरी तैयारी का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने कई कमियों को देखते हुए जिला प्रशासन को दिशा निर्देश देते हुए उसमे सुधार किए जाने की बात कही।

उन्होंने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि यह दो दिवसीय महोत्सव 3 मई एवं 4 मई को होने जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन उपस्थित होंगे। साथ ही दो दिवसीय कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने दिहाड़ी मजदूरों के बीच 100 गमछा का किया वितरण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के मुख्य पथ पर स्थित दीपक इलेक्ट्रिक के पास ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में दिहाड़ी मजदूरों के बीच 100 गमछा का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडे ने कहा कि गर्मी को देखते हुए दिहाड़ी मजदूरों को भीषण गर्मी से बचने की सलाह दी पूरा शरीर कपड़े से ढक कर धूप में निकलने की सलाह दी जिससे लू और लहर से बच सकें। जायन्ट्स गढ़वा ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने कहा गर्मी के दिनों में पानी भर पेट पीते रहें साथ ही पानी साथ रखें ताकि थोड़े थोड़े समय पर पानी पीते रहें, जिससे शरीर का तापमान नियंत्रित रह सके और लू से बचाव हो सके। इस मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, यूनिट 2 डायरेक्टर मनोज केसरी रूपा गंजी, गढ़वा ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक चंद्र भूषण सिन्हा, मुजिबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, ध्रुव केशरी, राकेश केशरी, दीपक तिवारी, डॉ वीरेन्द्र कुमार, सुरेश गुप्ता, चंदन चंद्रवंशी, रविन्द्र केशरी, रवि केसरी, रितेश केशरी (मोनू), दिलीप केशरी, संदीप केशरी आदि सदस्य उपस्थित थे।

हाथी के हमले में वृद्धा की मौत

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया वन क्षेत्र में तेंदुए के द्वारा तीन बच्चों को मौत के घाट उतारे जाने का भय अभी समाप्त भी नहीं हुआ है कि मंगलवार को भंडरिया वन क्षेत्र के जोन्हीखांड जंगल में महुआ चुनने गए एक वृद्ध महिला की मौत हाथी के हमले में हो गई। मृतका का नाम जोन्हीखांड गांव निवासी स्व. बीगु सिंह की 70 वर्षीय पत्नी अकली कुंवर बताया गया है। जानकारी के अनुसार अकली कुंवर मंगलवार की अहले सुबह अपनी नातिन पुतोहू सुमित्रा देवी और एक 18 वर्षीय नतिनी के साथ महुआ चुनने के लिए गांव के जंगल में गई हुई थी। महुआ चुनने के क्रम में एक जंगली हाथी ने पुतोहू सुमित्रा देवी पर अचानक हमला कर दिया। सुमित्रा देवी किसी तरह वहां से भागकर जान बचाई। इसके बाद हाथी साथ में गयी वृद्धा अकली कुंवर पर हमला कर उसे पटक-पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

स्कॉर्पियो दस फिट खाई में पलटी, चार युवक घायल

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर-केतार मुख्य सड़क पर सोन नदी किनारे लोहरगड़ा से हरिहरपुर की ओर तेज रफ्तार से जा रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर दस फिट खाई में पलट गई। घटना मंगलवार अपराह्न एक बजे की है। जानकारी के अनुसार स्कार्पियो में कुल चार व्यक्ति सवार होकर निजी कार्य से हरिहरपुर की ओर जा रहे थे। जहां हल्का सा मोड़ पर गाड़ी दो बार पलटते हुए सड़क के बगल में खाई में जा गिरी। गाड़ी में सवार सभी चारों युवक लोहरगड़ा गांव के ही बताए गए। जिसमें शशि साह, बिनय साह, पंकज शर्मा, उदय शर्मा थे। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को समुचित इलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया है। क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो लोहरगड़ा गांव के शशि शाह की बताया जा रही है।

पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म फिर हत्या कर जंगल में दफना दिया गया शव

शरीर पर कई गहरे जख्म के निशान, पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरात में लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड के गढ़वा जिले में पांच साल की बच्ची की हत्या कर दी गयी। संभावना जताई जा रही है कि हत्या से पहले उसके साथ रेप किया गया था। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना गढ़वा के के चिनिया थानाक्षेत्र अंतर्गत बूटीटांड़ की बताई जा रही है जहां सोमवार शाम को बच्ची का शव रेत में दबा मिला। अपराधियों ने बच्ची का लाश को रेत के अंदर दफनाने की कोशिश की थी। घने जंगल में जब अपराधी बच्ची को लाश को छिपा नहीं सके तो ऊपर से सूखे पत्ते डाल दिए।

बच्ची के शरीर पर जख्म के कई निशान : पुलिस सूत्रों के अनुसार बच्ची के शरीर पर कई तरह के निशान है। संभावना है कि उसकी हत्या से पहले उसके साथ रेप किया गया हो। पुलिस ने शक के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। बच्ची के सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरे जख्म हैं। पांच साल की बच्ची की हत्या ने पूरे इलाके में सनसनी पैदा कर दी है।

सुबह से गायब थी बच्ची अचानक घरवालों ने शुरू की खोज

बूढ़ीटांड़ के रहने वाले संतलाल सिंह की 5 साल की बेटी सुबह से गायब थी। शुरूआत में परिवार वालों को लगा की आसपास ही कहीं खेल रही होगी लेकिन धीरे, धीरे पता चला कि लंबे वक्त से परिवार के किसी व्यक्ति ने उसे नहीं देखा। घरवाले परेशान हुई तो उसकी खोज शुरू की। परिवार वालों ने धीरे - धीरे जंगली इलाके का रुख किया तो बूढ़ींटाड़ के पास कारीमाटी जंगल में उन्हें अपनी बच्ची का गड़ा हुआ शव मिला।

बच्ची को जंगल बहला कर लाया गया होगा : परिवार वालों को शक है कि बच्ची को पीआर फल खिलाने या महुआ चुनने का लालच दिया होगा। बच्ची का शव मिलने के बाद परिजनों ने थाने में इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी राजवल्लभ कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। संदेह के आधार पर 1 व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

लोहरदगा के तीन सरकारी स्कूल उत्कृष्ट विद्यालय में शामिल, हुआ ऑनलाइन उदघाटन

शिक्षा और स्वास्थ्य सभी को सुलभ हो : पीडीजे राजेन्द्र बहादुर

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाईन उद्घाटन आज मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, रांची, झारखंड से किया गया। लोहरदगा जिला के तीन विद्यालयों-प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा, राज्यकीयकृत उत्क्रमित प्लस टू कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय, लोहरदगा और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुजरा, लोहरगा इसमें शामिल हैं। लोहरदगा जिला के प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में राज्य स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा स्वास्थ्य और

शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जो सभी को आसानी से सुलभ होना चाहिए। 90 के दशक के पूर्व सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता बहुत अच्छी थी जो निजी विद्यालयों के खुलने के बाद घटती गयी। आज सरकार विद्यालयों और सरकारी अस्पतालों में सुधार कर रही है जो काफी सराहनीय प्रयास है। उत्कृष्ट विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने का श्रेय शिक्षकों को जाता है। वहीं छात्र अगर अपने जीवन में कोई सफलता प्राप्त करता है तो खुद की पहचान अपने विद्यालय के माध्यम से बतलाता है। आज सरकार विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है और उसमें सफल हो रही है। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि लोहरदगा जिला के तीन विद्यालयों को राज्य की सरकार उत्कृष्ट बना रही है, जो

जिला के तीनों विद्यालयों में नामांकन फार्म मिलना प्रारंभ

उत्कृष्ट विद्यालय के अंतर्गत चयनित लोहरदगा जिला के विद्यालयों में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 में नामांकन के लिए सोमवार से नामांकन फार्म मिलना प्रारंभ हो गया जो दिनांक 15.05.2023 तक मिलेगा। यह फॉर्म निःशुल्क दिया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कुजरा में कक्षा छह में नामांकन होगा जिसके लिए प्रवेश परीक्षा जैक बोर्ड, झारखण्ड, रांची द्वारा आयोजित की जाएगी। अन्य दोनों विद्यालयों में कक्षा 6-9 तक में नामांकन होगा जिसके लिए प्रवेश परीक्षा का निर्णय जिला स्तरीय समिति द्वारा लिया जाएगा।

जिला वासियों के लिए गौरव की बात है। हम और भी आगे जा सकते हैं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि बिशुनपुर सुखदेव उराँव, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, केजिबिभी कुजरा मेनका प्रजापति और राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लोहरदगा की प्रधानाध्यापिका रेश्मा खलखो, एसएमसी के सदस्य और छात्राओं द्वारा भी विचार व्यक्त किया गया। सभी ने राज्य सरकार के इस कदम को मील का पत्थर बताया। वक्ताओं ने कहा कि सीबीएसई पैटर्न पर सरकारी विद्यालयों में अब पढ़ाई होगी जिससे बच्चों के पढ़ने का तरीका बदलेगा। इन विद्यालयों में आईसीटीसी लैब, स्मार्ट क्लास रूम, लाइब्रेरी, खेल का मैदान, व्यावसायिक विषयों की पढ़ाई समेत अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि 72-लोहरदगा निशीथ जायसवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चद्रमौलेश्वर, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना लोहरदगा कार्यालय के पदाधिकारी/कर्मीगण और बड़ी संख्या में शिक्षक/शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय स्थित नवनिर्मित भवन का अवलोकन भी किया गया।

निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए रांची भेजे गये 22 युवक-युवतियां

उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। एससीए योजना मद अंतर्गत लोहरदगा जिला के 22 युवक-युवतियों को सीएनसी ऑपरेटर/मशीनिंग तकनीशियन के एक वर्षीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु आज सोमवार को रांची जिला स्थित झारखण्ड गवर्नमेंट मिनी टूल रूम, टाटीसिल्वे, रांची के लिए बस से रवाना किया गया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा समाहरणालय परिसर से बस को हरी झंडी दिखायी गयी। इससे पूर्व झारनेट वीसी रूम में युवक-युवतियों को संबोधित करते हुये उपायुक्त ने कहा एससीए योजना मद से यह कोर्स आप सभी युवाओं को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला के युवाओं को रोजगारोन्मुख कार्यक्रमों से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन हमेशा प्रयासरत है। झारखण्ड गवर्नमेंट मिनी टूल रूम के साथ हुए एमओयू के तहत इन कोर्सों को उपलब्ध कराया गया है। जिला के युवक-युवतियां इसका भरपूर लाभ उठाएं। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, जिला कौशल विकास पदाधिकारी दिनेश भगत, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा समेत अन्य उपस्थित थे।

लोहरदगा जिला का औद्योगिक विकास को लेकर चैंबर गंभीरः रीतेश कुमार

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि जिला का आद्योगिक विकास शिथिल रहना एक गंभीर मामला है, अतः इस मुद्दे पर गम्भीरतापूर्वक चैंबर को लगने की आवश्यकता है। जिला के औद्योगिक विकास हेतु एक ब्लू प्रिंट तैयार करने का निर्णय लिया गया एवं इस संदर्भ में बात को आगे बढ़ाते हुए सर्वप्रथम प्रखंडों में वहां के व्यापारियों के साथ बैठक कर मई 2023 के अंदर प्रखंड कमिटी बनायी जायेगी। फिर इनके माध्यम से प्रखंडो में उद्योग स्थापित करने हेतु एक लाट में पड़ी एकड़ो भूमि को चिन्हित कर बड़े व्यापारियों को उद्योग लगाने हेतु क्षेत्र में कच्चे माल, बिजली व्यवस्था, आवागमन आदि के सुविधानुसार प्रस्ताव दिया जायेगा एवं कम लागत में भूमि उपलब्ध करवाने की कोशिश होगी। ताकि उद्योगों के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार भी सृजन किया जा सके। चैंबर द्वारा भूमि बैंक बनाने के पश्चात सरकार से वार्ता कर जिला में उद्योगों का बढ़ावा हेतु सुविधाओं का जाल बिछाने का आग्रह करेगी। इसके लिये एक को-ऑर्डिनेशन समिति बनाया गया। जिसमें सेन्हा में वरीय उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल, सचिव राकेश कुमार सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, राजीव रंजन, फिरोज शाह, भंडरा में अभय अग्रवाल, अनीश मित्तल, चन्दन गोयल, पुरुषोत्तम नाथ तिवारी, किस्को प्रखंड में उत्तम कुमार, धनन्जय प्रसाद, विजय खत्री, सुमित राय, कैरो, कुडू तथा पेशरार में चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार, झारखण्ड फेडरेशन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक पोद्दार, सदस्य पवन गौतम, पीयूष केशरी, दीपक सर्राफ, चन्दन गोयल, लोकेश प्रसाद, दिनेश अग्रवाल को अधिकृत किया गया। इस पूरे कार्य को धरातल में उतारने हेतु चैम्बर अध्यक्ष रितेश कुमार स्वयं मॉनिटेरिंग करने की बात कही।

फाइलेरिया जांच हेतु रात्रि रक्त पट संग्रह शिविर आयोजित, 147 लोगों का किया गया रक्त संग्रह

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में फाइलेरिया मुक्त भारत बनाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर रात्रि रक्त पट संग्रह शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा डॉ प्रभारी दिव्या निशि ने फीता काट कर उद्घाटन किया। रात्रि रक्त पट संग्रह कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुष का स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रक्त संग्रह किया गया। यह कार्यक्रम रात्रि लगभग 11 बजे तक चलाया गया। रक्त पट संग्रह कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्या निशि ने कहा कि अरु ग्राम में 400 महिला पुरुष का फाइलेरिया जांच हेतु रक्त संग्रह किया जाना है। उन्होंने कहा कि रात्रि शिविर आयोजन कर 147 लोगों का रक्त संग्रह किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा ग्रामीणों की उपस्थिति पूर्ण नही होने के कारण लक्ष्य से कम हुआ है। और आगे भी कार्य जारी रखने की बात कही गई। रक्त पट संग्रह कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मी देवेन्द्र गिरी, मंसूर अंसारी, अनमोल विक्टर एक्का, गंदुर उराँव, विराज तिर्की, ए एन एम राजमणी लकड़ा जानकी कुमारी, उर्मिला कुमारी, सहिया बेला कुजूर बिंदु कुजूर सहित ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

संजय यादव का बेतला में स्वागत

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह के बेतला पहुँचे राजद के प्रदेश महासचिव सह गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव व युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव राजद प्रखण्ड अध्यक्ष आदित्य यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने भव्य तरीके से स्वागत किया।उसके बाद बेतला पार्क के सर्किट हाउस के सभागार में कार्यकताओं के साथ पार्टी की मजबूती को लेकर बैठक की गई। जिसमें राजद प्रदेश महासचिव सह गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव ने कहा की राष्ट्रीय जनता दल गरीब, शौषित अकलियत, समाजिक न्याय की पार्टी है।सभी जाति धर्म के लोगों के लेकर साथ चलती है। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने सबको आवाज देने ,हक अधिकार देने का काम किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि बुथ से लेकर प्रखंड से लेकर जिला तक संगठन को मजबूत करें। बैठक के पूर्व विधायक ने बेतला पार्क एंव पलामू किला का भ्रमन किया गया। वही इस दौरान मौके पर प्रदेश महासचिव अजय कुमार चंद्रवंशी, दलित प्रकौष्ठ अध्यक्ष धनंजय पासवान, जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष रजिंत यादव, जिला महासचिव नेसार अहमद, जिला सचिव जगनारायन माली ,प्रखण्ड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव , प्रखंण्ड माहसचिव रविन्द्र सोनी, प्रखंण्ड सचिव,सन्नी कुमार, शिवनाथ राम ,संतोष यादव समेत और भी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे जनसेवक

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। सरकार द्वारा जन सेवकों के ग्रेड पर 2400 से घटाकर 2000 किए जाने के तुगलकी फरमान के खिलाफ पूरे राज्य के जनसेवक 2 व 3 मई को विरोध में काला पट्टी लगा कर कार्य करेंगे। इससे पूर्व कलम बंद हड़ताल पर थे। हड़ताल पर जाने के पूर्व बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में जनसेवक संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार रवि के नेतृत्व में कलम बंद हड़ताल पर जाने की जानकारी लिखित रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को दिया था।वही मंगलवार से अपनी मांगो के समर्थन में विरोध पूर्वक काला पट्टी लगाकर काम कर रहे हैं। वहीं 4 मई को जिला स्तरीय धरना कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। जबकि 6 मई को राज्य स्तरीय धरना कार्यक्रम और 8 मई को अपनी मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस निकालेंगे। विरोध करने वाले जनसेवक अरविंद कुमार रवि ने बताया कि जनसेवक की सेवा देते हुए हम सभी के लगभग 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं और सरकारी सेवा काल में या पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी भी कर्मियों के ग्रेड पे की वृद्धि होने के बजाय उसे घटाने का काम सरकार के द्वारा किया जा रहा है। जो आश्चर्यचकित करने वाला है। और इसके खिलाफ पूरे राज्य में जनसेवक संघ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन की करेंगे। वही विरोध करने वाले जनसेवक अरविंद कुमार रवि, देवलाल राम, सत्येंद्र कुमार, रोशन,सर्वेश सिंह, सुजाता कुमारी समेत पूरे जिले में 60 जन सेवकों के शामिल है।

चमातू ग्राम में कोयला परिवहन और भाड़ा वृद्धि को लेकर हुई बैठक

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित सीसीएल की मगध संघमित्रा एरिया द्वारा संचालित चमातू कोलियरी के समीप मगध कोल परियोजना से विस्थापित प्रभावित ट्रक ओनर लीफ्टर तथा ट्रांसपोर्टर की संयुक्त बैठक बालूमाथ प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम की अध्यक्षता में हुई। जबकि संचालन राजेश कुमार राम ने किया । बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा यह बताया गया कि मगध कोल परियोजना से कोयला परिवहन के दौरान जो भी भाड़े का निर्धारण किया गया था उस भाड़े का भुगतान संबंधित कोयला ट्रांसपोर्ट कंपनियों के द्वारा नहीं की जा रही है। जिसे लेकर उपस्थित लोगों ने संबंधित ट्रांसपोर्टर के प्रति रोष व्यक्त किया और जल्द भुगतान करने की मांग की गयी। वही बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि आगामी 7 मई तक अगर संबंधी ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा ट्रक मालिकों को निर्धारित भाड़े का भुगतान नहीं किया गया तो उनके कोयले का उठाव नहीं करने के साथ-साथ बहिष्कार करने की बात कही गयी। बैठक में मुख्य रूप से संजीव कुमार सिंहा सत्यनारायण प्रसाद अमरनाथ लाल दिनेश कुमार साहू वीरेंद्र यादव केदार साहू बबलू चौरसिया अखिलेश यादव डोमन यादव जागेश्वर उरांव प्रेम कुमार मोहम्मद कासिम विकास राम रोहित साहू अनुज गुप्ता शमीम अख्तर समेत सैकड़ो लोग इस बैठक में मौजूद रहे।

जहां-तहां लगाया गया घटिया पाइप, पानी के लीकेज ग्रामीण परेशान

गांव में पानी की किल्लत, ठेकेदार मालामाल

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। जिले में इन दिनों कड़कती गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है आसपास के छोटे मोटे तालाब सूखने लगे है।आदमी तो आदमी जानवरो को भी पानी पीने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में आपको बता दें कि लातेहार जिले के सभी पंचायतो के गांव-गांव तक जल नल योजना के तहत बोरिंग निर्माण कार्य बड़े जोर शोर से चल रहा है। लेकिन लातेहार सदर प्रखंड के हेट पोचरा पंचायत के समीप मांजर ग्राम स्थित कैरा टोला पश्चिम टोला एक ऐसा गांव है जहां जल नल योजना के तहत बोरिंग का निर्माण कराया गया। 20 घरों में कनेक्शन देकर पानी पहुंचाने का कार्य भी चल रहा है। लेकिन ठेकेदारों ने अपनी चंद फायदे को लेकर जैसे तैसे बोरिंग कर पैसे की बंदरबांट कर ली जा रही है। जिस कारण आज स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गई है की उस गांव के 20 घरों मे नल देने के बजाएं कुछ घरों में ही नल का

कनेक्शन दिया गया है। साथ ही साथ कुछ घरों मैं जो कनेक्शन दिया गया है उसमें भी पाईप घटिया लगाने के कारण पाइप से पानी लीकेज हो जा रही है। जिसका खामियाजा वहां के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। वहां के ग्रामीण मजबूर होकर अपनी प्यास बुझाने के लिए आधा किलोमीटर का सफर तय कर चापाकल से पानी लाने को मजबूर हो रहे हैं।

क्या कहते हैं ग्रामीण

राजेश सिंह श्याम प्रकाश सिंह रघुनंदन सिंह कृष्णा सिंह मुरारी सिंह गोल्डन सिंह संजय सिंह सावन सिंह मनोज सिंह हीरालाल सिंह कुलेश्वर सिंह नरेश सिंह दिनेश सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ठिकेदार के द्वारा 20 घरों में कनेक्शन देने के बजाय कुछ घरों में कनेक्शन दिया गया है। यहां तक की जो पाइप बिछाया गया है। वह भी पाइप घटिया होने के कारण जहां-तहां पाइप से पानी लीकेज कर जा रहा है। जिस कारण जो नल लगाया गया था उसमें भी पानी नहीं पहुंच पा रही है और पहले से लगे चापाकल के मुंडी को भी हटा दिया गया है। जीस कारण हम लोगों को मजबूर होकर कुछ दूरी का सफर तय कर पानी लाने को विवश हो रहे हैं। आगे ग्रामीणों ने बताया कि वहीं पश्चिम टोला में ना तो नल लगाया गया है ना हीं पाइप लगायी गयी है जो टंकी भी लगाया गया था वह भी फूटा हुआ था जिस कारण उसे भी उतार कर नीचे रख दिया गया है। जो चंपा कल था उसको भी खराब करके यहां से चले गए जिस कारण हम लोगों को पानी पीने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की लाचारी को देखते हुए गांव में चंदा कर बाहर से मिस्त्री बुलवा कर चंपा कल को बनाया गया। आगे उन्होंने कहा कि पश्चिम टोला में दो माह से जल मीनार ऐसा ही पड़ा हुआ है ठेकेदार को सूचना दिया गया मगर ठेकेदार हमलोगो को टालमटोल कर रहे हैं आगे ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है।

क्या कहते पंचायत समिति

क्रम देव सिंह ने बताया कि यह बात सही है कि उन दो टोला में पानी की समस्या है ठेकेदार अपनी चंद फायदे को लेकर जैसे तैसे यहां बोरिंग किया गया है साथ ही साथ जो पाइप लगाया गया है वह भी घटिया होने के कारण जहां तहां से पानी लीकेज कर रहा है । दो माह से काम बंद है हमने ठेकेदार से कई बार संपर्क किया मगर उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा

क्या कहते हैं

पीएचईडी विभाग के स्कूटीब इंजीनियर जितेंद्र कुजूर ने बताया कि अभी मैं यह मामला मेरे संज्ञान में आया है अगर ऐसी कोई बात है तो इस मामले की जांच की जाएगी।

यज्ञ भक्ति में डूबा पतगच्छा, भक्तों की उमड़ रही है भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेटहट पंचायत अंतर्गत ग्राम पतगच्छा में चल रहे सात दिवसीय महायज्ञ कार्यक्रम में प्रतिदिन भक्तजनों की भीड़ उमड़ पड़ी है। भक्तजन महायज्ञ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी आस्था व्यक्त करते दिखाई दे रहे हैं। आयोजन समिति की ओर से महायज्ञ कार्यक्रम स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड और देश के अन्य हिस्सों से यज्ञ कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची भक्तों की टोली को आयोजन समिति की ओर से बढ़ चढ़कर स्वागत किया गया। इधर आयोजन समिति के संरक्षक सह आजसू पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष संजू

सिंह ने बताया कि विगत 28 अप्रैल से ग्राम पतगच्छा में चल रहे श्री रूद्र महायज्ञ शिव प्राण प्रतिष्ठा सपादलक्ष पार्थिव शिवलिंग अभिषेक एवं श्रीमद भागवत महापुराण श्री श्री 108 श्री कल्याण बाबा परम तपस्वी साधक संत के साधिन्य में एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग चल रहे साप्ताहिक महायज्ञ महाचार्य सिद्धि महाराज प्रयागराज उत्तर प्रदेश श्री प्रदीप शास्त्री बड़ा अखाड़ा मैहर मध्य प्रदेश श्री राम चरित्र शास्त्री श्री अजय शास्त्री श्री कृष्णदत्त शास्त्री श्री प्रकाश शास्त्री श्री अभिषेक शास्त्री श्री पुनीत शास्त्री और कथा व्यास सुश्री पूज्या खुशबू त्रिपाठी एवं किस्को प्रखंड व लोहरदगा जिलावासियों के आपार सहयोग से महायज्ञ कार्यक्रम ऐतिहासिक साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि महायज्ञ कार्यक्रम से क्षेत्र में सुख शांति व समृद्धि स्थापित करना मुख्य उद्देश्य है। आजसू नेता संजू सिंह ने बताया कि पतगच्छा के अलावा किस्को प्रखंड एवं लोहरदगा जिलावासी श्री रूद्र महायज्ञ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिदिन शामिल होकर अपनी आस्था व्यक्त कर रहे हैं। आजसू नेता संजू सिंह ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से क्षेत्र में आपसी सौहार्द और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहती है। उन्होंने कहा कि हम सभी धन्य हैं कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर मिशाल कामय कर दिखाया है। इधर पतगच्छा में चल रहे महायज्ञ कार्यक्रम में आजसू नेता राजू गुप्ता सपरिवार शामिल होकर अपनी आस्था व्यक्त करते हुए भगवान से क्षेत्र की सुख समृद्धि हेतु कामना किया।

राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

मनिका (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष संदीप राम ने मनिका प्रखंड मे मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओ के संबंध मे बीडीओ बिरेंद्र किंडो को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गये ज्ञापन मे राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष ने कहा है की मनरेगा के अंतर्गत मनिका पंचायत मे एक ही परिवार के लोगो को योजना का लाभ दिया जा रहा है। इससे प्रतीत होता है की मनिका प्रखंड मे मनरेगा की योजनाओ मे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है ।संदीप राम ने मनिका पंचायत के नावाडीह गांव और पोखरी मे एक ही परिवार के चार चार सदस्यो को मनरेगा की योजना को पंचायत से स्वीकृत कर देने की बात कही है। आगे राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष ने मनिका प्रखंड मे मनरेगा से ली गयी योजनाओ को रद्द करते हुए मनरेगा की योजना मे पारदर्शिता लाने के लिए बीडीओ से ग्राम सभा के माध्यम से मनरेगा की योजनाओ को लेने की बात कही है। जिससे की गरीब मजदुरो को मनरेगा की योजनाओ मे लाभ मिल सके।

ईंट भट्ठा कार्यालय का ताला तोड़ हजारों की सामग्री चोरी

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के नौदी ग्राम में संचालित ईंट भट्ठा के कार्यालय का ताला तोड़ अज्ञात चोर लैपटॉप,ट्रैक्टर का बैटरी पटा, 6 लोहा बाल्टी चोरी का घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दे फरार हो गये। भट्ठा संचालक रंजीत साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि ईंट भट्ठा के मेन गेट को तोड़ कर गिरा दिया है। भट्ठा के अंदर कार्यालय का ताला तोड़ चोरी की। घटना की सूचना सेन्हा थाना में देते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा नियम संगत कारवाई का मांग भट्ठा मालिक ने किया। वहीं घटना 30 अप्रैल की रात का बताया जा रहा है। ईंट भट्ठा में चोरी घटना की जानकारी ईंट भट्ठा मालिक ने मंगलवार को सेन्हा थाना में देते हुए बताया कि इसकी जानकारी 1 मई को हुआ था। सूचना के उपरांत बाहर रहने के कारण मंगलवार को सत्यता की जांच कर लिखित आवेदन थाना में कारवाई हेतु दिया गया है। वही जानकारी के अनुसार बता दें कि इससे पूर्व भी अज्ञात चोरो का उत्पात बढ़ा था। जिससे सेन्हा निवासी भोला साहू का बारी से दो सिंचाई मशीन का चोरी कर लिया गया था ।

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के शुभ अवसर पर शिविर का आयोजन

लातेहार (आजाद सिपाही)। माननीय नालसा, नई दिल्ली और झालसा, रांची के निर्देशानुसार, लातेहार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में जिले के विभिन्न क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पारा लीगल वेलेंटियर श्री नीरज कुमार लातेहार, श्री इंद्रनाथ प्रसाद एवं आजाद अहमद महुआंडाड़ के द्वारा विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। श्रम ही राष्ट्र की पूंजी है अतः मजदूरों को उनके कानूनी हक एवं अधिकार की जानकारी अवश्य होनी चाहिए। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क सेवाओं के बारे में एवं जनता की समस्याओं एवं सुविधा के लिए उनके समस्याओं का निराकरण करने हेतु तथा जिन समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है तो उसके लिए स्थायी लोक अदालत या सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के माध्यम से अपनी बात रख सकते हैं ताकि जनता को शीघ्र उचित न्याय मिल सके। श्रम कानून से संबंधित एवं मजदूरों को दी जाने वाली सुविधाए एवं लाभों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा लातेहार जिले के 4 उत्कृष्ट विद्यालयों का किया गया उद्घाटन

विधायक और उपायुक्त ने दीप जला कर किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची स्थित टीवीएस विद्यालय परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सूबे के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाईन उद्घाटन किया। जिसमें लातेहार जिले के 04 विद्यालय 1. राजकीय +2 उच्च विद्यालय, लातेहार 2. राजकीय +2 बलिका उच्च विद्यालय, लातेहार 3. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, लातेहार 4. मॉडल स्कूल, मनिका शामिल हैं। इन विद्यालयों का संचालन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अंग्रेजी माध्यम से किया जायेगा। इन स्कूलों में डिजिटल क्लासरूम, डिजिटल

बोर्ड, प्रैक्टिकल क्लास रूम, प्ले ग्राउंड, साइंस लैब, पार्किंग सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध करायी गयी है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा उक्त विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, लातेहार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय विधायक लातेहार श्री वैद्यनाथ राम, उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव , जन प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, लातेहार की बच्चियों ने सभी अतिथियों का स्वागत स्वागतगान व पुष्प गुच्छ देकर किया। उक्त कार्यक्रम में जिला स्तर पर माननीय विधायक लातेहार, उपायुक्त महोदय, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला शिक्षा अधीक्षक ,पंचायत अध्यक्ष सीता मनि तिर्की ,नगर पंचायत उपाध्यक्ष समेत अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

सीएम ने लातेहार जिले के 4 उत्कृष्ट विद्यालयों का किया उद्घाटन

1. राजकीय +2 उच्च विद्यालय, लातेहार
2. राजकीय +2 बलिका उच्च विद्यालय, लातेहार
3. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, लातेहार
4. मॉडल स्कूल, मनिका

विधायक से मिलकर वनरक्षियों ने वनपाल में प्रोन्नति दिलाने की मांग रखी

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास में सोमवार को झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ प्रमंडलीय मंत्री शशांक शेखर पांडेय के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक के कार्यरत वनरक्षकों ने वनरक्षी से वनपाल में प्रोन्नति दिलाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मांग किया कि वनपाल का शत प्रतिशत पद वनरक्षको से भरा जाए। प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया कि झारखंड राज्य वन क्षेत्र संवर्ग नियमावली 2014 के वर्णित कंडिका अनुरूप निहित प्रावधानों के अनुरूप कार्यरत सभी वनरक्षकों को वनपाल में प्रोन्नति दिलाने हेतु उनकी मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखते हुए न्याय दिलाने का काम किया जाए। वनरक्षको ने कहा की प्रभारी वनपाल के रूप में कार्य करते हुए क्षेत्र की पूरी जानकारी रखते हैं। पूर्व में यह प्रावधान लाया गया था।की सभी वनरक्षक को वनपाल में प्रोन्नति दिया जाएगा। वही विधायक रामचंद्र सिंह ने सभी वनरक्षकों की मांगों पर सहानभूति प्रकट करते उनकी मांगों को संबंधित मंत्रालय समेत प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए निदान का आश्वासन दिया। मौके पर प्रमंडल में वन विभाग के कार्यरत 2 दर्जन से अधिक वंनरक्षी शामिल थे।

नगर परिषद की 12 खाली दुकानों के आवेदन के लिए आखिरी दो दिन

4 मई तक करें आवेदन, 8 को लॉटरी से होगा आवंटन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला नगर परिषद के स्वामित्व वाली 12 खाली दुकानों के लिए नगर परिषद द्वारा 10 दिन पूर्व समाचार पत्रों के माध्यम से आम सूचना प्रकाशित की गई थी कि रोजगार के इच्छुक जो लोग नगर परिषद की इन दुकानों को किराए पर लेना चाहते हैं वे 2000 आवेदन शुल्क के साथ नगर परिषद कार्यालय में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संदर्भ में कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया है कि उक्त दुकानों के आवेदन की आखिरी तिथि 4 मई है, अर्थात अब सिर्फ 2 दिन शेष बचे हैं। इसलिए जो इच्छुक नागरिक उपरोक्त दुकानों के लिए आवंटन प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं वे नगर परिषद से आवेदन पत्र प्राप्त करते हुए 4 मई को शाम 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से आवेदन नगर परिषद में जमा करा दें। बताया कि प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के उपरांत 8 मई को लॉटरी का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त में से 6 दुकानें ललित उरांव बस पड़ाव स्थित नए मार्केट कंपलेक्स के प्रथम तल पर अवस्थित हैं, वहीं बस पड़ाव स्थित उत्तर मुख वाली 4 दुकानें खाली हैं, इसी प्रकार बस स्टैंड मार्ग पर स्थित एक दुकान तथा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के बाहर स्थित एक दुकान आवंटन हेतु उपलब्ध है। दुकानों की विस्तृत जानकारी तथा नियम और शर्तें कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती हैं।

इओ ने की बैठक

मंगलवार को कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने नगर प्रबंधकों तथा संबंधित कर्मियों के साथ राजस्व वसूली की समीक्षा को लेकर बैठक की। बैठक में निर्देश दिया गया कि जो दुकानदार समय से किराया जमा नहीं कर रहे हैं उनकी दुकानों का आवंटन निरस्त करने की प्रक्रिया अपनाएं। जो आबंटी किसी दूसरे को अपनी दुकान को उप-आवंटित कर दिया हो उसकी बंदोबस्ती निरस्त करने का भी प्रस्ताव अविलंब उपलब्ध कराएं। जिन दुकानों का आवंटन पहले ही निरस्त हो गया है यदि उनमें अभी भी पूर्व आबंटी दुकान में कब्जा लिए हुए हो तो उन पर आपराधिक मामला दर्ज कराते हुए अविलंब खाली करवाएं। इस दौरान नगर प्रबंधक हेलाल अहमद, नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, लेखापाल अरशद अली, प्रभारी नाजिर श्रीकांत प्रसाद, रवि महतो, रौनक पांडे आदि मौजूद थे।

दो महिलाएं हुई साइबर ठगी का शिकार

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना अंतर्गत चेटर निवासी महिला मोनिका मिंज साइबर ठगी का शिकार हो गई। वहीं महिला ने थाना में आवेदन देते हुए बताया कि वह आंगनबाड़ी सेविका हैं। सेविका ने बताया कि रविवार को करीब 11:30 बजे उनके फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आंगनबाड़ी का डिटेल देते हुए सदर अस्पताल गुमला से कॉल करने की बात कही गई। कॉल करने वाले ने सेविका सहायिका तथा सेविका के वार्ड की सहिया का नाम भी बताया तथा मेरे पुत्र का जन्म तिथि और मेरा नाम भी बताया और मुझे फोन पे डाउनलोड करा कर सात बार ओटीपी मांगा। इससे पूर्व उसने मुझे पूरे झांसे में ले लिया और मेरे इंडियन बैंक से 32855 रुपया निकाल लिया। अब मेरे खाते में सिर्फ 100 रु. ही बचे हैं। महिला ने कॉल करने वाले का नंबर भी बताया। वहीं दूसरा मामला लोहरदगा रोड चैटर की महिला पुष्पा कुमारी ने भी थाना में आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि मेरे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से अमित शमी नामक व्यक्ति गलत तरीके से 19500 रु. निकाल लिया। महिला ने बताया भाभी की डिलीवरी का पैसा आंगनबाड़ी के द्वारा मिलने वाला था वहीं अमित शमी नामक व्यक्ति अपने आपको आंगनबाड़ी का सदस्य बताकर हमसे पूरा अकाउंट डिटेल मांगा और मुझे मेरे फोन पे पर पहले 1 रु. फिर 2 रुपये भेजा। जिसके बाद उसने मुझे फोन पे पर नोटिफिकेशन भेजा जिसमें आए कोड को भेजने बोला कोड डालने के बाद यूपीआई पासवर्ड डालने बोला जिसके बाद हमारा कुल 19500 रु. तीन किस्तों में खाते से चला गया। वहीं दोनों महिलाओं ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

झाड़-फूंक के चक्कर में गर्भवती महिला की हुई मौत

गुमला (आजाद सिपाही)। जिले के पालकोट प्रखंड स्थित तपकारा गांव की 21 वर्षीय करीना कुमारी पति सुजीत नायक की मौत गुमला सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला 8 माह की गर्भवती थी। वही डॉक्टर ने बताया कि उसके शरीर में खून की कमी थी। महिला के परिजनों ने बताया महिला की तबीयत खराब रहती थी। वहीं लेढटोली तपकारा में एक व्यक्ति द्वारा झाड़-फूंक कराया जाता था। वहीं तपकारा की सहिया सविता देवी ने बताया कि महिला को हर माह नियमित रूप से गर्भावस्था के दौरान दी जाने वाली चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जाती थी लेकिन परिजनों द्वारा दवाओं का नियमित सेवन नहीं कराया जाता था जिसके कारण महिला के शरीर में खून की कमी थी और बार-बार वह बीमार रहती थी लेकिन परिजनों द्वारा लगातार उसको झाड़-फूंक कराया जाता था। वहीं शनिवार को हालत खराब होने पर महिला को उप स्वास्थ्य केंद्र पालकोट में भर्ती कराया गया जहां से बेहतर इलाज हेतु से गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं गुमला में इलाज के क्रम में जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई।

उपलब्धि : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाइन उद्घाटन

झारखंड के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में गुमला के तीन विद्यालयों का चयन

सीबीएसइ मान्यता प्राप्त सरकारी विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम में मिलेगी शिक्षा

गुमला जिले के एसएस +2 उवि, एसएस +2 बालिका उवि एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धुर्वा स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का उद्घाटन किया। जिसमें गुमला जिले के तीन मुख्य विद्यालय एसएस +2 उच्च विद्यालय गुमला, एसएस +2 बालिका उच्च विद्यालय गुमला एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गुमला शामिल हैं। इन विद्यालयों में आज से सीबीएसइ बोर्ड से मान्यता प्राप्त इंग्लिश माध्यम की शिक्षा दी जाएगी। इस दौरान एसएस+2 बालिका उच्च विद्यालय में उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जहां उपायुक्त सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त, एसडीओ सदर सहित तमाम वरीय पदाधिकारी, विद्यार्थी तथा शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

इस अवसर पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के साथ अभी शुरूआत हुई है। लेकिन बहुत जल्द प्रदेश में 5,000 ऐसे स्कूल विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि स्कूलों में शिक्षकों की कमी है और तकनीकी बाधाओं की वजह से शिक्षकों की नियुक्ति अटकी हुई थी लेकिन अब सभी बाधाओं को दूर कर लिया गया है। अलग-अलग चरणों में इस साल के मध्य तक 25,000 शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी जो अलग-अलग विद्यालयों में सेवा देंगे।

टमरकरचा में आगजनी मामले में पीएलएफआइ के दो उग्रवादी गिरफ्तार कर भेजे गये जेल

एक लोडेड देसी कट्टा, मजदूरों का लूटा हुआ मोबाइल, संगठन का खाली पर्चा और एक मोटरसाइकिल बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। बिशुनपुर थाना अंतर्गत टमरकरचा में प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के अज्ञात लोगों के द्वारा विकास कार्य में लगे वाहन में पिछले 10 अप्रैल को आग लगा दी गयी थी और घटनास्थल पर पीएलएफआई का पर्चा देकर काम रोकने की बात कही थी। कार्यस्थल पर काम में लगे मजदूरों का चार मोबाइल लूटकर ले जाया गया था। जिसके आलोक में पीएलएफआई संगठन के सात आठ अज्ञात लोगों के विरुद्ध बिशुनपुर थाना में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद गुमला एसपी के आदेश अनुसार पुलिस उपाधीक्षक अभियान गुमला के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी के द्वारा कांड में दो उग्रवादी की संलिप्तता पाते हुए पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। एसआईटी टीम द्वारा कांड के अनुसंधान के क्रम में छापामारी करते हुए लोहरदगा जिला अंतर्गत केरार गांव के 25 वर्षीय पिंटू उराव उर्फ विवेक उरांव पिता सुशील उरांव से लूटे हुए दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया एवं उसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर कांड में संलिप्त दो अभियुक्तों लोहरदगा पेशरार थाना केरार ग्राम निवासी 21 वर्षीय सोमनाथ खेरवार पिता एतवा खेरवार और बिशनपुर थाना जमटी निवासी 23 वर्षीय बसंत महली पिता लहसू महली को कांड में प्रयुक्त एक लोडेड देसी कट्टा, पीएलएफआई का सादा पर्चा एवं मजदूरों से लूटे हुए एक मोबाइल के साथ सोमवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा कांड में संलिप्त अपने अन्य साथियों के बारे में बताया गया जिनकी गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। कांड में अब तक चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जिनमें से दो को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है और मंगलवार को दो अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है। वहीं बरामद सामान में एक लोडेड देसी कट्टा जिसमें 0.315 का गोली लगा हुआ, घटनास्थल से मजदूरों का लूटा हुआ मोबाईल, संगठन का खाली पर्चा और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक अभियान गुमला से मनीष कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अभियान लोहरदगा से दीपक पांडे और एसआईटी के सदस्य के अलावा डीएसपी मनीष चंद्र लाल, अंचल निरीक्षक मनोज कुमार, बिशनपुर थाना प्रभारी कुंदन कुमार, गुरदरी थाना प्रभारी सदानंद सिंह, घाघरा थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, बिशनपुर थाना से अनिल मंडल, सहित सशस्त्र बल शामिल था।

जिले के दूरदराज इलाकों से जनता दरबार में पहुंचे लोग

उपायुक्त ने सुनी उनकी समस्या, निराकरण के लिए अधीनस्थों को दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में उपायुक्त सभाकक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया।

सिसई प्रखंड के नगर अम्बाटोली निवासी दुर्गेश्वर तिर्की ने उपायुक्त के समक्ष आवेदन समर्पित करते हुए बताया कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री सृजन योजना के लिए फरवरी 2022 में आवेदन कल्याण विभाग में जमा किया गया था।परंतु अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। उपायुक्त द्वारा आवेदन पत्र को जिला कल्याण पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए जांच करने का निर्देश दिया गया। पालकोट प्रखंड के बनईडेगा ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि बनईडेगा, से सनबोथा तक रोड काफी खराब होने के कारण बच्चों को स्कूल, कॉलेज, बाजार जाने में काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों द्वारा रोड बनाने की मांग की गई । जिस पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता राष्ट्रिय उच्च प्रमंडल को जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। घाघरा प्रखंड निवासी स्व. सरण वर्मा के दिव्यांग पुत्र कमल वर्मा ने उपायुक्त को आवेदन देकर काम दिलाने की मांग की।वहीं उग्रवाद प्रभावित सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम खरका निवासी भरत तिवारी ने उपायुक्त को आवेदन देकर रोजगार दिलाने की मांग की।वहीं उग्रवादी हिंसा प्रभावित एक और पीड़ित बसिया प्रखंड के कुम्हारी ग्राम निवासी श्यामलाल साहू ने भी सरकारी नौकरी व मुआवजा दिलाने की मांग की, लोहरदगा रोड कुम्हारटोली गुमला निवासी फिलिसिता तिर्की ने अपने जमीन को अवैध दखल-कब्जा से मुक्त कराने की मांग की। सभी आवेदकों की मांग को उपायुक्त ने गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक सहायता हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे दूरदराज से समस्या लेकर आये ग्रामीण जनता के द्वारा मांगें जैसे मानदेय भुगतान, राशन कार्ड, नौकरी, भूमि संबंधित, मुआवजा भुगतान, जमीन संबंधित विवाद , संबंधित नागरिकों के व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्रों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अविलंब अग्रतेर कार्रवाई करने हेतु भेजने का निर्देश दिया गया।

खेलकूद : जिले में पहली बार कराया जा रहा केवल बालिकाओं के लिए 13 दिवसीय टूर्नामेंट

बालिका क्रिकेट व बालिका बैडमिंटन टूर्नामेंट का जिला प्रशासन ने कराया आयोजन

क्रिकेट केवल लड़के ही नहीं बल्कि लड़कियां भी बखूबी खेल सकती हैं : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला प्रशासन ने केवल बालिकाओं के लिए जिला स्तरीय क्रिकेट एवं बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस तरह के आयोजन का यह पहला अवसर है जब केवल बालिकाओं के लिए इस तरह का अयोजन किया गया है। स्थानीय तेलंगा खड़िया स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट एवं इनडोर स्टेडियम में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन उपायुक्त सुशांत गौरव एवं अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन के द्वारा किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला खेल पदाधिकारी रश्मि मिंज द्वारा भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन मुख्यतः जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं एसएस+2 विद्यालय की बालिकाओं के लिए किया गया। 13 दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता 2 मई से 14 मई तक लगातार चलाई जाएगी।

इस दौरान उपायुक्त सुशांत गौरव ने सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए उनसे मिलकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिले में पहली बार सिर्फ बालिकाओं के लिए इस प्रकार का जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ आज किया गया और आगामी वर्षों में भी इस प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि क्रिकेट केवल लड़के ही नहीं बल्कि लड़कियां भी बखूबी खेल सकती हैं, केवल उन्हें सही प्लेटफार्म दिलाने की आवश्यकता है। खेल के क्षेत्र में हर एक खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा के साथ-साथ एक बेहतरीन प्लेटफार्म दिलाने की जिला प्रशासन की पहल है। जिसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है एवं आगे भी हरसंभव कार्य किया जाएगा। इसी के साथ जिला स्तरीय बने खेल बैंक के उपयोग से इस प्रतियोगिता में भाग लिए खिलाड़ियों को सभी प्रकार की बेहतरीन गुणवत्ता की खेल सामग्री का उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों में एक नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। आज की प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं एसएस +2 विद्यालय से कुल 150 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।

दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

बसिया (आजाद सिपाही)। सोमवार दोपहर में बसिया थानांतर्गत कोनबीर होंडा शोरूम के समीप रांची-सिमडेगा मुख्य सड़क पर दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बसिया क्षेत्र के कलिगा निवासी सुमित मिंज, पिता इमिल मिंज और विमल मिंज, पिता जेम्स मिंज बसिया की ओर आ रहे थे और बिहार से संबलपुर जा रहे पिकअप वाहन से कोनबीर में जोरदार टक्कर हो गयी। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि पिकअप वाहन का टायर ब्लास्ट कर गया और मौके पर ही बाइक चालक सुमित मिंज की मौत हो गयी। वहीं उसका साथी विमल मिंज मिंज गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका रेफरल अस्पताल बसिया में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया।

महत्वपूर्ण न्यूज

संकट मोचन मंदिर प्रेम नगर का सातवां वार्षिकोत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया गया

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर के प्रेम नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर का सातवां वार्षिकोत्सव सोमवार को उमंग उल्लास और श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। वार्षिकोत्सव के दौरान ग्राम पुरोहित अवनीश पाठक एवं ग्राम बैगा रवि बैगा की अगुवाई में भगवान हनुमान की विशेष पूजन व महाआरती कर विश्व कल्याण और शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान संकट मोचन हनुमान जी की महापूजा भगवान भोलेनाथ के पूजा की गयी। हवन के बाद पूणार्हुति की गई। जिसके बाद संध्य महाआरती के दौरान वातावरण पूरी तरह हनुमानमय हो गया। जिसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम को भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, प्रभारी थाना प्रभारी आलोक कुमार उपस्थित हुए। अतिथियों को मंदिर समिति के द्वारा गमछा ओढ़ कर सम्मानित किया गया। जय मां अंबे जागरण मंडली गुमला से आए कलाकारों के भक्ति गीतों पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते नाचते नजर आए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकट मोचन मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, गणेश साहू, राजेन्द्र चौधरी, राजेश राम, गौरी जयसवाल, गुड्डू साहू, राहुल कुमार, महेंद्र ठाकुर, चंचल केशरी, तेजू साहू, सोनू, सहित प्रेम नगर वासियों ने सहयोग किया।

रक्तदान शिविर में प्रशासन, जनप्रतिनिधि, पत्रकार समेत 31 लोगों ने किया रक्तदान

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर प्रखंड कार्यालय के कौशल विकास केंद्र में मंगलवार को जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सदर अस्पताल गुमला द्वारा शिविर लगाकर रक्तदान कराया गया। जिसमें चैनपुर बीडीओ डॉ सुशील कुमार सिंह, सीओ गौतम कुमार, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, बेंदोरा पंचायत मुखिया सुशील दीपक मिंज, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, पत्रकार बजरंग गुप्ता सहित 31 लोगों ने रक्तदान किया। बीडीओ श्री सिंह व सीओ गौतम कुमार ने ब्लॉक के सभी स्टाफ को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए रक्तदान कराया। बीडीओ शिशिर कुमार सिंह ने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जान बच सकेगी। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से कई तरह की बीमारियां दूर होती हैं। सीओ गौतम कुमार ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसलिए रक्तदान करें दूसरे लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें। वहीं जिप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी ने भी लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है।

संत अन्ना उवि में रिजर्व बैंक की ओर से अखिल भारतीय प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता आयोजित

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर मुख्यालय के संत अन्ना उच्च विद्यालय में भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में कुल छह प्रखंडों के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच अखिल भारतीय प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विशुनपुर, डुमरी, घाघरा, चैनपुर, रायडीह एवं जारी प्रखंड के कुल 28 छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर भारतीय रिजर्व बैंक के अफसर हर्षिता सभलोक ने बताया कि वित्तीय साक्षरता हेतु विद्यार्थियों को जागरूक किया जाना है। जिसको लेकर सभी जिलों एवं प्रखंडों में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। वहीं गुमला एलडीएम आबिद हुसैन ने कहा कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए चैनपुर बैंक आफ इंडिया के उप शाखा प्रबंधक नवीन उरांव को बनाया गया था। इधर प्रतियोगिता में सभी छह प्रखंडों के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को पांच हजार नगद एवं मोमेंटो और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। वहीं दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः चार हजार एवं तीन हजार रु. सहित सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं बाहर से आए विद्यार्थियों को आने-जाने का खर्च भी दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से सिलबिरयुस कुजूर, रवि बेक, नवीन बाड़ा, सिकन्दर साहू, प्रिशिला कुजूर, एनी टोप्पो, मनोज साहू, सत्यम कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

बसिया प्रखंड सभागार में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कार्यशाला आयोजित

बसिया (आजाद सिपाही)। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देश के आलोक में प्रखंड में स्वच्छता पखवाड़ा 29 अप्रैल से 15 मई तक मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंगलवार को बसिया प्रखंड सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत सेवक, जलसहिया तथा संबंधित कर्मियों को विस्तार पूर्वक पखवाड़ा के दौरान किये जाने वाले कार्यों के बारे बताया गया। उक्त कार्यशाला में बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, प्रमुख जगरानी तिग्गा, उपप्रमुख इंदुमती देवी, सभी मुखिया, पंचायत सेवक एवं जलसहिया उपस्थित थे।

अपर समाहर्ता ने बन रहे प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय भवन का किया औचक निरीक्षण

सिसई (आजाद सिपाही)। अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने पुराने प्रखंड कार्यालय में बन रहे प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय भवन का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भवन में चल रहे इनोगरेशन कार्य में लापरवाही व गुणवत्ता की अनदेखी व कार्यस्थल में अभियंता के मौजूद नहीं रहने पर नाराजगी जताई। इस दौरान कार्य स्थल पर काम कर रहे राजमिस्त्री व मजदूरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस बीच स्थानीय लोगों ने हॉल भवन में लिल्टन नहीं किए जाने की जानकारी अपर समाहर्ता को दी गई। अपर समाहर्ता ने बताया कि प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय भवन का तीन पार्ट में कुल लागत 41 लाख में कराया जा रहा है। इसमें बच्चों के लिए साइकिल शेड का निर्माण, भवन का मरम्मती व सुन्दरीकरण और ऊपरी तल्ले में खाली पड़े छत में हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य मई तक पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि पुस्तकालय के संचालन के लिए समिति का निर्माण किया जाएगा, समिति के संरक्षक के रूप में बीडीओ, सीओ व थाना प्रभारी रहेंगे। वहीं स्थानीय स्तर पर सौ के करीब सदस्य में से अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। संचालन हेतू स्थानीय स्तर पर सामाजिक व प्रबुद्ध जनों से सहयोग शुल्क पांच सौ रुपए लिया जाएगा। संचालन समिति के द्वारा तय कर पुस्तकालय संचालन के लिए छात्रों से सहयोग राशि ली जा सकेगी। इस मौके पर बीडीओ सुनीला खलखो, शिक्षक विपीन झा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल,एक की हालत गंभीर

बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बघमंवा मोड़ पर हुए सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए। जिसमें से एक युवक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना सोमवार देर शाम का है। मिली जानकारी के अनुसार बाघमनवा गांव निवासी शिव गुप्ता का पुत्र बिमलेश कुमार मोटरसाइकल से अपने घर जा रहा था। उसके साथ गांव के ही दो और युवक मोटरसाइकल पर सवार थे। बाघमनवा मोड़ के पास पांडू की ओर से आ रहे एक कमांडर जीप ने धक्का मार दिया। जिससे मोटरसाइकल पर सवार तीनों युवक घायल हो गये। घायलावस्था में तीनों को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद विमलेश को बेहतर इलाज के लिए एमएमसी रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुइ है। बाकी दोनों घायलों का इलाज बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही चल रहा है।

छतरपुर बीस सूत्री अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने एमओ के खिलाफ खोला मोर्चा कहा: सरकार की बदनामी ना करें

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। छतरपुर प्रखंड के एमओ निर्मल सिंह के खिलाफ बीस सूत्री सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। यह जानकारी बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह एवं उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बीस सूत्री के दूसरी बैठक में उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने प्रखंड में जिला से आवंटन नहीं मिलने के बावजूद भी लाभार्थियों को अनाज वितरण किए जाने एवं जिस माह में अनाज प्राप्त हुआ है उस माह में वितरण नहीं किये जाने के मुद्दे को उठाया था। जिसके जवाब में एमओ निर्मल सिंह ने कहा कि यह सारा घालमेल सरकार के द्वारा किया जा रहा है जो बेहद गैरजिम्मेदाराना एवं सरकार को बदनाम करने वाला बयान है। पूरे छतरपुर प्रखंड में जन वितरण में भ्रष्टाचार चरम पर है लाभुकों को अनाज के जगह पर ईट एवं पत्थर डालकर पर्ची निकाला जाता है एवं बाद में उन्हें कम अनाज दिया जाता है। अभी भी सैकड़ों लाभुक ऐसे हैं जिनके पास कई माह का पर्ची पड़ा हुआ है और उन्हें अनाज नहीं दिया गया है। जो लोग इसका विरोध करते हैं उनका कार्ड पंद्रह से बीस किलोमीटर दूर डीलर के यहां ट्रांसफर करके परेशान किया जाता है और अपने पाप को छुपाने के लिए एमओ के द्वारा सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीस सूत्री सदस्यों की टीम गांव-गांव घूमकर लोगों से जन वितरण प्रणाली से संबंधित शिकायतों को लिखित ऑडियो एवं वीडियो ग्रुप में संग्रहित कर सूबे के मुख्यमंत्री को शिकायत की जायेगी एवं एमओ निर्मल सिंह के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की जायेगी ताकि कोई भी पदाधिकारी खुद के द्वारा किये गये भ्रष्टाचार को सरकार के ऊपर फेंक कर सरकार को बदनाम ना कर सके।

सीओ ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। रेहला कोयल नदी से बालू के अवैध उत्खनन और परिचालन मामले में अब जाकर स्थानीय प्रशासन हरकत में आया। सोमवार की रात बिश्रामपुर बीडीओ सह प्रभारी सीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कोयल नदी से बालू लादकर भाग रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ा। जिसे बाद में अग्रेतर कार्रवाई हेतु रेहला थाना के हवाले किया। यहां बताते चलें कि रेहला थाना क्षेत्र स्थित कोयल नदी से व्यापक पैमाने पर बालू का अवैध उत्खनन और परिचालन धड़ल्ले से लगातार हो रहा था। सोमवार की रात बिश्रामपुर बीडीओ सह प्रभारी सीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम रेहला कोयल नदी बालू घाट पर पहुंचे। सीओ को देखकर बालू लदा एक ट्रैक्टर (खल्ह 03 अक्ष2896) को चालक लेकर भागने लगा। जिसे सीओ श्री हेंब्रम ने दौड़कर पकड़ा और अग्रेतार कार्रवाई के लिए रेहला थाना के हवाले कर दिया। सीओ की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। सीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि बालू के अवैध उत्खनन और परिचालन पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। बिश्रामपुर अंचल क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध उत्खनन नहीं होने दिया जायेगा।

पत्थर से कुचल कर किसान की हत्या के आरोप में दो को जेल

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। पत्थरा ओपी क्षेत्र के एकौनी गांव के समीप हड़ही नदी पर की गइ एक किसान को पत्थर से कुचल कर हत्या के आरोप में दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक रामस्वरूप यादव के पत्नी सोनकलिया देवी के लिखित आवेदन पर थाना कांड संख्या 48/23 दिनांक 28 अप्रैल को दर्ज किया गया था।अनुसंधान के क्रम में एकौनी गांव के महेंद्र यादव के पुत्र संजय यादव तथा उसी गांव के लखन यादव के पुत्र उमेश यादव को गिरफ्तार किया गया।उसके स्वीकारोक्ति बयान में हत्या कारित करने की बात को स्वीकार किया है। तथा उसके निशानदेही पर घटना कारित करने में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा एवं पत्थर को भी बरामद किया गया है। वहीं दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छपामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, पत्थरा ओपी प्रभारी नितीश कुमार, एसआइ निर्भय कुमार, शिवकुमार उरांव, निरंजन कुमार के अलावे हरिहरगंज एवं पत्थरा ओपी के रिजर्व गार्ड सशस्त्र बल शामिल हैं।

पिंक सिटी बस में यात्रा कर रही छात्राओं ने कहा मेयर है तो सब मुमकिन है

महिलाओं की मुस्कान से होगी बस के घाटे की भरपाई : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने विधिवत सभी महिला पार्षद कमर यासमीन,अहिल्या गुप्ता, हसबुन निशा, चंचला देवी प्रमिला देवी के साथ स्वयं पांच रुपया किराया का पहला टिकट काटकर चारों रूट रांची रोड, सिगरा रोड, चैनपुर शाहपुर रोड एवं पांकी मेडिकल कॉलेज रोड में बस का परिचालन शुरू करा दिया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि कल से यह पिंक पिंक खूबसूरत बस शहर के हर मार्ग में एक मुस्कान के साथ इतिहास रचेगी जो सुबह 7 बजे से रांची रोड हेरिटेज स्कूल, पांकी रोड मेडिकल कॉलेज, चैनपुर भटी मोड़ तथा सिगरा पाटन मोड़ से प्रारंभ होकर शहर को आयेगी और अंतिम ट्रिप शाम को 7 बजे डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक से जायेगी। प्रथम महापौर ने बताया चूकी यह बस महिलाओं एवं छात्राओं के लिए चलायी जा रही है इसीलिए कॉलेज एवं कोचिंग क्लासेस के टाइमिंग को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्राओं को सुविधा मिल सके और सभी कॉलेजों तक बस पहुंच सके। प्रथम महापौर ने बताया मैं जानती हूं निगम क्षेत्र के एक छोर से दूसरे छोर तक जाने के लिए मात्र 5 रुपया का टिकट रखने से बस संचालक को प्रति बस 50 हजार रुपये तक का माहवारी नुकसान होगा लेकिन वह चिंता ना करें इसकी भरपाई मैं करूंगी और मेरी भरपाई छात्राओं एवं महिलाओं को होने वाली बचत की मुस्कान से होगी। मुझे मालूम है अगर प्रतिदिन आने जाने वाली एक महिला को 500 से हजार रुपया महीना तक बचता है तो उसके लिए वह पैसा कितना माने रखता है। एक औरत होने के नाते मैं बेहतर समझ सकती हूं। इस अवसर पर महिला कंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक टिकट मशीन लेकर तैयार थी जो शहर के लिए एक नया प्रयोग है साथी ही खलासी और ड्राइवर भी पिंक पिंक टी-शर्ट पहने नजर आये। एक दो दिनों के अंदर जीपीएस लिंक भी जारी कर दिया जायेगा ताकि हर महिला देख सके उनके रूट का बस उन तक कितने देर में पहुंचेगा। आज बस में सफर करने वाली महिलाओं को टिकट के साथ टॉफी दे कर मुंह मीठा भी कराया गया। सफर करने वाली आज महिलाओं एवं छात्राओं ने प्रथम महापौर के प्रति आभार भी जतायी और कहा मेयर है तो मुमकिन है।

सभी बसों में लगा है सीसीटीवी

प्रथम महापौर ने बताया सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी भी सभी बसों में लगा है की सुरक्षा के लिए लगी हुइ है जिसका लिंक आरक्षी अधीक्षक पलामू एवं शहर तथा निगम के अंतर्गत आने वाले थाना में निगरानी के लिए दिया गया है। सभी बस में मोबाइल चार्जर भी लगा है जिसका उपयोग निःशुल्क होगा।

राज्य स्तरीय थांग-टा चैंपियनशिप में गोल्ड जितने वाले 8 प्रतिभागियों को डीसी ने मोमेंटो देकर किया सम्मानित

चैंपियनशिप में डीसी की पुत्री अंजनी दोड्डे ने भी लहराया परचम, जीता गोल्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में राज्य स्तरीय थांग-टा चैंपियनशिप में गोल्ड जितने वाले 8 प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी पुत्री अंजनी दोड्डे को भी सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि थांग-टा प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने वाले प्रतिभागियों में उनकी पुत्री अंजनी भी शामिल रही है। धनबाद के हीरापुर में आयोजित राज्य स्तरीय थांग-टा चैंपियनशिप में राज्य के 20 से अधिक जिलों ने भाग लिया जिसमें पलामू दूसरे नंबर पर रहा। राज्य स्तरीय चैंपियनशिप जीतने के पश्चात पलामू की टीम रांची में राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में भाग लेगी। थांग-टा मार्शल आर्ट भारत का पारंपरिक खेल है जिसमें तलवार ढाल के अलावे किक का प्रयोग किया जाता है।

डीसी ने टीम की कोच समेत सभी खिलाड़ियों को बधाई दी

गोल्ड जीतने पर उपायुक्त ने टीम की कोच रही सोनामती कुमारी को विशेष बधाइ दी है। उन्होंने कहा कि उनके देख-रेख में ही खिलाड़ियों ने इतना बढ़िया प्रदर्शन किया है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया साथ ही सभी को रांची में होने वाले राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये ऑल द बेस्ट कहा।

समाजसेवी स्वर्गीय ललित किशोर सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र बनियाडीह बराही गांव निवासी समाजसेवी ललित किशोर सिंह की दूसरी पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव में समारोहपूर्वक मनायी गई। पुण्य तिथि के आरंभ मे मौजूद लोगों ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा की ललित किशोर सिंह सादगी के प्रतिक थे, वह बराबर सामाजिक कार्यो को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। साथ ही गांव को हर क्षेत्र मे विकसित करना चाहते थे। आज इनके कर्मो का फल है इनके छोटे पुत्र रंधीर कुमार सिंह ने इस गांव मे, 105 फिट दक्षिण मुखि हनुमान जी का प्रतिमा का निर्माण कर बराही गांव को धार्मिक स्थलों के रूप मे विकसित कर संपूर्ण राष्ट्र मे बराही धाम की एक अलग पहचान बनायी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उनकी पत्नी बसंती कुंवर, निर्भय सिंह, राम पुकार सिंह, कमला सिंह, शैलेश सिंह मिथिलेश सिंह, बब्लू सिंह, टूनटून सिंह समेत क्षेत्र के कई ग्रामीण मौजूद थे।

संकल्प,प्रयास व निष्ठा से मिलेगी उत्कृष्ट शिक्षा की मंजिल : डीसी

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। रांची से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के अस्सी (80) उत्कृष्ट विद्यालयों का आनलाइन शुभारंभ किया। जिसमें पलामू जिला के तीन उत्कृष्ट विद्यालय राजकीय+2 उच्च विद्यालय मेदिनीनगर (जिला स्कूल), राजकीय बालिका+2 उच्च विद्यालय मेदिनीनगर एवं कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चैनपुर भी शामिल हैं। इन तीन विद्यालयों में कक्षा 6,7,8,9 एवं 11 के 745 विद्यार्थियों का नामांकन किया जाना है। पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे,जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी,उपाध्यक्ष आलोक सिंह,डीईओ अनिल कुमार चौधरी,जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार,सिविल सर्जन अशोक कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी,जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, बीस सूत्री अध्यक्ष सन्नू सिद्दीकी, गोपाल कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर जिला स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय शुभारंभ समारोह का उद्घाटन किया। समारोह का संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। इस मौके पर डीसी आंजनेयुलु डोड्डे ने कहा कि आज का दिन पलामू जिले के लिये गर्व का दिन है आज जिले में भी तीन स्कूल का उद्घाटन हुआ है जहां बच्चे उच्च गुणवत्ता का शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा की इस स्वर्णिम शुरूआत को अंजाम तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जो भी समस्या आयेगी,उसे मेरे संज्ञान में लाइए,उसका समाधान किया जायेगा। संकल्प, प्रयास व निष्ठा से उत्कृष्ट शिक्षा की मंजिल जरूर मिलेगी। उन्होंने जिला को तीन उत्कृष्ट विद्यालय का उपहार देने के लिए झारखंड सरकार के प्रति आभार प्रकट किया तथा पलामू जिलावासियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में एडीपीओ उदय सिंह,एपीओ अशोक रजक, जान मुथू, अभियंता दिलीप सिंह, क्षेत्र प्रबंधक शादाब हुसैन, सुधीर दूबे, राजीव चौबे, विकास दूबे, प्राचार्य करूणा शंकर तिवारी, निखिल गुप्ता, बीपीओ मनोज तिवारी, राजीव रंजन सिंह, नरेंद्र सिंह, आमोद सिन्हा, मुकेश सिन्हा, विजय शुक्ला एवं जिला स्कूल के पूर्व छात्र-सह-पत्रकार प्रभात सुमन ने सराहनीय भूमिका निभायी। मौके पर काफी संख्या में विद्यार्थीगण, शिक्षकगण, समग्र शिक्षा अभियान शिक्षाकर्मी, प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारियों ने भाग लिया।

पूर्व विधायक स्व. हरिहर सिंह की प्रतिमा का विधायक ने किया अनावरण

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद के प्रखंड परिसर स्थित मुख्य द्वार के नजदीक स्थापित पूर्व विधायक स्व हरिहर सिंह की प्रतिमा का मंगलवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अनावरण किया। अनावरण के उपरांत विधायक कमलेश कुमार सिंह समेत अन्य ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि स्व हरिहर सिंह का व्यक्तित्व आदर्शवादी था। वह समाज के सभी लोगों में प्रिय रहे। यही वजह है कि उनकी प्रतिमा अनावरण के इस कार्यक्रम में सभी दल सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हरिहर बाबू के आदर्शो पर चलकर ही बेहतर समाज की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हरिहर बाबू एक सच्चे राज नेता रहे हैं। स्व. हरिहर बाबू सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे। सभी जाति धर्म के लोगों के प्रति समान दृष्टि रखते थे। स्व हरिहर बाबू की नीतियों पर चलकर ही स्वस्थ समाज की कल्पना की जा सकती है। कार्यक्रम में ओवर ब्रिज निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर देवेंद्र प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, पप्पू सिंह, भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, चंदन सिंह, टुन्ना सिंह, विनय पासवान,कर्नल संजय सिंह, सुशील कुमार सिंह, भोला सिंह, मंदीप राम, बुधन राम, धनंजय सिंह, विजय राजवंशी, राजकुमार ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण का आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद शहर के दिनेश चौक स्थित चार धाम मंदिर परिसर में आयोजित देवी प्राण प्रतिष्ठा सह सतचंडी महायज्ञ को लेकर मंगलवार को देवी प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण का आयोजन किया गया। यज्ञ आचार्य दुर्गेश शास्त्री के नेतृत्व मे आयोजित इस अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच स्नान श्रृंगार कि प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद यज्ञशाला की परिक्रमा कर नगर भ्रमण की शुरूआत की गयी। महिलाओं द्वारा देवी गीत एवं जयकारो के साथ शहर के प्रमुख मार्गों व मुहल्लों का भ्रमण किया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, अजय प्रसाद गुप्ता, मुन्ना कुमार देव, बिजय मेहता, जय प्रकाश शर्मा, राजेश कर्ण, सत्यनारायण गुप्ता, रामप्रवेश चौधरी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, बद्री विश्वकर्मा, जय श्री बैठा, राजकुमार प्रसाद, राकेश कुमार आदि मौजूद थे।

स्पोर्ट्स

लखनऊ में आइपीएल के मैच में विराट कोहली और गौतम गंभीर की टसल एक बार फिर देखने को मिली। दोनों एक दूसरे के सामने आ गये। 5 मिनट तक तीखी नोक-झोंक होती रही।

विराट-गंभीर 10 साल बाद मैदान पर फिर भिड़े

कोहली ने मैदान से सीना ठोका, इशारा किया, नवीन से दूसरी बार झगड़े तो गंभीर भी आ गये

एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में आइपीएल के मैच में विराट कोहली और गौतम गंभीर की टसल एक बार फिर देखने को मिली। दोनों एक दूसरे के सामने आ गये। 5 मिनट तक तीखी नोक-झोंक होती रही। मामला इतना बढ़ गया कि एलएसजी के कप्तान केएल राहुल और सीनियर खिलाड़ी अमित मिश्रा को बीच बचाव करना पड़ा। इसके बाद भी कोहली और गंभीर एक-दूसरे से नाराज दिखे। इससे पहले 2013 में भी दोनों में तीखी

बहस हुई थी। मैच के दौरान विराट ने जूता दिखाकर नवीन उल-हक पर स्लेजिंग भी की। इस विवाद के बाद एलएसजी के मेंटॉर गौतम गंभीर और आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली पर कुछ कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 100% जुर्माना लगाया गया। एलएसजी के गेंदबाज नवीन-उल-हक पर भी मैच फीस का 50% जुर्माना लगाया गया। कोहली और नवीन ने अपनी गलती मान ली है।

कोहली ने लिखा- ना तथ्य, ना ही सत्य

विराट ने मैच के बाद इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। इसे सफाई के तौर पर देखा जा रहा है। लिखा, 'जो भी कुछ हम सुनते हैं, वे विचार होते हैं, तथ्य नहीं। हम जो कुछ भी देखते हैं वह एक दृष्टिकोण है, सत्य नहीं। इसके नीचे मार्कस ऑरेलियस का नाम लिखा है

नवीन ने लिखा- आपको वही मिलता है जो आप डिजर्व करते है

मैच के बाद नवीन उल-हक ने भी इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगायी है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा- 'आपको वही मिलता है जो आप डिजर्व करते है। ऐसा ही होना चाहिए और ऐसा ही होता है।' इसे भी उस नोक-झोक से जुड़ा माना जा रहा है।

चौथे ओवर में विराट ने सीना ठोका, इशारा किया: लखनऊ की टीम बल्लेबाजी कर रही थी। मैच का चौथा ओवर था। क्रुणाल पंडया और आयुष बदोनी बल्लेबाजी कर रहे थे। ग्लेन मैक्सवेल की तीसरी गेंद पर पंड्या ने लांग पर शॉट मारा। उधर, विराट ने कैच लपक लिया। इसका जश्न मनाते हुए विराट ने स्टैंड्स की तरफ देखकर अपना सीना ठोका। इसके बाद मुंह पर उंगली रखकर इशारा किया। डगआउट में बैठे गौतम ये सब देख रहे थे।

16वें ओवर के बाद विराट ने नवीन को इशारा किया:16वें ओवर के बाद विराट स्टंप के पीछे से दौड़ते हुए आए और नवीन को देखकर कुछ इशारा किया। इस पर नवीन उल-हक भी उनके करीब आ गये और दोनों में बहस शुरू हो गई। इस बीच विराट ने अपने जूते की तरफ भी इशारा किया और उसमें से मिट्टी निकाली। बाकी खिलाड़ियों ने बीच-बचाव की कोशिश की तो कोहली और अमित मिश्रा के बीच भी बहस हो गई। आरसीबी के दिनेश कार्तिक और अंपायर ने आकर दोनों को अलग किया।

मैच के बाद नवीन-विराट हाथ मिला रहे थे: मैच खत्म होने के बाद लखनऊ और बेंगलुरु के खिलाड़ी जब हाथ मिला रहे थे, इस दौरान नवीन-उल-हक और विराट के बीच बहस शुरू हो गई। आरसीबी के खिलाड़ी विराट को लेकर चले गये। विराट फिर लखनऊ के ऑलराउंडर काइल मेयर्स के साथ बातचीत करने लगे। तभी गंभीर आकर मेयर्स को अपने साथ लेकर जाने लगे। उसी दौरान गंभीर कुछ-कुछ कहने लगे। कोहली ने जवाब दिया।

डीवीसी श्रमिक यूनियन कार्यालय और इसीएल मुगमा में मनाया मजदूर दिवस

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। सोमवार को डीवीसी श्रमिक यूनियन मैथन शाखा की ओर से कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम शाखा के अध्यक्ष कामरेड के के त्रिपाठी ने झंडोतोलन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में मौजूद पेंशनर्स फोरम, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, भारत की जनवादी नौजवान सभा एवं डीवीसी कैजुअल वर्कर्स यूनियन द्वारा मई दिवस के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद यूनियन कार्यालय से एरिया नम्बर 6, एरिया नंबर 5 एवं एरिया नंबर 4 टेंपो स्टैंड होते हुए जुलूस निकाला गया जो वापस कार्यालय आकर सभा मे बदल गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मई दिवस के इतिहास एवं हिंदुस्तान के वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति में मजदूर दिवस के अहमियत के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। मौके पर जी राम, संतोष घोष, सुधीर पाण्डेय, निशीथ मुखर्जी, पी कविराज, विनय गोस्वामी, सुदामा शर्मा, सुद्धिष्ट कुमार, गौतम पाल, कावेरी आड्या, मीरा सिंह, कुमारी सपना, दीपा विश्वास, बी आर मजूमदार, लालजीत चटर्जी, दीपांकर राय, कार्तिक घोष, लतिका नाथ,सोना चक्रवर्ती, बसंती करकट्टा, अनुराधा सिन्हा, मनोज सिन्हा, शब्याशाची महत्ता, मिंटु दास, तामिजुद्दीन खान, गौतम महतो, गौरव चक्रवर्ती, दिनेश शर्मा आदि ने भाग लिया। मजदूर दिवस पर इसीएल मुगमा एरिया जीएम कार्यालय सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत में जीएम डीके नायक, मौजूद कर्मियों व यूनियन नेताओं द्वारा मजदूर स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई। सीएमडी का अभिव्यक्ति को बालूलाल पांडेय ने पढ़कर सुनाया। उसके बाद कलाकारों द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। 30 मजदूरों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ईसीएल मुगमा एरिया के एपीएम विमल कुमार भौमिक ने बताया कि मजदूर दिवस मजदूरों के हित और सुरक्षा को लेकर मनाया जाता है। पहले मजदूर से सिर्फ उत्पादन कराया जाता था उनकी सुरक्षा या उनके बारे में कभी भी किसी ने नहीं सोचा था। लेकिन पूर्व में इसे लेकर लंबी लड़ाई लड़ी गई है। जिसके बाद 8 घंटे का काम, 8 घंटे आराम एवं एक दिन का पूरा विश्राम घोषित किया गया। आज हमलोग मुगमा एरिया में बेहतर कार्य करने वाले मजदूरों को पुरस्कृत कर रहे हैं। मौके पर एजीएम डीके रामा, अभिकर्ता, मैनेजर, यूनियन नेता आदि उपस्थित थे।

झरिया विधानसभा के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर रवि सिंह का किया स्वागत

झरिया (आजाद सिपाही)। मंगलवार को यूथ कॉंग्रेस के झरिया विधानसभा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह का मेन रोड में मिठाई खिला व फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर झरिया नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव ने कहा की ये अभिजित राज एवम कुमार गौरव की दूर दृष्टि का परीणाम हैं की रवि सिंह जैसे साधारण कार्यकर्त्ता को अध्यक्ष पद की ज़िम्मेदारी सौंपी है क्योंकि आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री की कुर्सी पर राहुल गांधी को बैठाने का संकल्प हर कांग्रेस के सिपाही ने लिया है ऐसे में झरिया विधानसभा क्षेत्र में 346 बूथों पर दस दस यूथों की मौजूदगी सिर्फ रवि सिंह के नेतृत्व में ही हो सकता है। मौके पर मुख्य रूप से झरिया नगर महासचिव कुंदन मोदक, सोनू साव, सूरज शर्मा, रोशन यादव, ऋषभ सिंह, आयुष सिंह, मिट्ठू अंसारी, टाइगर, प्रिंस चौहान, अली, राहुल केसरी, प्रिंस विश्वकर्मा, संदीप पासवान, विनीत चौहान, विशाल साव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दोबारी क्षेत्र में छापामारी कर झरिया पुलिस ने अवैध कोयला सहित वाहन किया जब्त

धनसार (आजाद सिपाही)। झरिया थाना क्षेत्र के दोबारी परियोजना के समीप गुप्त सूचना के आधार पर झरिया पुलिस ने कोयला चोरी का उद्भेदन करते हुए कोयला लदा 407 वाहन संख्या खल10अव/4846 को जब्त कर लिया। बताया जा रहा है कि बीती रात लगभग 2 बजे झरिया पुलिस को सूचना मिली कि कोयला चोरों द्वारा वाहन में कोयला लोड किया जा रहा है। झरिया पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए उक्त वाहन को लोडिंग करते समय जब्त कर लिया जबकि सभी कोयला चोर अंधेरा का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। सूत्रों की माने तो अन्य कई वाहन पर धनसर थाना क्षेत्र के बेड़ा कोलियरी के समीप कोयला लोड होने की सुचना थी परन्तु सुचना के बाद भी झरिया पुलिस कार्रवाई नहीं कर सकी। क्योंकि उक्त क्षेत्र झरिया थाना के सीमा से बाहर बताया जा रहा था। वही छापेमारी के बाद कोयला चोरों में हड़कंप मच गया। छापामारी वाले स्थान पर कई महीनों से कोयला चोरी का कार्य चालू रहने की बात कही जा रही है। कोयला चोरों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ था कि लगभग 10 दिन पहले कोयला चोरों द्वारा ट्रांसपोर्टिंग हाईवा वाहन पर बम मार कर दहशत फैला गया था जिसमें पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए कई लोग के नामजद आरोपी भी बनाया गया हैं। जिसमें अभी कई कोयला चोर पुलिस के पकड़ से फरार है। इनमें राजा सागर जितेंद्र सुल्तान समेत कई लोग शामिल है।

जमंस बच्चा गुट ने जिनागोरा में किया सड़क जाम, कांटा नहीं होने से कोयला डिस्पैच रहा बाधित

आज विधायक करेंगी जीएम संग वार्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

अलकडीहा। जीनागोरा से भागा तथा साउथ तीसरा कि सड़क कि मरम्मती एवं प्रदूषण नियंत्रण करने की मांग को लेकर जनता मजदूर संघ बच्चा गुट द्वारा मंगलवार को जीनागोरा चौक के समीप सड़क किया गया। कांटा घर की ओर जानेवाली सड़क के जाम हो जाने से कोयला डिस्पैच में लगे एक भी वाहन का कांटा नहीं हो सका जिस कारण कोयले की ढुलाई पूरी तरह बाधित रही। सुबह से ही सड़क जाम किए जमंस समर्थकों से बारह घंटे बीत जाने के बाद भी कोई अधिकारी उनकी मांगों पर वार्ता करने नहीं पहुंचे। जिससे आक्रोशित बंद समर्थकों ने रघुकुल के निर्देश पर आंदोलन को अनिश्चितकाल के लिए जारी

रखने की घोषणा कर दिया। संघ के नेता रामबाबू सिंह और राकेश सिंह ने कहा की प्रबंधन आउटसोर्सिंग परियोजना चलाने को लेकर जयरामपुर जीनागोरा, बागडिगी, लोदना आदि क्षेत्रों को जबरन खाली कराने को परियोजना से बड़े पैमाने पर धूलकण उड़ाकर क्षेत्र को लगातार प्रदूषित किया जा रहा हैं। पानी बिजली की आपूर्ति में व्यवधान उतपन्न कराया जा रहा है। जानबूझकर मुख्य सड़क को शुनशान इलाके में डायवर्सन किया जा रहा है ताकि विवश होकर लोग स्वयं अपना आवास छोड़कर चले जाएं। नेताओं ने कहा की झरिया विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह ने अपने पति नीरज सिंह के पद चिन्हों पर चलने का लिए गए संकल्प को पुरा करने और लोदना क्षेत्र के लोगों को सम्मान दिलाने को संकल्पित हैं। बुधवार को विधायिका पूर्णिमा का प्रबंधन के साथ विस्थापन एवं प्रदूषण सहित अन्य मुद्दों पर होनेवाली वार्ता मील का पत्थर साबित होने की बात कही है। संघ समर्थकों ने प्रबंधन को चेतावनी दिया कि जबतक उनकी मांगे नहीं मानी जायेगी तबतक सड़क जाम जारी रहेगा।

मौके पर ये रहे मौजूद

मौके पर रामबाबू सिंह, रूपक सिन्हा, रवि थापा, राकेश सिंह, दीपक सिंह, दिलीप महतो, अमीत कुमार, राधेश्याम यादव, समरजीत सिंह, सुरेश माली, गौरव चक्रवर्ती, बंटी शर्मा, रवि सिंह, छोटू बाउरी आदि थे।

विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। झरिया के मानबाद के समीप थाना रोड में लगे नए ट्रांसफार्मर का मंगलवार को विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने नारियल फोड़ एवं रिबन काट कर उद्घाटन किया। बताते चलें कि उक्त क्षेत्र में लोड ज्यादा होने की वजह से बार बार तकनीकी खराबी के कारण विद्युत बाधित हो जाती थी। विधायक की पहल पर उक्त स्थान में 200 केवीए का एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर विभाग की ओर से

लगाया गया है। नया ट्रांसफार्मर लगने से आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है। मौके पर विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि इस भीषण गर्मी के मौसम में विद्युत समस्या से निदान आम जन को मिले जिसे लेकर जरुरत के अनुसार झरिया के विभिन्न स्थानों पर सर्वे कर पोल एवं अधिक लोड वाले जगहों को चिन्हित कर अतिरिक्त ट्रास्फार्मर लगाया जा रहा है। जिसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। मौके पर विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनीष चंद कुर्की, सहायक अभियंता राकेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, सुरज सिंह, झुन्नू गुप्ता, मुख्तार खान, एनामुल हक, मनौवर गद्दी, रघुवीर गोयल, राणा मनीष सिंह, जितेंद्र सिंह, राकेश मिश्रा, मीर फिरोज, राकेश पासवान, राजेश सिंह, श्याम सिन्हा, सिद्धेश्वर, महावीर सिंह, संजय अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अमित चौधरी, सोनू शर्मा, मुकेश अग्रवाल, महेश शर्मा, तरुन दास, मनोज अग्रवाल, सुजल शर्मा, मरनी देवी, रौनक अग्रवाल, बबलू शर्मा सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

बच्चा सिंह सहित तीन मजदूर नेताओं के आवासों में एनआइए की टीम ने की छापेमारी

सूरज कुमार सिंह

बोकारो थर्मल। मजदूर संगठन समिति के केंद्रीय महासचिव सह डीवीसी सप्लाइ मजदूर बच्चा सिंह के निशान हाट कॉलोनी स्थित क्वाटर नंबर एचएमडी 50/डी में राष्ट्रीय अनुसंधान विभाग रांची (एनआइए) टीम के द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। यह अभियान मंगलवार की सुबह लगभग पांच बजे शुरू हुआ। जो लगभग पांच घंटों तक चला। केंद्रीय महासचिव बच्चा सिंह के अलावे निशान हाट पाइपलाइन कॉलोनी के निवासी सह एमएसएस नेता संजय तूरी सहित एमएसएस के पूर्व नेता एवं वर्तमान में एचएमकेयू सप्लाइ ठेका मजदूर के बोकारो थर्मल शाखा सचिव नागेश्वर महतो के क्वाटर नंबर एचएमडी 36/ए में भी एनआइए टीम के द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। यहां एमएसएस के पूर्व नेता नागेश्वर महतो क्वाटर में नहीं रहने के कारण उनके बंद आवास में लगे ताला को तोड़ कर घर की तलाशी ली गई। यहां इस अभियान में एनआइए रांची टीम के

डीएसपी अजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में यह तलाशी का कार्य हुआ। इसमें बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेश कुमार चौहान के अलावे बेरमो, गोमिया, पेटरबार, बालीडीह, जरीडीह, नवाडीह के अलावे दस थाना के पुलिस अधिकारी एवं जवान शामिल थे। इस दौरान एनआइए की टीम ने केंद्रीय महासचिव के क्वाटर से एमएसएस द्वारा मई दिवस को लेकर जारी किया गया पर्चा अजय कुमार सिन्हा सहित लेटर पेड दो मोबाइल एवं झारखंड जन संघर्ष मोर्चा का पर्चा जप्त कर साथ में ले गये। इस संबंध में एनआइए टीम के डीएसपी अजय कुमार सिन्हा ने कुछ भी बताने से साफ इंकार कर दिया। वहीं तलाशी अभियान पूरा होने के बाद एमएसएस के केंद्रीय महासचिव बच्चा सिंह ने कहा कि तलाशी अभियान काफी सभ्य तरीके से लिया गया। जो सामान जहां था तलाशी के बाद फिर वहीं ज्यों के त्यों एनआइए टीम के द्वारा रख दिया गया। मोबाइल और यूनियन के कुछ पर्चे व कागजात साथ लेकर गये हैं। उन्होंने कहा की एनआइए टीम को केंद्र सरकार अनवस्यक परेशान एवं दुरुप्रयोग कर रही हैं। मजदूर संगठन समिति सरकार द्वारा पंजीकृत मजदूर यूनियन हैं। जिसे जबरन नक्सली संगठन घोषित करने पर आमादा हैं। कहा कि वर्ष 22 दिसंबर 2017 को राज्य की भाजपा सरकार ने एमएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था। परंतु न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाने के कारण 11 फरवरी 2022 को झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा एमएसएस से प्रतिबंध हटाने का आदेश निर्गत कर दिया गया। कहे कि 2024 के चुनाव को लेकर यह सारा हथकंडा भाजपा सरकार के द्वारा अपनाई जा रही हैं। ताकि भाजपा के खिलाफ कोई आवाज न उठा सके।

बीएसएल में सुरक्षा के विभिन्न आयामों से अवगत हुए प्रशिक्षु

बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में संयंत्र के 2023 बैच के प्रबंध प्रशिक्षुओं के लिए 'सुरक्षा एवं दुर्घटना की रोकथाम' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उदघाटन सत्र में महाप्रबंधक (मासंवि.) देवा टोप्पो, महाप्रबंधक (सुरक्षा) विकास गुप्ता, वरीय प्रबंधक (मासंवि.) जीके सिंह सहित 2023 बैच के प्रबंध प्रशिक्षु उपस्थित थे। देवाश्री टोप्पो ने स्टील प्लांट में सेफ्टी की उपयोगिता एवं 'सुरक्षा एवं दुर्घटना की रोकथाम' में फ्रंट लाइन मैनेजर की भूमिका पर प्रकाश डाला। विकास गुप्ता ने कार्यस्थल तथा दैनिक जीवन में सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं द्वारा प्रबंध प्रशिक्षुओ को सुरक्षा एवं दुर्घटना की रोकथाम में फ्रंट लाइन मैनेजर की भूमिका, रिस्क मैनेजमेंट, रिस्क एनालिसिस, 5-एस सिस्टम ऑफ हाउसकीपिंग, फायर हाजार्ड्स, फायर सेफ्टी, गैस सेफ्टी एवं फैक्ट्री एक्ट इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम का संचालन जीके सिंह ने किया।

डीएवी 6 में जेइ मेंस में बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

बोकारो (आजाद सिपाही)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद नयी दिल्ली द्वारा आयोजित जेइ मेंस परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट छात्रों में अभिनव शर्मा, स्नेहा सिंह, स्नेहल सिंह, आर्या रानी, कुंदन कुमार एवं सुशांत मुर्मू शामिल हैं। अपनी कड़ी मेहनत के साथ ये सभी विद्यार्थी जेइ एडवांस परीक्षा की तैयारी में जुट गये हैं।

विद्यालयों का संचालन सीबीएसइ के माध्यम से किया जायेगा

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो जिले के दो उत्कृष्ट विद्यालय प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय नावाडीह एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कसमार भी शामिल है। जिसका आज शुभारंभ हुआ। इन विद्यालयों का संचालन सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा उक्त विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय नावाडीह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त कुलदीप चौधरी समेत अन्य पदाधिकारियों/जन प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर डीडीसी कीर्ती अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक सुमन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम, अंचलाधिकारी बेरमो मनोज कुमार, बीडीओ नावाडीह संजय सांडिल्य, अंचलाधिकारी अशोक सिन्हा, प्रमुख नावाडीह पूनम देवी, मुखिया आदि सहित अन्य उपस्थित है।

कार्यालय
उपायुक्त -सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(जिला विकास शाखा)
Phone No. 06562-224433 E-mail :- ddc-pal@nic.in

सूचना

कार्यालय पत्रांक–596/वि0, दिनांक–21.04.2023 द्वारा DMFT Cell के कर्मियों एवं आगंतुको के उपयोग हेतु आवश्यक सामग्री का क्रय करने संबंधी निविदा(विज्ञापन सं0– PR No.-295707 दिनांक–21.04.2023) प्रकाशित किया गया है।

उक्त के आलोक में प्राप्त निविदा प्रस्ताव को खोलने की दिनांक–04.05.2023 को 03:00 बजे अंकित है, जिसे संशोधित करते हुये निविदा प्रस्ताव खोलने की तिथि दिनांक–06.05.2023 को 03:00 बजे की जाती है।

उप विकास आयुक्त, पलामू।

PR.NO.296289 District(23-24):D

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय के ज्ञापांक 1287 सा०प्र० दिनांक 19.04.2023 तथा प्रकाशित सूची जिसका PR.No. 295503 को संशोधित करते हुये प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक के कोलघट्टी परियोजना AHP अन्तर्गत 288 लाभुको में से 16 लाभुको द्वारा ससमय किस्त का अंशदान की राशि जमा नही किया गया है। लाभुको को नोटिस, Whatsapp, दूरभाष, मौखिक रूप से तथा आम सूचना प्रकाशित कर लाभुको को अंशदान की बकाया राशि जमा करने के लिए कई बार निदेशित किया गया है। किन्तु किस्त की राशि जमा नही किया गया है।

तदपश्चात् निम्न् लाभुको के आवास आवंटन का संशोधित सूची प्रकाशित किया जा रहा है।

S.NO.	SURVEY CODE	BENF. NAME	BENF. FATHER'S/HUSBAND NAME	ALLOTED FLAT NO.
1	5910854	REKHA DEVI	RADHA SINGH	A-404
2	5910853	RUBY SINGH	SIDDHARTH SINGH	B-109
3	5817161	VIKASH KUMAR SINHA	VIJAY KISHOR PRASAD	G-401
4	5913777	KAVITA VISHWAKARMA	SATYA KUMAR	A-410
5	5678224	KUSAL SARKAR	HIRANDRA NATH SARKAR	B-305
6	5750168	NURUN NISHA	GULAM RABBANI	A-205
7	5912384	RIZWAN AHMAD	BABUJAN ANSARI	B-208
8	5780364	RUBI DEVI	SANTOSH KUMAR	H-208
9	5910220	SALMA KHATOON	MAHATAB ALAM	G-307
10	5911364	SHABNAM PRAWEEN	NAUSHAD ALAM	C-303
11	5912888	SUNNY KUMAR	PAPPU PRASAD	D-406
12	5912385	URFI SULTANA	WAKIL AHMAD	B-105
13	5914404	BANTI SAW	TRIJAN SAW	A-303
14	5912136	MINA DEVI	NARESH PRASAD	E-305
15	5914353	RAM SHARAN	BALLI RAM SHARMA	C-306
16	5913964	SHEO SUMAN SAURAV	RAJ KUMAR SINGH	D-407

नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 296302 Urban Development and Housing(23-24).D

मजदूर दिवस पर बीसीसीएल सहित सभी मजदूर संगठनों ने खनिक की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

'मैं हूं धनबाद' संस्था ने मजदूरों को गमछा ओढ़ाकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। सोमवार को जिले भर में मई दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। वहीं श्रमिक चौक स्थित कोयला खनिक की प्रतिमा पर सुबह से बीसीसीएल के अधिकारी, मजदूर यूनियन के नेता, समाजसेवी संगठन, सहित कोयला मजदूरों द्वारा माल्यार्पण के शहीद श्रमिकों को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला चलता रहा। इसके अलावे मजदूरों के सम्मान में समारोह भी आयोजित किये गये।

कोयला खनिक की प्रतिमा पर किया नेताओं ने किया माल्यार्पण

मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) द्वारा रांगाटांड़ स्थित कोयला खनिक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मई दिवस मनाया।

मौके पर मासस के केंद्रीय सचिव हरिप्रसाद पप्पू, जिला सचिव राणा चट्टराज, शुक्ला दास,अशोक राय, भूषण महतो, मोहम्मद इम्तियाज, गोपीनाथ महतो, जय महतो,सुशांत नायक, महेंद्र तूड़ी आदि लोग शामिल थे। वहीं राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ केंद्रीय संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा ने भी कोयला खनिक आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र में लगे संगठित एवं असंगठित मजदूर के प्रति सरकार कि रवैया उदासीन है। राष्ट्र को ऊर्जा प्रदान करने वाले कोयला श्रमिक आज सुरक्षा, न्यूनतम मजदूरी व सम्मान से कोसों दूर है और शोषण का शिकार हो रहे हैं उन्होंने केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों पर अपना विरोध जताया। मौके पर वरुण कुमार, प्रेम किशोर, रानी कुमारी, चंपा देवी, दीपक कुमार के अलावे कई लोग मौजूद थे।

मई दिवस के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

मई दिवस पर झारखंड राज्य बिजली कामगार यूनियन ने झंडोत्तोलन कर मई दिवस के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और जुलूस निकाल आसपास के क्षेत्र का भ्रमण किया। राम कृष्णा सिंह ने मीडिया को बताया कि पहले 15-15 घंटे काम लिया जाता था। प्रबंधन अपने मन मुताबिक कार्य लेता था। शाम को निर्धारित करने के लिए फेडरेशन ऑफ आर्गनाइजेशन ट्रेड एंड लेबर ने अमेरिका के औद्योगिक नगर शिकागो शहर में 1886 में काम का घंटा कम करने के लिए मजदूरों ने शांतिपूर्ण जुलूस निकाला जिसे बौखला कर प्रबंधन आंदोलन को कुचलने के लिए अमानवीय अत्याचार शुरू किया। अंत में गोली चला दिया जिसमें अनेक मजदूर मारे गए थे। आगे उन्होंने कहा कि विद्युत निगम प्रबंधन भूल गया कि कोरोना काल में जब फ्लाइट बंद था, रेल बंद था कोर्ट कचहरी बंद था, लेकिन जान हथेली पर रखकर विद्युत कर्मियों ने विद्युत आपूर्ति जारी रखा। संक्रमित एरिया में जाकर तकनीकी खराबी को दूर किया। इसके बावजूद भी लंबित मांग 6% ऊर्जा भत्ता का भुगतान नहीं किया गया। आगामी 10 जून से प्रस्तावित राज व्यापी आंदोलन को करो या मरो के तर्ज पर लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होंगे।

मजदूर दिवस के मौके पर सामाजिक संस्था 'मैं हूं धनबाद' के सदस्यों ने मजदूरों को गमछा ओढा कर सम्मानित किया। संस्था के विकास सिंह चौधरी ने कहा कि भारत को विश्व का गुरु बनाने की दिशा में देश के मजदूर अपना परिश्रम कर देश को विकसित कर रहे हैं सारे मजदूरों को मजदूर दिवस पर मैं हूं धनबाद संस्था की तरफ से हार्दिक नमन। मजदूरों को सम्मानित करने में संस्था के सनोज कुमार, पूजा रत्नाकर, स्वतंत्र कुमार, कल्पना मैडम, शालिनी मिश्रा, राहुल सिंह, दीपक झा समेत अन्य सदस्य थे।

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement Very Short Notice (2nd Call)
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/15/23-24 Dated 29.04.2023

1-	Name of Work	Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road on existing/Green/Brown Field alignment of 2-Lane/2-Lane with Paved Shoulder/4-Lane configuration from 1. Barlanga to Gola-Muri road 2. Ranchi Railway Station (2nd Approach) to Ranchi Airport 3. from Jumar Bridge (on NH-33) to Lem, including ROB , including replacement of culverts and bridges, construction of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Plan including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Plan and Forest Diversion Proposal etc as required, at Ranchi and Ramgarh Dist in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid.
2-	Tentative Length of Work	04 Km, 05 Km, 05Km
3	Work completion time	45 Days
4	Date and Time of Publishing of Tender on official website	03.05.2023, 05.00 PM
5-	Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD)	11.05.2023, 12.30 PM
6-	Date and Timing of Bid opening	12.05.2023, 12.30 PM
7-	Tender Inviting Authority	Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027
8-	Bid Submission Address	Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004
9-	Mode of Bid Submission	e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)
10-	PR No.	295059 (Road) 23-24

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 296316 Road (23-24)_D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 03 मई, 2023
www.azadsipahi.in

ग्रीष्मकालीन चक्रवात की गति काफी जटिल है, तैयार रहें : नवीन पटनायक

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। दक्षिण बंगोप सागर में एक लघुचाप और उसके बाद आने वाले चक्रवात की संभावना है, इसलिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को दोपहर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ग्रीष्मकालीन चक्रवात की संभावित आवाजाही पर चर्चा की गयी। फनी चक्रवात को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने तैयार रहने के सख्त आदेश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम में आने वाले तूफान का पूवार्नुमान बहुत जटिल होता है। 2019 में फनी तूफान भी अचानक आया और भारी नुकसान हुआ। हमारे लिए सावधिका जीवन अनमोल है। इसलिए हमें बिना देर किए तैयार रहना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि एनडीआरएफ, ओडीआरएएफ और अग्निशमन सेवाओं जैसे राज्य सरकार के सभी विभागों को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए और यदि आवश्यक हो तो सभी लोगों को तटीय और निचले इलाकों से स्थानांतरित कर चक्रवात आश्रय स्थलों में सुरक्षित रखना चाहिए। उन्होंने सभी जरूरी मशीनें और उपकरण तैयार रखने को कहा। उन्होंने तूफान के बाद भी पुनरुद्धार और थईथान कार्यक्रमों की अग्रिम योजना बनाने की सलाह दी। उन्होंने मुख्य सचिव को चक्रवात के संबंध में नियमित समीक्षा करने और विशेष राहत आयुक्त को स्थिति की बारीकी से निगरानी करने और सभी विभागों के समन्वय से काम करने का निर्देश दिया।

मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना ने कहा कि सभी तूफानों में गर्मी के तूफानों का प्रभाव बहुत अधिक होता है। पिछले कुछ वर्षों से हम प्रदेश में जीरो कैजुअल्टी पॉलिसी अपनाने में सफल रहे हैं। इस मामले में भी हमारी नियमित समीक्षा चल रही है और सभी संबंधित विभागों को तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। जिले के अधिकारियों को भी तैयार रहने के निर्देश दिये गये हैं। लगभग 1,000 बात्या आश्रयों स्थली को तैयार किया गया है और अन्य स्कूलों और सुरक्षित आश्रयों स्थली की पहचान की गयी है। विशेष राहत आयुक्त श्री सत्यव्रत साहू ने बताया कि 18 जिलाधिकारियों से चर्चा कर कंट्रोल रूम तैयार किया गया है। तूफान आश्रयों स्थली को चालू किया जा रहा है। एनडीआरएफ की 17 और ओडीआरएफ की 20 टीमों को तैयार रखा गया है।

पुलिस महानिदेशक सुनील बंसल, विकास आयुक्त (जल संसाधन) अनु गर्ग, ग्रामीण विकास एवं ऊर्जा विभाग संजय सिंह और सचिव कृषि विभाग अरविंद पाढ़ी प्रमुख ने अपने-अपने विभागों की प्रस्तुति के संपर्क में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री के सचिव (5-टी) वीके पांडियन ने बैठक का संचालन किये।

पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर ने पुरस्कृत किया

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। मजदूर वर्ग द्वारा किये गये योगदान और बलिदान का सम्मान करने के लिए 1 मई को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय रेलवे की दैनिक गतिविधियों में श्रमिकों का बहुत योगदान है। भारत के कुल श्रमिकों में से, बड़ी संख्या में श्रमिक भारतीय रेलवे में कार्यरत हैं।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया और उत्कृष्ट कार्य के लिए 14 कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की अध्यक्ष अंजनी सिंह ने सभा को संबोधित किया और समाज में श्रमिकों की भूमिका की सराहना की और आशा व्यक्त की सभी श्रमिक अपना उत्कृष्ट कार्य जारी रखेंगे। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्ष रुचिका सिंह, और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

ओड़िशा राजभवन में महाराष्ट्र और गुजरात स्थापना दिवस मनाया गया

इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल एवं गुजराती समाज के तरफ से राज्यपाल का समर्धित किये

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के निर्माण के उद्देश्य से राज्य में अन्य राज्यों के स्थापना दिवस के सिलसिले में मंगलवार को राजभवन में महाराष्ट्र और गुजरात राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने राजभवन के अभिषेक हॉल में आयोजित भावनात्मक कार्यक्रम में शिरकत की और स्थापना दिवस के अवसर पर ओडिशा गुजरात समाज और महाराष्ट्र मंडल, ओडिशा के कार्यकर्ताओं और सदस्यों को बधाई दी।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से अन्य राज्यों की संस्कृति, परंपरा और सार्वजनिक जीवन के बारे में अधिक ज्ञान प्राप्त करने से राज्यों के बीच बेहतर समझ और संबंध बढ़ेंगे और यह भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करेगा. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और गुजरात ने राष्ट्र की प्रगति और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उद्घाटन दिवस पर उन्होंने राज्य और राष्ट्र के सम्मान और गौरव को बढ़ाने के लिए नए संकल्प लेने को कहा। राज्यपाल ने ओड़िशा में कार्य और कार्यक्रमों सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी के लिए महाराष्ट्र मंडल और गुजराती समाज दोनों की सराहना की।

महाराष्ट्र मंडल और गुजराती समाज के कार्यकर्ताओं और सारे सदस्योंको, उनके परिवारों ने राज्यपाल को अपना परिचय दिया और ओड़िशा में अपने प्रवास के दौरान सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने और राज्य और लोगों के साथ संबंध बनाने के अवसरों और सुखद अनुभवों का वर्णन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल एवं गुजराती समाज के तरफ से राज्यपाल का समर्धित किये।

इस कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव शाश्वत मिश्र सहित राजभवन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

नवीन जिंदल ने एएफएमसी पुणे में 108 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया

आजाद सिपाही संवाददाता

पुणे/नयी दिल्ली। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया (एफएफओआइ) गर्व और सम्मान के साथ प्रतिदिन राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रीय ध्वज के माध्यम से देशभक्ति प्रदर्शित करने के लिए नागरिकों को जागरूक करने का अपना अभियान निरंतर चला रहा है और इसी मिशन के तहत सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी), पुणे के प्लेटिनम जुबली समारोह में फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन जिन्दल ने 108 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर उसे राष्ट्र को समर्पित किया। 1 मई, 1948 को स्थापित एएफएमसी एक प्रसिद्ध चिकित्सा संस्थान है, जो चिकित्सा और नर्सिंग छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करता है। आज यहां विशालकाय राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाने के अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में राज्यसभा सांसद लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डीपी वत्स, डीजी-एएफएमएस लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह और एएफएमसी, पुणे के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नरेंद्र कोतवाल सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में नवीन जिंदल ने प्लैटिनम जुबली समारोह का हिस्सा बनाये जाने पर आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्र की सेवा में एएफएमसी की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय ध्वज देश के नागरिकों के बीच एकता और समानता का प्रतीक है। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया हर घर तिरंगा-हर दिन तिरंगा के उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय ध्वज में निहित संदेश को घर-घर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। एक बातचीत में उन्होंने कहा कि फ्लैग फाउंडेशन राष्ट्रभक्ति के उद्देश्य से एक शपथ अभियान चला रहा है, मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि एफएफओआइ की वेबसाइट पर जायें और शपथ लें। अपने परिवार, रिश्तेदार को भी शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

श्री जिंदल ने कहा कि जब हम अपने राष्ट्रीय ध्वज के नीचे खड़े होते हैं, तो हमें इस राष्ट्र को महान बनाने के लिए एक नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को पहचानना चाहिए। तिरंगा हमें यह भी याद दिलाता है कि देश और ध्वज से बढ़ कर कुछ भी नहीं है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वस्थ रहने के गुर भी दिये और जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों को दूर रखने के लिए भोजन में संयम रखने के उपाय भी बताये।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद और एएफएमसी के पूर्व निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ डीपी वत्स ने कहा कि मैं देश भर में विशालकाय राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने के लिए नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य की सराहना करता हूं। मैं चाहता हूं कि स्कूलों के पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के बारे में एक अध्याय हो ताकि आने वाली पीढ़ियां भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को जान सकें।

एमसीएल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किये गये सम्मानित

संबलपुर (आजाद सिपाही)। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड(एमसीएल) ने एक मई को खनिक दिवस पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कोयला खनिकों को सम्मानित किया गया। तालचेर कोयलांचल अंतर्गत जगन्नाथ एरिया ने खनिक दिवस कार्यक्रम की मेजबानी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेके बोराह, निदेशक(तकनिकी) ने दीप प्रज्ज्वलन किया। एके बेहुरा, निदेशक(वित्त), एमसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, टेज्ड युनियन एवं अधिकारी संघ के प्रतिनिधि गण तथा खनिक कर्मी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एमसीएल के 150 से अधिक खनिक श्रमवीरों को भिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। श्री बोराह ने अपने संबोधन में कोयला खनिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खनिकों के कठिन परिश्रम के फलस्वरुप ही आज एमसीएल कोयला उत्पादन और प्रेषण में पहले पायदान पर है और देश के ऊर्जा क्षेत्र में कोयला की बढ़ती मांग को पूरा कर रहा है। लखनपुर ओपनकास्ट परियोजना को सर्वश्रेष्ठ ओपन कॉस्ट प्रोजेक्ट और एचबीआई ओरिएंट एरिया को सर्वश्रेष्ठ भूमिगत खदान का पुरस्कार मिला। इसके साथ ही हिंगुला एरिया को समग्र प्रदर्शन में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र के लिए विख्यात मालपुरी ट्राफी से नवाजा गया। कार्यक्रम के अंत में ओड़िसा के लोक कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहीं।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**